राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

10 अमेरिकी दौरे पर गोयल ने दिग्गज कंपनियों के सीईओ से की मुलाकात

ईरान परमाणु समझौते से हटने का ट्रंप प्रशासन का फैसला बड़ी रणनीतिक... 12

वर्ष : 10 | अंक : 239 | पटना, बुधवार, 11 जनवरी, 2023 | पौष शुक्ल एकादशी, विक्रम संवत् 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

आम आवाम के हित में राजस्व संबंधी कार्यों में तेजी लायें पदाधिकारी: आलोक मेहता

- सरकार खेल और खिलाड़ियों को हर स्तर पर प्रोत्साहित करेगी : जितेंद्र राय
- राजद कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्रीद्वय

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक कुमार मेहता ने कहा कि बिहार के राजस्व अधिकारी आम जनता के हित में राजस्व संबंधी कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि बिहार के आम-आवाम जमीन -जायदाद का बंटवारा पंचायत कोर्ट और 100 रुपये के स्टांप पेपर पर रजिस्ट्री ऑफिस जाकर बंटवारे का कार्य समय पर पूरा करा लें, जिससे दाखिल खारिज जल्द से जल्द हो सके। जिससे भू-अर्जन के बाद मुआवजा का भुगतान भी आसानी से हो जाए।

मंत्री ने जमीन-विवादों की वजह से आपसी टकराव को समाप्त करने के लिए पदाधिकारियों और आम जनता से सहयोग की भी अपील की। श्री आलोक मेहता

मंगलवार को राजद प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान उक्त बातें कही।

इस अवसर पर मंत्री जितेंद्र कुमार राय ने कहा कि जो खिलाड़ी ऑल इंडिया खेल कर आए हुए हैं उन्हें इंटर यूनिवर्सिटी खेल में भाग लेने की अनुमति मिलनी चाहिए, इस संबंध में पटना यूनिवर्सिटी के कुलपति से खेल और खिलाड़ियों के हित में इन सभी को इंटर यूनिवर्सिटी खेल में भाग लेने की अनुमति प्रदान करने की मांग की है। मंत्री ने कहा कि महागठबंधन सरकार खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए लगातार कार्यरत है।

दरअसल, बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के विचारोंनुरूप सुनवाई हुई। जिसमें राजस्व, भूमि सुधार तथा गन्ना उद्योग मंत्री आलोक कुमार मेहता और कला संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री जितेंद्र कुमार राय ने सुनवाई करते हुए प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में संबंधित विभाग एवं विभिन्न जिला के पदाधिकारियों को कार्रवाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि आज करीब 60 लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रतिवेदन मंत्री द्वय के समक्ष रखा। जिसे दोनो मंत्री ने सुनकर कार्रवाई की। और आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभाग और जिला के अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार राम ,निर्भय कुमार अंबेडकर सहित अफरोज आलम, मुकुंद सिंह एवं मनोज यादव ने सुनवाई कार्यक्रम में सहयोग किया।

बाजार

सोना	55,291
चांदी	55,300
सेंसेक्स	54,306
निफ्टी	22,503

संक्षिप्त खबरें

मुख्यमंत्री ने अस्पताल जाकर डॉ एसएन आर्या का कुशलक्षेम पूछा

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रख्यात चिकित्सक पद्मश्री डॉ एसएन आर्या का कुशलक्षेम जानने जयप्रभा मेदांता अस्पताल, पटना पहुंचे। जयप्रभा मेदांता अस्पताल पहुंचकर मुख्यमंत्री ने पद्मश्री डॉ एसएनआर्या से उनका हालचाल जाना तथा चिकित्सा कर रहे चिकित्सकों से इलाज के बारे में भी अद्यतन जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने पद्मश्री डॉ एसएन आर्या के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कटिहार में भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत पर जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कटिहार जिले के गेड़ाबाड़ी-कटिहार एनएच- 81 पर दिघरी पेट्रोल पंप के पास हुयी भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

राज्यपाल ने स्व गुलाम सरवर की जयन्ती के अवसर पर उन्हें नमन किया

पटना। राज्यपाल फागू चौहान ने स्व गुलाम सरवर की जयन्ती के अवसर पर राजभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू भी उपस्थित थे।

शक्षक भर्ती घोटाला : सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ बंगाल सरकार की याचिका खारिज की

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने प्राथमिक विद्यालयों में 42,000 से अधिक सहायक शिक्षकों के चयन में अनियमितताओं की सीबीआई जांच की मांग वाली एक जनहित याचिका की विचारणीयता को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। जस्टिस एस.के. कौल और ए.एस. ओका ने कहा कि वह पिछले साल जुलाई में पारित हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं है और राज्य सरकार के वकील से कहा कि राज्य सरकार हाईकोर्ट के समक्ष अपना बचाव कर सकती है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी), 2014 के आधार पर प्राथमिक विद्यालयों में सहायक शिक्षकों की भर्ती में अनियमितता का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट के समक्ष एक याचिका दायर की गई थी।

इक्कीसवीं सदी के कौरव खाकी हाफ पैंट पहनते हैं : राहुल गांधी

- मैं आपको 21वीं सदी के कौरवों के बारे में बताऊंगा। वे खाकी निकर पहनते हैं, हाथ में लाठी लेकर चलते हैं और शाखाएं लगाते हैं

कुरुक्षेत्र/अम्बाला, एजेंसी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आजकल भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं। यात्रा के दौरान वह काफी अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। राहुल भाजपा और आरएसएस पर भी लगातार हमला बोलते ही रहते हैं। कांग्रेस सांसद को लोगों का काफी समर्थन भी मिल रहा है। कई राज्यों में यात्रा करने के बाद अब भारत जोड़ो यात्रा हरियाणा में प्रवेश कर चुकी है। बता दें कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा सोमवार शाम अंबाला पहुंची। यहां उन्होंने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी पर जुबानी हमला बोला। राहुल गांधी ने आरएसएस कार्यकताओं को 21वीं सदी के कौरव करार दिया।

कांग्रेस सांसद ने भाजपा-आरएसएस पर साधा निशाना

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधते हुए इसके स्वयंसेवकों को 21वीं सदी के कौरव करार दिया और आरोप लगाया कि ये कभी हर हर महादेव और जय सिया राम नहीं कहते क्योंकि वे लोग भारतीय मूल्यों और तपस्या के विरुद्ध हैं। उन्होंने आरएसएस का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा, कौरव कौन थे? पहले मैं आपको 21वीं सदी के कौरवों के बारे में बताऊंगा। वे खाकी निकर पहनते हैं, हाथ में लाठी लेकर चलते हैं और शाखाएं लगाते हैं। भारत के दो-तीन सबसे अमीर अरबपति इन कौरवों के साथ खड़े हैं।

अमृतसर पहुंची भारत जोड़ो यात्रा, राहुल गांधी ने स्वर्ण मंदिर में माथा टेका

चंडीगढ़/नई दिल्ली पंजाब में भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को दरबार साहिब नतमस्तक हुए। राहुल गांधी का अमृतसर जाने का कोई कार्यक्रम नहीं था, लेकिन सोमवार की रात उनके कार्यक्रम में बदलाव किया गया, जिसके बाद वह आज सुबह अमृतसर पहुंचे। पंजाब कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग तथा नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने उनका स्वागत किया। हवाई अड्डे पर ही राहुल को केसरी पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद कांग्रेस नेताओं के साथ राहुल गांधी दरबार साहिब पहुंचे। यहां राहुल गांधी ने माथा टेका और कीर्तन भी सुना। इस दौरान प्रताप सिंह बाजवा उनके बेहद करीब रहे और उन्हें दरबार साहिब के बारे में जानकारी देते रहे। राहुल गांधी की पंजाब यात्रा बुधवार को शुरू होगी। राहुल गांधी गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब में माथा टेकेंगे। इसके बाद सुबह साढ़े 6 बजे फ्लैग हेंडओवर सेरेमनी होगी और सुबह 7 बजे ही सरहिंद की दाना मंडी से पद यात्रा शुरू कर दी जाएगी। राहुल गांधी 20 जनवरी तक पंजाब में रहेंगे। सुरक्षा एजेंसियों के अलर्ट के बाद राहुल गांधी पंजाब में ज्यादातर सफर गाड़ी से ही करेंगे।

भारत की संस्कृति के खिलाफ काम कर रही भाजपा

उन्होंने कहा, आरएसएस के लोग कभी हर हर महादेव नहीं बोलते। मैंने इस बारे में सोचा। क्योंकि भगवान शिव तपस्वी थे और वे (आरएसएस) भारत की तपस्या पर हमला कर रहे हैं, इसलिए वे हर हर महादेव नहीं कह सकते। राहुल ने कहा, वे कभी जय सिया राम नहीं कहते। उन्होंने इसमें से सीताजी को निकाल दिया है। उन्होंन हमारे इतिहास और मूल्यों के खिलाफ काम किया है। और जब कोई कांग्रेस कार्यकर्ता किसी आरएसएस कार्यकर्ता से मिले तो उसे जय सिया राम कहना चाहिए क्योंकि सीता भी राम की तरह स्थान रखती हैं। उन्होंने कहा, लोग यह नहीं समझते, लेकिन उस समय जैसा युद्ध हुआ था, वैसा ही आज है। यह किसके बीच है? पांडव कौन थे? अर्जुन, भीम....वे तपस्या करते थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि क्या लोगों ने कभी इस धरती पर पांडवों के नफरत फैलाने और बेगुनाहों के खिलाफ कभी कोई अपराध करने के बारे में सुना है।

नोटबंदी, जीएसटी को लेकर भी पूछे सवाल

उन्होंने कहा, एक तरफ ये पांच तपस्वी थे और दूसरी तरफ एक भीड़। पांडवों के साथ सभी धर्मों के लोग थे। इस (भारत जोड़ो) यात्रा की तरह ही, जिसमें कोई किसी से नहीं पूछता कि कहां से आये हो। यह मोहब्बत की दुकान है। पांडव अन्याय के खिलाफ खड़े रहे, उन्होंने भी नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोली थी। महाभारत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, क्या उस समय के धनवान पांडवों के साथ थे? अगर ऐसा होता तो पांडवों को जंगलों में क्यों घूमना पड़ता। पांडवों को घरों से बाहर क्यों निकाला गया, क्योंकि उनके साथ अमीर लोग नहीं थे। लेकिन इस देश के किसान, गरीब, छोटे दुकानदार उनके साथ खड़े थे। यह तपस्वियों का देश है। राहुल ने कहा, नोटबंदी, गलत जीएसटी किसने लागू की, कृषि कानून कौन लाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन फैसलों पर हस्ताक्षर किये, लेकिन भारत के दो-तीन अरबपतियों की ताकत इसके पीछे थी। आप मानें या नहीं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रवासी सम्मेलन के दौरान सूरीनाम के राष्ट्रपति से की मुलाकात

इंदौर/नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के इंदौर में सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने और व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और संस्कृति में सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की। राष्ट्रपति संतोखी और उनके शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि 17वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में उनकी भागीदारी देखकर प्रसन्नता हो रही है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सूरीनाम में भारतीय समुदाय ने भारत छोड़ने के 150 साल बाद भी अपनी सांस्कृतिक पहचान बनाए रखी है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सूरीनाम इस साल जून माह में भारतीयों के आगमन की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है और उन्होंने इस समारोह की सफलता की कामना की। उन्हें यह जानकर गर्व हुआ कि इतनी बड़ी भौगोलिक दूरी के बावजूद, सूरीनाम में व्यापक रूप से हिंदी बोली जाती है।

प्रदेश में शीतलहर व ठंड का सितम जारी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में शीतलहर व भीषण ठंड का सितम जारी है। कंपकपाती ठंड से जनजीवन पूरी तरह प्रभावि है। ठंड कम होने का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मंगलवार को दोपहर बाद धूप तो निकली, लोगों में उत्सुकता बढ़ गई। हालांकि सर्द हवाओं ने धूप की तपिश को वहीं, मौसम विभाग की माने तो फिलहाल ठंड से राहत की कोई गुंजाइश नहीं है। ठंड ने लोगों की दिनचर्या बिगाड़ दी है। अलसाए लोग देर से बिस्तर छोड़ रहे हैं। ब्लोअर व हीटर के साथ-साथ गर्म कपड़े की मांग बढ़ गई है। वहीं, फुटपाथी व सामान्य लोग अलाव के सहारे जिंदगी गुजार रहे हैं। समाजसेवी द्वारा गरीबों के बीच कंबल बांटे जा रहे हैं। पशु पक्षियों का भी बुरा हाल है। दरअसल, पूरे प्रदेश में कड़ाके की ठंड का प्रभाव बना हुआ है। न्यूनतम तापमान में गिरावट होने के कारण कोल्ड डे यानी कड़ाके की ठंड का प्रभाव बना रहा। राजधानी समेत आसापस के इलाकों में दोपहर के समय चार दिनों बाद हल्की धूप निकली। वहीं प्रदेश के भागलपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा में कड़ाके की ठंड का प्रभाव बना रहा। कोहरे की वजह से कई ट्रेनें लेट चल रही हैं।

वाई 20 की तर्ज पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव में युवा सम्मेलन

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्नाटक के हुबली और धारावाड़ में होने वाले 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में वाई 20 की तर्ज पर युवा शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। केंद्रीय खेल और युवा मामले मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को यह घोषणा की। गौरतलब है कि भारत की मेजबानी में इस साल के अंत में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के साथ-साथ युवाओं के लिये वाई 20 (यूथ 20) सम्मेलन का आयोजन होगा। इस आयोजन में युवाओं को जलवायु परिवर्तन और आपदा जोखिम जैसे विषयों पर नीतिगत सुझाव देने का अवसर मिलेगा। श्री ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पांच-दिवसीय युवा महोत्सव में होने वाले युवा शिखर सम्मेलन में कार्य और उद्योग के भविष्य, जलवायु परिवर्तन, शांति स्थापना, लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा की जायेगी। श्री ठाकुर ने कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा, भारत को जी20 की मेजबानी मिलना हम सबके लिये गर्व की बात है। जी20 के अंतर्गत यूथ 20 की बैठकें देशभर में होंगी। हमारा प्रयास होगा कि युवा महोत्सव में जो युवा आयेंगे, उन्हें यूथ 20 की जानकारी दें और जब वे अपने राज्य वापस जायें तो देश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों यूथ टॉक्स का आयोजन हो। जी20 में जहां दुनियाभर के नेता अपनी बात रखेंगे, हम उसे यूथ 20 के माध्यम से भारत भर में पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

श्री ठाकुर ने बताया कि 12 दिसंबर को शुरू होने वाले युवा महोत्सव का उद्घाटन समारोह प्रधानमंत्री मोदी 30,000 युवाओं की उपस्थिति में करेंगे। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव में देशभर से 7500 छात्र हिस्सा लेंगे।

अमेरिकी दौरे पर गोयल ने दिग्गज कंपनियों के सीईओ से की मुलाकात

न्यूयॉर्क, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को अग्रणी वैश्विक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों और उद्योग हितधारकों के साथ मुलाकात में भारत में निवेश की व्यापक संभावनाओं और अमेरिका के साथ व्यापारिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर आए गोयल ने निवेश एवं वित्तीय क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ कई बैठकें कीं। इनमें टिकाऊ भवन समाधान मुहैया कराने वाली कंपनी जॉनसन कंट्रोल्स के चेयरमैन एवं सीईओ जॉर्ज ओलीवर, निवेश प्रबंधन कंपनी ब्लैकस्टोन के चेयरमैन एवं सीईओ स्टीफन श्वार्जमान, मास्टरकार्ड के सीईओ माइकल मीबाक और निवेश फर्म कोल्बर्ग क्रेविस रॉबर्ट्स एंड कंपनी के सह-संस्थापक हेनरी क्रेविस शामिल हैं। इन मुलाकातों के बाद गोयल

ने अपने कई ट्वीट्स में बताया कि इन दिग्गज कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ उन्होंने भारत में निवेश की संभावनाओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान कारोबार के नए क्षेत्रों की पहचान पर भी जोर दिया गया। बाद में गोयल ने अमेरिकी शेयर बाजार नैसडेक में अमेरिका-भारत कारोबार परिषद की तरफ से आयोजित एक गोलमेज बैठक में भी हिस्सा लिया। इस मौके पर गोयल ने भारत के शानदार आर्थिक कायाकल्प एवं व्यापक संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा, भारत और अमेरिका के मजबूत होते आर्थिक संबंध और बढ़ते निवेश से हमारी द्विपक्षीय साझेदारी को नई गतिशीलता मिल रही है।

सम्मेलन जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले-मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री से टाल विकास योजना का प्रस्ताव रखा था लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया गया

मोकामा टाल क्षेत्र के विकास के लिए उदासीनता दिखा रही केंद्र सरकार : ललन सिंह

नौवहन शुरू करने पर बोलें - गंगा में पहले गाद प्रबंधन की आवश्यकता

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने एक बार फिर केन्द्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। श्री सिंह ने मंगलवार को केंद्र की मोदी सरकार पर बिहार की उपेक्षा का आरोप लगाया। कहा कि बिहार के मोकामा टाल क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र सरकार लगातार उदासीनता दिखा रही है।

वहीं, मोदी सरकार में शामिल मंत्री टाल क्षेत्र में आकर जुमलेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी के हालिया मोकामा दौरे की ओर इशारा करते हुए मोदी सरकार पर टाल क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया। ललन सिंह ने ट्विट कर याद दिलाया कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोकामा आए थे तब कैसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनसे टाल विकास योजना का प्रस्ताव रखा था लेकिन मोदी सरकार ने उस पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने अपने ट्विट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में खुले मंच से मुख्यमंत्री ने टाल क्षेत्र के समुचित विकास के लिए केंद्र से 1892 करोड़ की विकास योजना का प्रस्ताव रखा था। लेकिन बिहार और टाल क्षेत्र के प्रति केंद्र सरकार की लगातार उदासीनता के कारण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार सरकार के खजाने से 1600 करोड़ की योजना स्वीकृत की और टाल क्षेत्र में विकास का काम शुरू करवाया। बड़का झुठ्ठा पार्टी के नेता और मंत्री टाल क्षेत्र में आकर सिर्फ. जुमलेबाजी करते हैं। वहीं, गंगा नदी में नौवहन शुरू करने की केंद्र की योजना पर ललन सिंह ने कहा कि गंगा में पहले गाद प्रबंधन की आवश्यकता है। गंगा में गाद की जो स्थिति है उससे जहाज के सुचारू रूप से चलने में परेशानी होगी। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों जब गंगा नदी का जलस्तर बढ़ता है तब बक्सर से पटना आने में पानी को जितना समय लगता है उससे तीन गुणा अधिक समय पटना से साहेबगंज और फरक्का पहुंचने में लगता है। ऐसे में नदी में नौवहन के पहले गाद प्रबंधन की जरूरत है। केंद्र की मोदी सरकार पर नीतीश कुमार के कामों का अनुसरण करने की बात करते हुए

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने जीविका शुरू की तो मोदी ने उसे ही आजीविका नाम देकर देश में लागू किया। नीतीश कुमार ने नल-जल योजना की शुरूआत की। उसे ही 2019 में पीएम मोदी ने लागू किया। यहां तक कि पीएम मोदी ने नीतीश कुमार को कहा कि आप कुछ पैसे लेकर बिहार की नल-जल योजना को केंद्र के नाम कर दें।

ललन ने कहा कि नीतीश कुमार में प्रधानमंत्री बनने की सारी योग्यता मौजूद है। लेकिन वे प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नहीं है। ललन सिंह ने कहा कि सभी दल मिल बैठकर यह तय करेंगे कि प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा। ललन सिंह ने नीतीश कुमार की प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी को मनगढंत बताया है। उन्होंने कहा कि हमने ऐसा कभी नहीं कहा है। हमने हमेशा से यही कहा है कि इस देश का प्रधानमंत्री बनने के लिए जो गुण किसी व्यक्ति में होने चाहिए वह सारे गुण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास है। इसके अतिरिक्त हम लोगों ने कुछ भी नहीं कहा है। 2024 के चुनाव को लेकर विपक्षी दलों को एकजुट करने में लगे हुए हैं। सभी विपक्षी दलों को एकजुट कर बीजेपी के खिलाफ मैदान में उतरेंगे। सभी पार्टियां मिलकर तय करेंगी कि विपक्ष का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा और देश का नेतृत्व कौन करेगा। वहीं पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह पर आरजेडी की तरफ से कार्रवाई नहीं होने के सवाल पर ललन सिंह ने कहा कि यह आरजेडी की अंदरूनी मामला है और इसके बारे में राजद के प्रदेश अध्यक्ष और उसके नेता ही बोल सकते हैं। वहीं इस दौरान सुशील मोदी पर हमला बोलते हुए ललन सिंह ने कहा कि सुशील मोदी बिहार के बहुत बड़े नेता है और वे कुछ भी बोल सकते हैं। लोग तो यह भी कह रहे हैं कि जेपी नड्डा बिहार आए थे तो सुशील मोदी को निमंत्रण तक नहीं दिया गया।

संक्षिप्त खबरें

एनएमसीएच में नगर निगम ने जलाया अलाव

पटना सिटी (प्राकि) पटना नगर निगम के अजीमाबाद अंचल की ओर से एनएमसीएच में मरीज के परिजनों के अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। कार्यपालक पदाधिकारी मो नुरुल हक शिवानी ने बताया कि अस्पताल के इमरजेंसी व शिशु रोग विभाग के पास अलाव जलाया गया है। इसके अलावा अस्पताल गेट के बाहर और चिह्नित नौ प्वाइंट पर अजीमाबाद अंचल की ओर से अलाव जलाया जा रहा है। नगर निगम सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी मो फिरोज ने बतया कि अंचल में रैन बसेरा मोड़, चौकशिकारपुर रैन बसेरा और पटना साहिब स्टेशन के पास सहित 11 स्थान पर अलाव जलाया गया है।

सफाई मित्रों को किया गया सम्मानित

पटना सिटी (प्राकि)। नगर निगम वार्ड संख्या 47 के पार्षद सतीश कुमार की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें वार्ड के सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सफाई निरीक्षक लालबाबू मेहता ने किया। आयोजन में सफाई पर्यवेक्षक राजीव कुमार, रोशन कुमार, प्रदीप कुमार, विशाल कुमार के साथ मनोज चौहान, आलोक रंजन, संतोष, कक्कू सहित अन्य उपस्थित थे। पार्षद सतीश ने कहा कि स्वच्छता मिशन के अभियान में जिस तरह से सफाई मित्र जुटे हैं, उनका सम्मान जरूरी है।

अल्लंल्ल डी2ँ: डेढ़ माह से लापता किशोर का सुराग नहीं

पटना सिटी (प्राकि)। अगमकुआं थाना क्षेत्र के भूतनाथ रोड में रहने वाले अमित पासवान का 16 साल का बेटा रौशन कुमार 26 नवंबर से लापता है। लापता किशोर के परिजनों ने गुमशुदगी का मामला थाना में दर्ज कराया था। पिता ने बताया कि वह भूतनाथ रोड पानी टंकी के पास स्थित एक होटल में काम करता है। वह घर से होटल जाने की बात कह कर निकला था। इसके बाद से वह लापता है। काफी खोजबीन के बाद थाना में मामला दर्ज कराया गया। पुलिस सहयोग नहीं कर रही है। इसके बाद उच्चधिकारियों से मिलकर बेटे की बरामदगी की गुहार लगाया है।

जिलाधिकारी ने रैन बसेरा का किया निरीक्षण

पटना सिटी (प्राकि)। पटना नगर निगम अजीमाबाद अंचल की ओर से गायघाट पुल के नीचे स्थित सौ बेड के स्थायी रैन बेसरा का निरीक्षण जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह ने सोमवार की रात को किया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान वहां रह रहे लोगों से मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान निर्देशित किया कि रैन बसेरा में रहने वालों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी मो नुरुल हक शिवानी और मुख्य सफाई निरीक्षक राजीव कुमार भी थे। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि रैन बसेरा में रात गुजारने वालों के लिए दो कंबल मुहैया कराया जाता है। अन्य सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

परमेश्वर मेहता के निधन पर शोक

पटना सिटी (प्राकि)। मुसल्लाहपुर निवासी और पाटलिपुत्रा नगर विकास समिति के संरक्षक परमेश्वर मेहता का निधन हो गया। पिछले एक सप्ताह से ब्रेन हेमरेज के कारण मेदांता अस्पताल में इलाजरत थे। वे एक दृढ़निश्चय, सामाजिक और गरीबों के मसीहा थे, जिसके कारण पूरा मुसल्लाहपुर बाजार समिति इन्हें बाबू के नाम से पुकारता था। ये एक जिंदादिल इंसान थे। अपने अंतिम समय इन्होंने कुम्हरार गुमटी के पास परमेश्वर मेहता कॉम्युनिटी हॉल लोगों की सेवा में बनाया, जो इनकी अंतिम समय की निशानी के रूप में याद किया जाएगा। इनके अचानक चले जाने से पूरा मुसल्लहपुर, बाजार समिति और पाटलिपुत्रा नगर विकास समिति के हर कोई अचंभित, हतप्रभ और शोकाकुल है। इनके निधन पर समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार बबलू, भुट्टो खान, वरुण कुमार, राजेश रमण, सुधीर, हलीम जाफर, कृष्ण नारायण शुक्ला, नरोत्तम कुमार साम्राज्य, कुमार गौरव, सुशील, चंद्रकांत, अजीत कुमार, नवनिर्वाचित पार्षद जयप्रकाश गुप्ता, इंद्रदीप चंद्रवंशी, आदि मेहता आदि ने शोक जताया है।

गठिया के इलाज के लिए हर महीने लग रहा विशेष क्लिनिक, दिल्ली से फिर 13 जनवरी को आएंगे गठिया रोग विशेषज्ञ- डॉ. आशीष सिंह

प्रात :किरण संवाददाता

पटनाः गठिया एक ऐसी आम बीमारी है जो बड़ी संख्या में लोगों को परेशान करती है। गठिया का शुरू में इलाज करना बहुत जरूरी होता है और अगर ध्यान नहीं दिया जाए तो यह धीरे-धीरे पूरे शरीर पर असर डाल सकता है। यह बातें रूमेटोलॉजिस्ट डॉ राजीव रंजन कुमार ने अनूप इंस्टीट्यूट आफ ऑथोर्पेडिक्स एंड रिहैबिलिटेशन, पीसी कॉलनी, कंकड़बाग पटना में आयोजित विशेष क्लिनिक में हिस्सा लेने के बाद कही।

इसका आयोजन विशेष रूप से प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ और एआईओआर के मेडिकल निदेशक आशीष कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस विशेष क्लिनिक का उद्देश्य गठिया से परेशान लोगों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों से निजात दिलाने के लिए किया गया। सबसे बड़ी बात कि इस तरह का ये विशेष क्लिनिक हर महीने अनूप इंस्टीट्यूट आफ ऑथोर्पेडिक्स एंड रिहैबिलिटेशन, पीसी कॉलनी, कंकड़बाग पटना में आयोजित किया जाएगा।

जनवरी 13 को फिर इस क्लिनिक का आयोजन होगा, जिसमें रुमेटोलॉजिस्ट डॉक्टर राजीव रंजन कुमार गठिया से परेशान लोगों की जांच करेंगे और उचित इलाज की जाएगी। ये बातें डॉक्टर आशीष सिंह ने बताई। वहीं डॉक्टर राजीव रंजन कुमार ने बताया कि गठिया एक लक्षण है। जैसे बुखार एक लक्षण होता है। बुखार के कई कारण होते हैं। जैसे मलेरिया, टाइफाइड। तो ऐसे ही सौ से भी ज्यादा बीमारियां जो गठिया करवाती है। इसका सबसे प्रमुख जो कारण है उसे ऑटो इम्यून डिजीज कहते हैं।

हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है वह हमारे शरीर के ऑर्गन को नुकसान पहुंचाते हैं कई ऑटो डिजीज ज्वाइंड को डैमेज करते हैं

और गठिया करवाते हैं। गठिया एक लक्षण है यह कई सारी बीमारियों से होता है और कुछ बीमारियां खतरनाक होती है। इसके लक्षण को जल्दी पहचान कर इलाज कराना जरूरी होता है नहीं तो धीरे-धीरे पूरे शरीर में फैलने लगता है और काफी सारे ऑर्गन को डैमेज करने लगता है। डॉक्टर राजीव रंजन ने बताया कि बिहार में गठिया के मरीज ज्यादा है।

जहां तक गठिया होने की बात है तो मोटापा, स्मोकिंग, वायरल इनफेक्शन, पोलूशन भी कारण है। जहां तक गठिया से बचने की बात है तो बहुत ज्यादा चीनी या नमक का सेवन, जंक फूड, तैलीय और वसा युक्त भोजन यह सब गठिया के लिए रिस्क फैक्टर माने जाते हैं। यह धीरे-धीरे अर्थराइटिस को क्रिएट कर देते हैं। इसके अलावा अगर किसी को बार-बार इंफेक्शन हो रहा है तो यह भी गठिया का कारण हो सकता है। अगर इससे बचना है तो हेल्दी डायट, रेगुलर एक्सरसाइज, जीवन शैली में बदलाव और मोटापे को कम करना होगा जिससे इंफेक्शन कम हो। गठिया किसी भी उम्र में हो सकता है। कुछ अर्थराइटिस बच्चों में कॉमन है तो कुछ युवाओं में तो कुछ बुजुर्गों में। ओस्टियोआर्थराइटिस को हम लोग बुढ़ापे की गठिया कहते हैं। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है तो जोड़ों में लचीलापन कम होने लगता है, ये टूटने लगते हैं।

ऑटोइम्यून डिजीज और इन्फ्लेमेशन से संबंधित गठिया बच्चों में होते हैं।

युवाओं में आजकल काफी ज्यादा गठिया देखा जा रहा है। गठिया के होने की पहचान के बारे में डॉक्टर राजीव रंजन कुमार ने बताया कि शरीर के हर जोड़ों में दर्द होना, सुबह उठने के बाद जकड़न, दर्द अनुभव हो और यह आधे घंटे से ज्यादा रह रहा है तो उसे नजरअंदाज न करें। 40 साल पहले तक गठिया के इलाज के लिए ब्गठिया के इलाज के लिए हर महीने लग रहा विशेष क्लिनिक।

यूरिया की कमी पर चिंता, कृषि विभाग में भ्रष्टाचार, कालाबाजारी पर रोष

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। भाजपा किसान मोर्चा की ओर से फतुहा के पुनाडीह पंचायत में किसान पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें यूरिया और डीएपी खाद की कालाबाजारी पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। किसान पंचायत में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सह भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद सदस्य संजीव कुमार यादव ने कहा कि नीतीश सरकार केंद्र सरकार को बदनाम करने के लिए जान-बूझकर यूरिया की आपूर्ति में बाधा डाल रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अब तक 3 लाख मीट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति बिहार के किसानों के लिए की, लेकिन राज्य सरकार न इसका वितरण करा पा रही है, न कालाबाजारी रोक पा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा फतुहा (ग्रामीण) के पूर्व महामंत्री अर्जुन यादव ने की। पंचायत कार्यक्रम में कुमार इंदू शेखर, अरुण कुमार, नवल किशोर सिंह, शिवधर प्रसाद, रामध्यान सिंह, सुखदेव प्रसाद, कारु पासवान, बालेश्वर यादव, मदन यादव, करण सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

बिहार की जनता का राज्य सरकार से भरोसा उठा : पारस

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि नीतीश के यात्रा को मैं विरोधी नहीं हूँ मगर नीतीश जी के यात्रा में जनता की कोई भागीदारी नही मिलने के कारण कोई जनसभा नहीं कर पा रहे हैं, सिर्फ बड़े पदधिकारियों को लेकर घूम रहे हैं। श्री पारस ने आगे कहा कि सारण जहरीली शराबकांड एक नरसंहार है जिसको लेकर हमलोग देश के राष्ट्रपति महोदया द्रौपदी मुर्मू, गृह मंत्री अमित शाह एवं बिहार के राज्यपाल फागू चौहान से मिलकर सारण में हुए जहरीली शराबकांड में सैकड़ों लोगों की हुई दर्दनाक मौत एवं बिहार में गिरती विधि व्यवस्था को लेकर एक ज्ञापन दिया गया है।

महामहिम ने सभी मुद्दों पर विचार कर आश्वासन दिया था, उस ज्ञापन के माध्यम से पार्टी ने मांग की थी कि जहरीली शराबकांड में हुए सैकड़ों लोगों की मौत पर परिजनों को भरण पोषण के लिए सरकार परिवार के एक लोग को सरकारी नौकरी एवं उचित मुआवजा दें। आगे श्री पारस ने कहा कि इससे पहले जहरीली शराब सेवन से गोपालगंज में घटना हुई थी जिसमें नीतीश सरकार ने मृत परिवार को भरण पोषण के लिए उचित मुआवजा दिया था। श्री पारस ने कहा कि नीतीश कुमार का यह बयान जो पियेगा वह मरेगा काफी निंदनीय है, और इस तरह का संवैधानिक कुर्सी पर बैठकर इस तरह का बयान देना उचित नहीं है। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पत्रकारों के संबोधन के बाद केन्द्रीय मंत्री पारस बेगूसराय जिला अंतर्गत चन्दौर ग्राम के मध्य विद्यालय में स्वतंत्रता सेनानी भुवनेश्वर प्रसाद सिंह एवं कमला देवी जी के मूर्ति का अनावरण किया और कहा कि भुवनेश्वर बाबू के किये हुए कार्यों को जनता भूलेगी नही। इस अवसर पर पार्टी सांसद चंदन सिंह, युवा रालोजपा प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र यादव, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ रणजीत कुमार, प्रदेश महासचिव रंजीत पासवान, प्रदेश महासचिव विनय सिंह, राजेश सिंह, राधाकान्त पासवान, राजेश कुमार सहित अनेकों नेताओं ने इनके विचारों को जन-जन तक पहुंचानें का कहा।

बाइक सवार अपराधियों ने मारी गोली, हालत गंभीर

अगमकुआं थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में घटी घटना, पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बाइक सवार चार की संख्या में रहे अपराधियों ने फतुहा के रहने वाले व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दिया। पहले उसे गोली मारी गई और जब वह संतुष्ट नहीं हुआ, तो फिर वह दोबारा आकर उसे एक गोली और मारा। इसके बाद अपराधी सब वहां से फरार हो गया। घटना अगमकुआं थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर की है। मिली जानकारी के अनुसार दो बाइक पर चार की संख्या में हथियारबंद अपराधी पहुंचे थे।

मंगलवार को पूर्वाह्न करीब 10 बजे आशुतोष कुमार को पीठ और सिर में सटा कर गोली मारी गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद अपराधी हथियार लहराते हुए वहां से फरार हो गए। गोलियों की आवाज से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी की स्थिति मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलने के बाद अगमकुआं थाना की पुलिस पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी को भी खंगालने का काम कर रही है। आशुतोष कुमार सिंह फतुहा के रहने वाले हैं और ट्रांसपोर्ट नगर के बौद्ध विहार के पास मकान बनवा रहे हैं। करीब चार मंजिला मकान है। सुबह करीब नौ बजे वह घर से निकल कर निमार्णाधीन मकान के पास पहुंचे ही थे कि पूर्व से घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें घेर लिया।

वह कुछ समझ और संभल पाते, इसके पहले ही हथियारबंद अपराधियों ने हत्या की नीयत से पीठ में गोली मारी। गोली लगने के साथ ही आशुतोष गिर गए। मगर अपराधियों को लगा कि शायद उसका मिशन पूरा नहीं हुआ है। इसके बाद फिर बाइक से उतर कर सिर में सटाकर दूसरी गोली अपराधी ने मारी। इसके बाद बाइक सवार अपराधी फरार हो गए। लोगों के बीच चर्चा थी कि घटना को अंजाम देने में चार से अधिक अपराधी थे। बाद में आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घायल को निजी उपचार केंद्र में भर्ती कराया गया। पड़ोसी और परिजन भी जानलेवा हमले का कारण नहीं समझ पा रहे हैं। करीब तीन साल पहले आशुतोष यहां पर जमीन लेकर मकान बनाना शुरू किया था। हालांकि जिस तरीके से अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है, उससे पुलिस को अंदेशा है कि इस घटना में शार्प शूटरों की संलिप्तता हो सकती है। घटनास्थल पर एएसपी अमित रंजन भी पहुंचे और मामले की छानबीन की। उन्होंने बताया कि अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। फिलहाल जख्मी बयान देने की स्थिति में नहीं है। उसके होश में आने और बयान देने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा। वैसे पुलिस मिले इनपुट, अपराधियों के हुलिए और पहनावा के आधार पर अपराधियों की पहचान करने में जुटी है।

दिल्ली से फिर 13 जनवरी को आएंगे गठिया रोग विशेषज्ञ : डॉ. आशीष सिंह

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। गठिया एक ऐसी आम बीमारी है जो बड़ी संख्या में लोगों को परेशान करती है। गठिया का शुरू में इलाज करना बहुत जरूरी होता है और अगर ध्यान नहीं दिया जाए तो यह धीरे-धीरे पूरे शरीर पर असर डाल सकता है। यह बातें रूमेटोलॉजिस्ट डॉ राजीव रंजन कुमार ने अनूप इंस्टीट्यूट आफ ऑथोर्पेडिक्स एंड रिहैबिलिटेशन, पीसी कॉलनी, कंकड़बाग पटना में आयोजित विशेष क्लिनिक में हिस्सा लेने के बाद कही। इसका आयोजन विशेष रूप से प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ और एआईओआर के मेडिकल निदेशक आशीष कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस विशेष क्लिनिक का उद्देश्य गठिया से परेशान लोगों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों से निजात दिलाने के लिए किया गया। सबसे बड़ी बात कि इस तरह का ये विशेष क्लिनिक हर महीने अनूप इंस्टीट्यूट आफ ऑथोर्पेडिक्स एंड रिहैबिलिटेशन, पीसी कॉलनी, कंकड़बाग पटना में आयोजित किया जाएगा। जनवरी 13 को फिर इस क्लिनिक का आयोजन होगा, जिसमें रुमेटोलॉजिस्ट डॉक्टर राजीव रंजन कुमार गठिया से परेशान लोगों की जांच करेंगे और उचित इलाज की जाएगी। ये बातें डॉक्टर आशीष सिंह ने बताई। वहीं डॉक्टर राजीव रंजन कुमार ने बताया कि गठिया एक लक्षण है। जैसे बुखार एक लक्षण होता है। बुखार के कई कारण होते हैं। जैसे मलेरिया, टाइफाइड। तो ऐसे ही सौ से भी ज्यादा बीमारियां जो गठिया करवाती है। इसका सबसे प्रमुख जो कारण है उसे ऑटो इम्यून डिजीज कहते हैं। हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है वह हमारे शरीर के ऑर्गन को नुकसान पहुंचाते हैं कई ऑटो डिजीज ज्वाइंड को डैमेज करते हैं और गठिया करवाते हैं। गठिया एक लक्षण है यह कई सारी बीमारियों से होता है और कुछ बीमारियां खतरनाक होती है। इसके लक्षण को जल्दी पहचान कर इलाज कराना जरूरी होता है नहीं तो धीरे-धीरे पूरे शरीर में फैलने लगता है और काफी सारे ऑर्गन को डैमेज करने लगता है। अगर इससे बचना है तो हेल्दी डायट, रेगुलर एक्सरसाइज, जीवन शैली में बदलाव और मोटापे को कम करना होगा जिससे इंफेक्शन कम हो। गठिया किसी भी उम्र में हो सकता है। कुछ अर्थराइटिस बच्चों में कॉमन है तो कुछ युवाओं में तो कुछ बुजुर्गों में। ओस्टियोआर्थराइटिस को हम लोग बुढ़ापे की गठिया कहते हैं। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है तो जोड़ों में लचीलापन कम होने लगता है, ये टूटने लगते हैं। राजीव रंजन ने बच्चों में भी गठिया देखा जा रहा है। जिसे जुवेनाइल इडियोपेथिक अर्थराइटिस कहते हैं। ज्ञात हो कि अनूप इंस्टिट्यूट ऑफ अर्थराइटिस एंड रिहैबिलिटेशन, पीसी कॉलोनी, कंकड़बाग पटना के मेडिकल डायरेक्टर डॉ आशीष कुमार सिंह ने गठिया के इलाज के लिए विशेष पहल की है। इसके तहत रूमेटोलॉजिस्ट डॉक्टर राजीव रंजन कुमार हर महीने दिल्ली से विशेष रूप से आकर पटना में विशेष क्लीनिक में गठिया से परेशान लोगों का इलाज करेंगे। वैसे मरीज जो गठिया से ग्रसित हैं, वह इस विशेष क्लिनिक में आकर उचित सलाह ले सकते हैं।

शहर को सुंदर बनाए रखने के लिए सभी दुकानों में डस्टबिन रखना अनिवार्य

पटना नगर निगम द्वारा की जाएगी दुकानों की जांच

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। पटना नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मिशन 26 जनवरी के तहत एक तरफ गली एवं मोहल्ले का सौदर्यीकरण किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ बाजार एवं मुख्य सड़कों के दुकानदारों एवं स्ट्रीट वेंडर को भी इसमें शामिल किया जा रहा है। पटना नगर निगम की टीम द्वारा दुकानदारों को भी अपना कचरा इधर उधर नहीं फेंकने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है। परंतु कई बार ऐसा पाया जाता है कि दुकानदार डस्टबिन का उपयोग नहीं करते और सड़क को ही गंदा करते है। ऐसे दुकानदारों को अब चिन्हित कर जुमार्ना लगाया जाएगा। शहर को सुंदर बनाए रखने एवं कचरे का समुचित निष्पादन करने के लिए बड़े दुकानों एवं स्ट्रीट वेंडर के लिए डस्टबिन का उपयोग करना अनिवार्य है। पटना नगर निगम की टीम द्वारा सभी बाजारों एवं मुख्य सड़कों में भ्रमण कर इसकी जांच की जाएगी एवं ऐसे दुकानों को चिन्हित किया जाएगा जो कि नियम का पालन नहीं करते है। नगर आयुक्त द्वारा सभी अंचल के पदाधिकारियों को इसके लिए निर्देश दिया गया है। अभियान के रूप में इसे लगातार चलाया जाएगा।

जांच जांच समिति ने तख्तश्री पटना साहिब में दान का प्रोसेस महासचिव से 16 के पूर्व मांगा...

रूचि एवं क्षमता के अनुसार करें लक्ष्य का निर्धारण : नीरज कौशिक

प्रात :किरण संवाददाता

गणपत राय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर भागलपुर में मंगलवार को एकादश एवं द्वादश कक्षा में अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक, विभाग प्रमुख विनोद कुमार, उप प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्र तथा गोष्ठी के अध्यक्षा मीना कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उद्देश्य कथन के रूप में डॉक्टर संजीव कुमार झा ने कहा कि इस शीतलहर में भी गोष्ठी का आयोजन किया गया तो निश्चित रूप से उद्देश्य भी विशिष्ट ही होगा। हम चाहते हैं कि हमारे सभी छात्रों का शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक गतिविधियों के अनुसार सर्वांगीण विकास हो। बाधाओं को पार करके ही छात्र जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इसके लिए समय-समय पर मिलना अत्यंत ही आवश्यक है। छात्र अभिभावक और शिक्षक इन तीनों के परस्पर संवाद एवं योजना से ही छात्र जीवन में सफल हो सकते हैं।

इसके अतिरिक्त समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, मोबाइल का सीमित प्रयोग भी छात्रों के लिए आवश्यक है। अतिथि परिचय के क्रम में उप प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्र ने कहा कि अभिभावकों के साथ संवाद तथा समय-समय पर मिलने पर ही छात्र अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। परंतु आज अभिभावकों के पास समय का अभाव हो गया है, जबकि माता पिता के लिए बच्चे ही श्रेष्ठ धन है।

अभिभावकों का सुझाव हमारे लिए दर्पण की तरह होते हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन के क्रम में मीना कुमारी ने कहा कि समय-समय पर अभिभावक गोष्ठी का आयोजन छात्रों के विकास के लिए अत्यंत ही आवश्यक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने कहा कि छात्रों के लिए आवश्यकतानुसार सामान्य रूप से मोबाइल या लैपटॉप का प्रयोग करना समय की आवश्यकता है।

परंतु अभिभावकों की जागरूकता अत्यंत ही आवश्यक है। बच्चे अपने रुचि एवं क्षमता के अनुसार ही लक्ष्य का निर्धारण करें। मौके पर विभाग प्रमुख विनोद कुमार ने कहा कि इस उम्र में छात्रों में भटकाव भी आते हैं।

अतः अभिभावकों को अपने पुत्र या पुत्री के मित्रों एवं उनके व्यवहार की परख अवश्य करनी चाहिए।

आज मोबाइल के अधिक प्रयोग से बच्चों के आंख और मन दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

इस उम्र में बच्चों के लिए पौष्टिक आहार एवं शारीरिक सक्रियता भी आवश्यक है।धन्यवाद ज्ञापन अभिमन्यु कुमार के द्वारा तथा मंच संचालन अजय कुमार के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ वेद प्रकाश, विनोद कुमार, मीडिया प्रभारी दीपक कुमार झा, ईषा कुमारी, शालिनी कुमारी, गौतम भारती, सुबोध चौधरी एवं अन्य सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

स्कूटी का डिक्की तोड़ डेढ़ लाख के जेवर समेत 80 हजार नगद ले उड़े बदमाश

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत। मंगलवार को स्कूटी खड़ा कर मिठाई खरीद रहे एक व्यक्ती का डेढ़ लाख के जेवर समेत 80 हजार नगद चोरी हो गये। दो की संख्या में आए बदमाशों ने डिक्टी तोड़कर वारदात को अंजाम देते हुए बाइक से फरार हो गये।

घटना सोमवार की देर शाम गोलारोड स्थित टी प्वाइंट के पास की है। वहीं सारी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस संबंध में पीड़ित दानापुर थाना क्षेत्र के अवस्थी घाट निवासी कृष्ण कुमार ने स्थानीय थाने में लिखित प्राथमिकी दर्ज कराया है। जानकारी देते हुए पीड़ित कृष्ण कुमार ने बताया कि उसका खगौल के जयराम बाजार में सोने चांदी की दुकान है।

सोमवार की शाम वो अपनी दुकान बंद कर बैग में 80 हजार नगद, ग्राहक के आधा केजी पुराना चांदी के जेवर व 30 ग्राम सोने के पुराना करीब डेढ लाख के जेवर मरम्मत करने के लिए रखे थे।

वो बैग को अपनी स्कूटी के डिक्की में रखकर गोला रोड के टी प्वाइंट के पास मिठाई खरीदने के लिए रूके।

वो अपना स्कूटी मिठाई दुकान के बाहर खड़ा कर अंदर चले गये। एक बदमाश खड़ी स्कूटी के पास आकर डिक्की तोड़ दिया और उसमें रखे बैग को लेकर भागने लगा।

पास खड़े एक युवक ने शोर मचाया तो वे दुकान के बाहर आये और बदमाश का पीछा किया मगर उसका दूसरा साथी बाइक पर उसे बैठाकर झखड़ी महादेव इलाके की ओर फरार हो गया।

वे तुरंत इसकी सूचना दानापुर थाने को दी। उन्होने बताया कि वारदात की सीसीटीवी फूटेज पुलिस को दे दिया गया है।

मगर थाना पुलिस द्वारा उन्हे देर रात तक मामला दर्ज करने में अनाकनी करते हुए परेशान किया गया। वहीं थानाध्यक्ष केपी सिंह द्वारा पीड़ित के मामले में संज्ञात लेते हुए बदमाशों की पहचान करने के साथ कार्रवाई करने में जुट गये है।

उड़ान हौसलों से होती है, पंखों से नहीं : अखिलेश सिंह

बिहार में भारत जोड़ो यात्रा : पहले फेज में एक सौ दस किमी की दूरी तय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पहले सप्ताह में लाखों लोगों ने शिरकत की। यह यात्रा 110 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी है। हौसलों से उड़ान होती है, पंखों से नहीं। ये बातें आज बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने फर्स्ट फेस के यात्रा समाप्त होनें पर कही। इस यात्रा ने 2024 के लोकसभा चुनाव लिए पार्टी का टोन सेट कर दिया है। भारत जोड़ो यात्रा के बिहार के प्रथम चरण में 110 किलोमीटर की यात्रा करने और 1पहले सप्ताह में लाखों लोगों तक पहुंचने के बाद यात्रा ने एक संक्षिप्त विराम लिया। इस यात्रा ने बिहार ने भाजपा के खेमें में खतरे की घंटी बजा दी है। दूसरी ओर अपने नए तपस्वी अवतार में राहुल गांधी का उदय हुआ है। हाड़ कंपा देने वाली इस ठंड के बावजूद भारी संख्या में लोग इस यात्रा से जुड़ रहे है। उत्साही पार्टी कार्यकताओं की भागीदारी और इस पदयात्रा के दौरान प्रदर्शित अनुकरणीय नेतृत्व ने बिहार में 2024 के लिए पार्टी की दिशा तय कर दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि बिहार में कांग्रेस बिहार की जनता को समर्पित एक नई यात्रा पर निकली है। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि हौसलों से उड़ान होती है पंखों से नहीं। आने वाले दिनों और महीनों में बिहार में कांग्रेस एक नये रूप में दिखेगी। भाजपा की नफरत और इस विभाजनकारी राजनीति को हम न केवल वैचारिक रूप से हराएंगे, बल्कि बिहार के जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को भी जोड़ेंगे। डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस गरीब लोगों के दर्द और पीड़ा से जुड़ती है और हम यहां सेवा करने के लिए हैं। मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में पदयात्रा गौरीपुर के सयादेव उच्च विद्यालय से शुरू हुई और बभनगामा, बिहपुर रेलवे स्टेशन से होते हुए स्वराज्य आश्रम, बिहपुर में चाय विश्राम के लिए रुकी। स्वराज आश्रम में एक सभा का भी आयोजन किया गया।आगे की पदयात्रा दोमुही चौक, सोनवर्षा से होते हुए आर्य केंद्रीय विद्यालय में दिन के अवकाश के लिए रुकी। दिन के अंतिम चरण में यह जयरामपुर और नानखार से होते हुए भवरपुर दुर्गास्थान में पूजा-अर्चना कर रात्रि विश्राम के लिए खगडिा में रुकी। यात्रा में भागलपुर के विधायक व कांग्रेस विधायक दल के नेता अजीत शर्मा, राजीव कुमार, अनिल शर्मा, मनोज सिंह, बँटी चौधरी, परवेज आलम, कपिलदेव यादव, प्रवीण कुशवाहा,गप्पू राय, आकाश कुमार सिंह, मंटन सिंह, धनंजय शर्मा, आभा सिंह, अरविंद सिंह, धर्मवीर शुक्ला, नागेंद्र विकल, कुमार आशीष, मिन्नत रहमानी, केसर सिंह, अमरेश अनीश, अविनाश प्रसाद सिंह, निरमलेंदु वर्मा, अमिताभ शरण, कैलाश पाल, पप्पूसिंह, विद्यानंद मिश्र,सार्जन सिंह, सुधा मिश्रा, जन्मोंत्री ममता निषाद, रीता सिंह, निधि पांडे, कोमल सृष्टि, मो. रियाज, अनामिका शर्मा, विनी यासमीन, मो. जाहिद मुखजा, संतोष पांडेय, मुजफ़्फ़र अहमद, दिलीप ओझा, अश्वनी कुमार, कुंदन गुप्ता, अमित कुमार सिंह, सिद्धार्थ क्षत्रिय आदि उपस्थित रहे।

धर्म के नाम पर लोगों को बांटना भाजपा का काम : उमेश कुशवाहा

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विकास के काम में करतें हैं विश्वास

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जनता दल यूनाईटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पार्टी कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमलोग लगातार हर वर्ष 24 जनवरी को जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती मनाते हैं, इस बार पार्टी ने फैसला किया है कि जयंती को बापू सभागार में शानदार और भव्य तरीके से आयोजीत की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित पार्टी सभी नेता भाग लेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी लोग जानते हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लगातार जननायक कपूर्री ठाकुर के सपने उनके आदर्श और विचारों को धरातल पर उतारने का काम किया है। न्याय के साथ समावेशी विकास किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जो लोग भी कुछ फीडबैक देते हैं कि यहां यह चीज होना चाहिए या यह आवश्यकता है तो उसको भी तुरंत करवाने की दिशा में मुख्यमंत्री जी एक्शन लेते हैं। भाजपा के पास तो कुछ है नहीं। प्रधानमंत्री सिर्फ अपनी ब्रांडिंग करते रहते हैं। गरीब करदाता के पैसे पर विश्व भ्रमण करने में लगे हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के लोगों के पास बोलने के लिए कोई मुद्दा ही नहीं है। भाजपा को लोगों को किसी तरह भटकाना है। उसका एक सूत्रीय काम है कि धर्म के नाम पर लोगों को कैसे बाटा जाए। श्री कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार विकास के काम में विश्वास करते हैं और बिहारी अस्मिता को बढ़ाने व यहां के लोगों के लिए चिंतित रहते हैं। हर घर, नल का जल , हर घर शौचालय, हर घर बिजली उपलब्धता व हर समाज और वर्ग के लोगों के लिए इनके नेतृत्व में काम हुआ। हमारे महागठबंधन घटक दल के सभी नेता की आस्था इनके नेतृत्व में है। दूसरी ओर भाजपा सिर्फ भ्रम फैलाने में लगी रहती है। हाल ही में नगर निकाय के चुनाव में भाजपा के लोगों का आरक्षण विरोधी चेहरा स्पष्ट हुआ। अति पिछड़ा, पिछड़ा, दलित सभी लोगों की चिंता मुख्यमंत्री करते हैं। उनके रहते अति पिछड़ा समाज के हित से कोई खिलवाड़ कर ही नहीं सकता।

बिहार सरकार उर्वरकों की कृत्रिम किल्लत पैदा कर रही : संजय जायसवाल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने मंगलवार का राज्य सरकार निशाना साधा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सही अर्थों में बिहार सरकार ही बिहार विरोधी हो गई है। उन्होंने कहा कि बिहार में आज भी आज की तिथि में उर्वरकों की कोई कमी नही है, बिहार सरकार द्वारा कृत्रिम किल्लत पैदा की जा रही है। बिहार में आज 69 हजार एमटी यूरिया उपलब्ध है जबकि डीएपी 1.09 लाख एमटी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार उर्वरकों की कमी का गलतबयानी कर किसानों को ठग रही है। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सीएम के समाधान यात्रा पर भी तंज कसा । कहा कि नीतीश कुमार यात्रा के नाम पर पर्यटन कर रहे हैं।एक गांव को अधिकारी उनके आने के पहले रंगरोगन कर दे रहे हैं और सीएम भी उसी को बिहार का विकास मानकर खुश हो रहे हैं। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि सीएम यात्रा का नाम समाधान यात्रा रखे हैं, लेकिन एक भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजना भी राज्य सरकार के उपेक्षा के कारण ठप पड़ी है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के चुनाव के दौरान 10 लाख लोगों को कैबिनेट की पहली बैठक में नौकरी देने के वादे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज सीटीईटी और बीटीईटी के पास अभ्यर्थी उस पेन की खोज कर रहे जो साइन के लिए उप मुख्यमंत्री को उपलब्ध करवा सके। उन्होंने कहा कि एनडीए के शासनकाल में इनको नौकरी देना तय कर लिया गया था, प्रक्रिया शुरू हो गई थी, लेकिन अब तक इन्हे नौकरी नहीं मिली। आगे उन्होंने कहा कि क्या कारण है कि देश में कहीं भी प्रश्नपत्र लीक होने मामले की जांच होती है तो उसके तार नालंदा से जुड़ते हैं। उन्होंने कहा कि जो भी इस प्रकार की घटना होती है तो उसमें नालंदा के एक खास व्यक्ति का नाम आता है। उन्होंने आशंका जाहिर करते हुए कहा कि कहीं सरकार के मुखिया के द्वारा इस व्यक्ति को संरक्षण तो नहीं प्राप्त है। उन्होंने कहा कि बिहार में भी प्रश्नपत्र लीक हुए, लेकिन कारवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उड़ीसा भी बिहार की तरह ही पिछड़ा राज्य की श्रेणी में आता था, लेकिन आज यहां देश भर के बच्चे पढ़ने आने लगे। इस प्रेस वार्ता में पूर्व मंत्री नीरज सिंह बबलू, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभू, विधायक मंचन केशरी, प्रदेश प्रवक्ता संतोष पाठक और प्रदेशमीडिया प्रभारी राकेश कुमार सिंह, अशोक भट्ट व राजेश कुमार झा उपस्थित रहे।

जातिगत जनगणना के डर से जनगणना (2021) भी नहीं करवा रही है मोदी सरकार : जदयू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जनता दल यू की प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार बिहार सरकार द्वारा करवाई जा रही जातिगत जनगणना से डर रही है, इसलिए देश के इतिहास में पहली बार भारतीय जनगणना को बार-बार टाल रही है। जिस भारतीय जनगणना को 2021 में ही हो जाना चाहिए था, वह अब सरकार द्वारा जारी एक नए नोटिफिकेशन के अनुसार 2025 के पहले संभव नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा कि 2021 से पहले तक भारत कुछ चुनिंदा राष्ट्रों में से एक था, जिसने किसी भी परिस्थिति में जनगणना को टाला नहीं था, लेकिन मोदी सरकार ने भारतीय लोकतंत्र के इस गौरव को भी हम भारतीयों से छीन लिया । उन्होंने मोदी सरकार से पूछा कि विश्व गुरु का ढोल पीटने वाली मोदी सरकार बताए कि क्या भारत की शासन-प्रशासन व्यवस्था बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे देश से भी बदतर है ? जो आज तक हिंदुस्तान में जनगणना नहीं करवा पाई है ? भारतीय जनगणना 2021 को जानबूझकर टालने का भाजपा का फैसला उनके पिछड़ा-और अतिपिछड़ा विरोधी मानसिकता की पराकाष्ठा है, जिसे प्राप्त करने के लिए भाजपा बेशर्मी से किसी भी हद तक जा रही है। भाजपा को पता है कि अगर वो देश में जनगणना 2021 करवाने का प्रयास करेगी तो पूरे देश में जातीय जनगणना करवाने की मांग उठेगी, जैसा कि 2011 के भारतीय जनगणना के दौरान हो चुका है अंजुम आरा ने कहा कि समय से जनगणना (2021) नहीं पूरा होने से भारतीय लोकतंत्र पर बहुत जल्द ही एक संवैधानिक संकट आने वाला है। यह सर्वविदित है कि वर्ष 2026 में पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन होना है, चूँकि परिसीमन जनगणना के आंकड़ो के आधार पर होनी है, इसलिए परिसीमन से पहले भारतीय जनगणना 2021 का होना अति आवश्यक है। पिछड़ा विरोधी और संविधान विरोधी भाजपा भारतीय लोकतंत्र को तबाह करने का एक भी अवसर नहीं छोड़ रही है ।

हिंदी को लेकर मोदी सरकार की चिंता खोखली : रणबीर नंदन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जनता दल यूनाईटेड के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधान पार्षद डॉ रणवीर नंदन ने विश्व हिंदी दिवस पर राजभाषा हिंदी संसदीय समिति के अध्यक्ष अमित शाह पर हमला बोलते हुए कहा कि अमित शाह अगर हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए इतने ही सजग हैं तो उनको इसकी शुरूआत अपने गृह राज्य गुजरात से करनी चाहिए, जहां प्रदेश का कोई भी प्रशासनिक कार्य हिंदी में नहीं होता है। 2019 के हिंदी दिवस के अवसर पर अमित शाह ने एक राष्ट्र-एक भाषा का नारा दिया था, लेकिन क्या अमित शाह बताएंगे कि गुजरात उनके एक राष्ट्र-एक भाषा के नारे से बाहर है क्या ? असल बात यह है कि मोदी सरकार की हिंदी के प्रति चिंता खोखली है और उन पर अंग्रेजियत सवार है। डॉ नंदन ने पूछा है कि क्या गृहमंत्री जी यह बताएंगे कि प्रधानमंत्री जी के भाषणों में डबल इंजन, 5पी (परफॉर्मेन्स, प्रोसेस, पर्सन, प्रोक्योमेंट और प्रिपेयर), 3 टी (टेस्टिंग, ट्रैकिंग और ट्रीटमेंट) 4 टी (टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट और टीका), 5टी (टैलेंट, ट्रेडिशन, टूरिज्म, ट्रेड व टेक्नोलॉजी), 3 आई (इंसेंटिव्स, इमेजिनेशन और इंस्टीट्यूशन बिल्डिंग), (फर्स्ट डेवलप इंडिया) जैसे शब्द हिंदी में नहीं हो सकते थे क्या ? या 2014 के चुनाव में भाजपा की अमेरिकी प्रचार एजेंसी ।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार एक तरफ तो हिंदी के प्रति घडियाली आंसू बहाती है, दूसरी तरफ भारतीय भाषाओं के लिए बजट आवंटन राशि को लगातार कम कर रही है। 2019-20 के बजट में मोदी सरकार ने भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार के लिए 561.47 करोड़ रुपए आवंटित किए थे, जिसे घटाकर मोदी सरकार ने 2022-23 में मात्र 250 करोड़ रुपए कर दिया। डॉ नंदन ने कहा कि सितम्बर 2022 में जब समिति की 11वीं रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपी तो उसमें यह सुझाव दिया कि सरकारी विज्ञापनों का 50: से अधिक हिस्सा बड़े आकार में और मुख्य पृष्ठ पर हिंदी में दिया जाना चाहिए, जबकि अंग्रेजी विज्ञापन छोटे आकार और आखिरी पन्नों पर होनी चाहिए। साथ में यह भी सुझाव दिया गया कि जो सरकारी अधिकारी जान बूझकर हिंदी का प्रयोग नहीं या कम करते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि क्या गृह मंत्री जी यह बताएंगे कि अभी तक सरकार के सभी मंत्रालयों एवं विभागों में हिंदी सलाहकार समिति का गठन क्यों नहीं किया गया है? जिनका गठन किया जा चुका है, उनकी नियमित बैठकें क्यों नहीं आयोजित की जा रही हैं? जबकि होना तो ये चाहिए कि कम से कम साल भर में दो बैठकें एवं एक सम्मेलन होना चाहिए।

राजद कार्यालय में मनी गुलाम सरवर साहब की जयंती

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में समाजवादी नेता, पूर्वमंत्री एवं बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व गुलाम सरवर साहब की जयंती प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह की अध्यक्षता में मनायी गई। उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने कहा कि स्व गुलाम सरवर साहब जीवन पर्यन्त समाजवादी विचारक के साथ-साथ समाज को अपनी लेखनी से भी नई दिशा दी। उनकी विशिष्ट पहचान जहां एक अच्छे पत्रकार के रूप में है, वहीं वे एक अच्छे वक्ता, नेता तथा संघर्षशील व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं। वे गरीबों पर अन्याय के खिलाफ हमेशा आवाज उठाते थे। उर्दू भाषा की तरक्की के लिए गुलाम सरवर साहब काम करते रहे। गुलाम सरवर साहब की लेखनी और जुबान में जो ताकत थी उसके कारण ही मातृभाषा उर्दू और हिन्दी दोनों का विकास हुआ। समाज में उर्दू भाषा की तरक्की के लिए इसे अपनाने की आवश्यकता है क्योंकि यह गंगा-जमुनी तहजीब को मजबूती प्रदान करता है। इस अवसर पर गुलाम सरवर साहब के चित्र पर माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, भोला यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव सह मंत्री आलोक कुमार मेहता, मंत्री जितेन्द्र कुमार राय, प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, एजाज अहमद, प्रदेश संगठन महासचिव राजेश यादव, प्रदेश महासचिव बल्ली यादव, मदन शर्मा, ई अशोक यादव, मो फैयाज आलम कमाल, निराला यादव, खुर्शीद आलम सिद्दिकी, नन्दू यादव, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार राम, निर्भय कुमार अम्बेदकर, संजय यादव, अरूण कुमार यादव, शैलेश यादव, दिलीप कुमार दिवाकर, शिवेन्द्र कुमार तांती, भाई दिनेश पासवान, राकेश रंजन रजक, उपेन्द्र चन्द्रवंशी, शेखर यादव, मो अफरोज आलम, मुकुंद सिंह, मनोज यादव सहित अन्य गणमान्य नेताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सैकड़ों जरूरतमंदो बीच बांटे गए कंबल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के संस्थापक सदस्य और पूर्व राज्यसभा सांसद आर के सिन्हा एवं भाजपा राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा के सौजन्य से सैकड़ो जरूरतमंदों लोगों के बीच कम्बल वितरित किया गया। उक्त अवसर पर श्री सिन्हा के जनसंपर्क अधिकारी सतीश राजू ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी भीषण ठण्ड के देखते हुए मेरे अभिभावक एवं गरीबों के मसीहा पूर्व सांसद राज्यसभा आर के सिन्हा एवं उनके राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा के सौजन्य से पूरे बिहार में कम्बल वितरण पखवारा चलाया जा रहा हैं उसी के तहत आज उनके पटना आवास पर सैकड़ों गरीब महिलाओं एवं पुरूषों के बीच कंबल वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि करीब पांच सौ लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया और आगे भी ऐसे पुण्य के कार्य होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद आरके सिन्हा और भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा के नेतृत्व में लगातार राजधानी पटना समेत राज्य के कोने कोने में कम्बल वितरण का कार्यक्रम अनवरत जारी है। कम्बल प्राप्त करने वाले गरीबों,असहायों,वृद्धजनों, महिलाओं और जरूरतमंद लोगों ने पूर्व सांसद आरके सिन्हा और भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा की खूब तारीफ की और उनका जयजयकार किया। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से अभिषेक सिंह, संजय राय, रणबीर कुमार, धर्मेन्द्र यादव, मुकेश पासवान, राजीव रंजन यादव, आनंद मिश्रा, इन्द्रजीत कुमार, रामप्रवेश प्रसाद, विकाश सिंह, अर्जुन प्रसाद, अनिल कुमार सहित भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राजधानी में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का चला बुलडोजर

पटना। राजधानी पटना में एक बार फिर अतिक्रमण पर नगर निगम का बुलडोजर चला। मंगलवार को नगर निगम प्रशासन की देख रेख में शहर के बोरिंग रोड में अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया। यह कार्रवाई अगले तीन दिन तक चलेगी। जिले में अतिक्रमण से जाम की समस्या बढ़ती जा रही, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का समाना करना पड़ रहा। नगर निगम का दस्ता अतिक्रमण हटाने हड़ताली मोड़ से राजापुर पुल और फिर वहां से सेंट माइकल स्कूल दीघा तक के सभी अवैध कब्जा को भी हटाने के लिए पहुंचा और सभी जगह अवैध रूप से अतिक्रमण को हटाया। अतिक्रमण हटाने के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था और हंगामा न हो इसके लिए पुलिस के 100 जवानों को तैनात किया गया था। मजिस्ट्रेट इंद्रीजीत कुमार ने कहा कि अतिक्रमण हटाने का काम नगर निगम की तरफ से किया जा रहा है। अभी से लेकर लगातार तीन दिन तक यह जारी रहेगा। पाटलिपुत्र अंचल में जो भी रोड है जैसे कि बोरिंग केनाल रोड, अटल पथ, इन सभी जगह पर रोड पर जो अतिक्रमण का कार्य चलेगा।

विश्व हिन्दी दिवस पर बीस विदुषियों और विद्वानों को दिया गया हिन्दी-रत्न सम्मान, सम्मेलन दिन-पत्रिका का हुआ लोकार्पण

हिन्दी पूरी दुनिया में फैल रही, भारत में ही उचित स्थान नहीं : पूर्व राज्यपाल

- साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ विश्व हिन्दी दिवस समारोह

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

हिन्दी पूरी दुनिया में फैल रही है। यह एक वैज्ञानिक भाषा है, इस कारण से। किंतु इसे अभी तक भारत में ही वह स्थान नहीं मिला, जो इसे दिया जाना निश्चित किया गया था। हमें इस बात की चेष्टा अवश्य करनी चाहिए कि यह भारत के ललाट की शोभा बने। यह बातें मंगलवार को विश्व हिन्दी दिवस पर बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित समारोह का उद्घाटन करते हुए, नागालैंड के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार ने कही। श्री कुमार ने कहा कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन का बिहार के साहित्यिक और सांस्कृतिक उन्नयन में ऐतिहासिक योगदान रहा है। स्वतंत्रता-आंदोलन के काल में यह एक बड़ा वैचारिक-केंद्र रहा। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि जिस निष्ठा के साथ साहित्य की सेवा पहले की जाती थी, उसमें अभाव हुआ है। अब पहले जैसी साहित्यिक पत्रिकाएँ भी प्रकाशित नहीं होती। साहित्य सम्मेलन को इन अभावों की पूर्ति हेतु प्रयास करना चाहिए। सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि विश्व हिन्दी दिवस पर जो नागपुर में हुए प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन की स्मृति में, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2006 से मनाया जाता है, हम इस बात पर अवश्य परितोष व्यक्त करते हैं कि, हिन्दी संपूर्ण विश्व में अपने गुणों के कारण और संपूर्ण संसार में फैले भारत-वंशियों के प्रयास से तीव्र गति से विस्तार पा रही है, किंतु यह दिवस हमें यह भी स्मरण दिलाता है कि, अपनी हीं भूमि में उसे वह स्थान अब तक नहीं प्राप्त हुआ, जिसे देने का निर्णय भारत की संविधान सभा ने वर्ष १९४९ में किया था। लिया था। इसका परिमार्जन हिन्दी को देश की राष्ट्र-भाषा घोषित कर ही किया जा सकता है। भारत की सरकार को अब विना और देरी किए, यह निर्णय लेना चाहिए। राष्ट्र-भाषा घोषित होते ही, इसके समक्ष उत्पन्न सभी समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाएँगी। इस अवसर पर, पूर्व राज्यपाल ने बिहार के बीस विदुषियों और विद्वानों को हिन्दी-रत्न के अलंकरण से विभूषित किया, जिनमें वरिष्ठ लेखक डा विनोद कुमार मंगलम, वीरेंद्र कुमार यादव, डा शशि भूषण सिंह, डा श्याम शरण, डा विनय कुमार शर्मा, प्रेम कुमार वर्मा, डा सुषमा कुमारी, कुसुम सिंह सुनैना, डा नीलू अग्रवाल, नवीन प्रसाद शर्मा, श्रुत कीर्ति अग्रवाल, अरविन्द कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार, शशि भूषण कुमार, ज्ञानेश्वर शर्मा, अंकेश कुमार, नीरव समदर्शी, अश्मजा प्रियदर्शिनी, सीमा कुमारी तथा अमित कुमार मिश्र के नाम सम्मिलित हैं। सम्मेलन की दिन-पत्रिका का लोकार्पण न्यायमूर्ति संजय कुमार ने किया। उन्होंने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिन्दी केवल एक देश की भाषा नहीं, बल्कि पूरे विश्व की भाषा बनती जा रही है। हम सबको मिलकर इसे और सुदृढ़ करना चाहिए। सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा कल्याणी कुसुम सिंह, वरिष्ठ नाटककार डा अशोक प्रियदर्शी तथा प्रो विनोद कुमार मंगलम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों का स्वागत सम्मेलन के उपाध्यक्ष जियालाल आर्य ने, धन्यवाद-ज्ञापन डा मधु वर्मा ने तथा मंच का संचालन प्रो सुशील कुमार झा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डा बच्चा ठाकुर, डा पूनम आनंद, डा शालिनी पाण्डेय, डा सुषमा कुमारी, सागरिका राय, चंदा मिश्र, डा मीना कुमारी परिहार, शमा कौसर, चित रंजन भारती, मोईन गिरिडिहवी, जाय प्रकाश पुजारी, उदय नारायण सिंह, डा पूनम देवा, डा अमरनाथ प्रसाद, विभा रानी श्रीवास्तव, सुजाता मिश्र, प्रेम लता सिंह, डा विश्वनाथ वर्मा, सदानन्द प्रसाद, वीणा बेनीपुरी, निकहत आरा, बाँके बिहारी साव, वंदना प्रसाद, वीणा चौबे, डा नागेंद्र कुमार शर्मा, राजकांता राज, प्रीति रानी, नेहाल कुमार सिंह निर्मल, डा बी एन विश्वकर्मा, अंशु कुमारी, डौली कुमारी, पुरुषोत्तम कुमार, रामाशीष ठाकुर, समेत बड़ी संख्या में हिन्दी-सेवी और प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

बिहार में महागठबंधन एकजुट, आगामी चुनाव में मिलेगा भाजपा को करारा जवाब : जमा खान

- जदयू प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यकर्ताओं के दरबार कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हुए शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर जदयू के प्रदेश कार्यालय में सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने एवं जनसमस्याओं के समाधान हेतु होने वाले कार्यकताओं के दरबार मे मंत्री कार्यक्रम में मंगलवार को बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री मो जमा खान शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याओं को सुन उनका समाधान किया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। कार्यकत्ताओं के दरबार में मंत्री कार्यक्रम के पश्चात पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री जमा खान ने कहा कि मुख्यमंत्री समाधान यात्रा के दौरान आम जनता से मिल रहे हैं, जनता से सीधे बात कर रहे हैं। विरोधियों के पास कोई मुद्दा नहीं है तो वो मुख्यमंत्री की यात्रा पर ही सवाल उठाया रहे हैं। जबकि नीतीश कुमार लगातार यात्राओं के माध्यम से आम लोगों के बीच जाते रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में चल रहे विकास कार्यों को स्वयं जाकर देखते रहे हैं और लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाने व उनके संधान का काम करते रहे हैं। पत्रकारों द्वारा पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह एवं राजद विधायक विजय मंडल द्वारा किये गए हमले के संदर्भ में पूछे गए एक सवाल के जवाब में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने कहा कि वो लोग हमारे परिवार के सदस्य हैं पर वह क्या बोल रहे हैं खुद नहीं समझ पा रहे हैं। उन लोगों को बोलने का माएनीया हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि परिवार में चार आदमी होते हैं, उसमें कोई कुछ गड़बड़ करता है तो अन्य लोग चीजों को देखते हैं। बिहार में महागठबंधन एकजुट है और भाजपा को 2024 एवं 2025 में करारा जवाब हम सभी मिलकर देंगे।

पूर्व मध्य रेल

ई–ऑक्शन सूचना सं:– कॉम/लीज/एसएलआर /ई–ऑक्शन/डीएनआर/23/1

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है : **1. कार्य का नाम** : 02 सालों के लिए दानापुर मंडल से आरम्भ होने वाली विभिन्न गाडियों में पार्सल लोडिंग के लिए एक मुश्त दरों के भुगतान पर एकल ट्रिप के आधार पर एस.एल.आर./एल.एच.बी. को पट्टेदारी पर देने के लिए खुली ई – ऑक्शन, **2. अनुबंध की अवधि** : 02 (दो) वर्ष **3. कैटेलॉग संख्या : डीएनआर–पार्सल–23–1, 4. लॉट संख्या** : 12742–एसएलआर–एफ1–पटना–वास्को–22–2, 22644–एसएलआर–आर1–पटना–एर्णाकुलम–22–1, 22644– एसएलआर–एफ1–पटना–एर्णाकुलम–22–1, 18450–एसएलआर–एफ1–पटना–पुरी–22–1, 19413–एसएलआर–एफ1– पटना–इन्दौर–22–1, 22644–एसएलआर– एफ2–पटना–एर्णाकुलम–22–1, 12150–एसएलआर–एफ1–दानापुर–पुणे–22–1, 12742–एसएलआर – आर1–पटना–वास्को–22–1, 22355–एसएलआर–एफ1–पाटलीपुत्रा–चण्डीगढ़–22–2, 13237–एसएलआर–एफ1–पटना–कोटा–22–1, 12393– एसएलआर–एफ1–राजेन्द्रनगर–नई दिल्ली–22–1, 22972–एसएलआर–एफ1–पटना–बान्द्रा–22–1, 13201–एसएलआर–एफ1–पटना–एलटीटी–22–4, 20801–एसएलआर–एफ1–इस्लामपुर–नई दिल्ली–22–1, 12742–एसएलआर– एफ2–पटना–वास्को–22–1, 13257– एसएलआर–एफ1–डीएनआर– एएनभीटी–22–3,

5. ई–ऑक्शन की तिथि व समय : दिनांक 23.01.2023 को 10:00 बजे से 13.00 बजे तक। (प्रारंभिक कूलिंग ऑफ की अवधि 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अंतराल 10 मिनट है।) **6.** वेबसाईट जहाँ ई–ऑक्शन का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : **www.ireps.gov.in.**

मंडल रेल प्रबंधक (वा.), पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/01852/डीएनआर/वा./एन/22–23/48

गैराज की आड़ में चल रहे शराब कारोबार का पुलिस ने किया भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

बरामद 765 लीटर विदेशी शराब के साथ छह बाइक और दो मैजिक वैन व एक पिकअप जब्त

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र के सतमलपुर गांव स्थित एक वाहन गैराज से मंगलवार की अहले सुबह करीब 5 बजे वारिसनगर कि पुलिस ने छापेमारी कर तीन अलग-अलग वाहनों पर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है। बरामद शराब की कीमत लाखों में बतायी गई है। मौके से पुलिस ने 6 बाइक भी जब्त की है। वहीं पुलिस ने शक के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस को यह सफलता गुप्त सूचना के आधार पर मिली है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सतमलपुर चौक स्थित एक वाहन के गैराज में शराब की खेप उतारी जा रही है। जिसे विभिन्न छोटे वाहनों के जरिये सप्लाई किया जा रहा है। सूचना के आधार पर वारिसनगर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक पिकअप व दो मैजिक पर अलग-अलग रखा हरियाणा निर्मित 765 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। वहीं मौके से शराब लेने आये हुए 6 लोगों की बाइक भी जब्त की गई। बताया गया है कि बाइक से शराब कारोबारी शराब लेने के लिए आये हुए थे। हालांकि इस दौरान पुलिस के आने की भनक मिलते ही वे मौके से कारोबारी फरार हो गये। उधर पुलिस ने इस दौरान गैराज से 2 लोगों को गिरफ्तार किया है।

जिससे पूछताछ की जा रही है। जिनकी पहचान खानपुर थाना क्षेत्र के टेढ़ा मिल्की निवासी आमोद सदा के पुत्र मिथुन कुमार एवं वारिसनगर थाना क्षेत्र के सतमलपुर वार्ड संख्या 5 निवासी शंकर साह के पुत्र सुनील साह के रूप में हुई है। बताया गया है कि गैराज में लंबे समय से शराब का अवैध कारोबार चल रहा था। वहां ठीक कराने के बहाने शराब की गाड़ी वहां पहुंच रही थी। जिस कारण लोग जल्दी शक नहीं कर रहे थे। लोगों को लग रहा था कि वाहन खराब होने के कारण यहां पर गाड़ियां लगी हुई है। जबकि उसमें शराब की खरीद-बिक्री की जाती थी। जिसका आज भंडाफोड़ हो गया। थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि गैराज के पास से 6 मोटरसाइकल 2 मैजिक गाड़ी 01 पिकअप और 765 लीटर विदेशी बरामद किया गया है। बताया जाता है कि सतमलपुर स्थित एक गैराज से भारी मात्रा में शराब बरामद किए जाने पर काफी हलचल मची हुई है।

संक्षिप्त खबरें

इंदिरा आवास के मजदूरी राशि गबन मामले को लेकर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं जिलाधिकारी से की शिकायत

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र के पतैलिया वार्ड 11 निवासी सहाना बेगम ने इंदिरा आवास के मनरेगा से मिलने वाले मजदूरी राशि गबन मामले को लेकर विभूतिपुर कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा एवं समस्तीपुर जिला अधिकारी को लिखित आवेदन देकर शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि 2018 में मुझे इंदिरा आवास मिला। तीन किस्त में एक लाख 20 हजार रुपए प्राप्त हुआ। मेरा जॉब कार्ड भी है। परंतु इंदिरा आवास में मिलने वाले मनरेगा से मजदूरी की राशि रोजगार सेवक कुमार सानू के द्वारा गबन कर लिया गया। मनरेगा वेबसाइट पर तिथिवार राशि की निकासी की गई। पता करने पर पता चला कि रोजगार सेवक कुमार सानू द्वारा किसी दूसरे के खाते पर राशि भेज कर अपने पत्नी के स्थानांतरण करवा लेते थे। वर्तमान में रोजगार सेवक कुमार सानू बिथान के मरथुआ पंचायत में पदस्थापित है।

सिवान महावीरी विजयहाता में स्वालम्बी पूर्व छात्रों के सम्मेलन की तैयारी संबंधित बैठक संपन्न

सिवान। जिले का गौरव माने जाने वाले विद्या भारती विद्यालय, महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता में विद्यालय के स्वावलंबी पूर्व छात्रों यानि एल्युम्नाई के आगामी 12 जनवरी को आयोजित होने वाले सम्मेलन की तैयारियां अपने अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक एवं प्रभारी प्रधानाचार्य मंगलदेव राय तथा पूर्व छात्र-परिषद् प्रमुख अजीत कुमार ओझा ने बताया कि इस एकदिवसीय सम्मेलन को स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। इसमें विद्यालय के केवल वैसे पूर्व छात्र-छात्राएं भाग लेंगे जो स्वावलंबी हो चुके हैं, यानि जो किसी सरकारी या निजी सेवा में अथवा स्वयं के किसी व्यवसाय आदि में लगकर अपने पैरों पर खड़े हो चुके हैं। प्राचार्य शंभु शरण तिवारी ने कहा कि विद्यालय के लिए हमारे पूर्व छात्र अमूल्य परिसंपत्ति (एसेट्स) की तरह हैं, क्योंकि उनके क्रिया-कलापों एवं उपलब्धियों से ही विद्यालय समाज में प्रतिष्ठित एवं प्रामाणिक बनता है।

हिन्दी जनता के बीच से विकसित भाषा है और जनता ही इसे समृद्ध करेगी- डॉ. अंजनी कुमार

मोतिहरी। हिन्दी साहित्य सभा, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा गांधी भवन परिसर स्थित नारायणी कक्ष में विश्व हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिन्दी साहित्य सभा के संरक्षक सह हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दी को वैश्विक भाषा के रूप में विकसित करने की पहली सीढ़ी है अपने देश में हिन्दी को उचित सम्मान मिलना चाहिए। हमें अपना भाषा से प्रेम होना चाहिए, अनुराग होना चाहिए। हम अगर अपने देश में हिन्दी को सम्मान देंगे तो पूरी दुनिया में इसे सम्मान मिलना स्वाभाविक है। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद पूरी दुनिया में हिन्दी सिखाने तथा अपने संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। जिसका परिणाम है कि भारत में आज ढेर सारे विद्यार्थी हिन्दी सीखने आते हैं। भारत की बढ़ती हुयी सामरिक और आर्थिक शक्ति हिन्दी की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही है जिसका परिणाम हमें आगे देखने को मिलेगा। इस बार जी-20 की अध्यक्षता करने का अवसर भारत को मिला है, एक तरह से यह हमें अपने हिन्दी भाषा को समृद्ध करने का एक नया मार्ग मिलना है। वर्तमान में विश्व भर में हिन्दी को प्रतिष्ठित करने में विश्व हिन्दी सम्मेलन, दूसरे देशों के साथ हमारा व्यापार तथा सिनेमा भी अपना महत्वपूर्ण योगदान निभा रही है।

विभिन्न मांगों को लेकर छात्र संगठन आइसा का विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन

भागलपुर। विभिन्न मांगों को लेकर छात्र संगठन आइसा का तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों ने आगजनी कर घंटों कार्य बाधित किया। साथ ही प्रशासनिक भवन के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। जिससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आगजनी के बाद पुलिस की 112 नंबर की गाड़ी प्रदर्शन स्थल पहुंची साथ ही स्थानीय विश्वविद्यालय थाना की पुलिस प्रदर्शन स्थल पर पहुंची। जिसके बाद यहां स्थिति सामान्य हो पाई। इस मौके आइसा छात्र नेता प्रवीण सिंह कुशवाहा ने कहा कि पार्ट वन के प्रमोटेड छात्रों को फॉर्म भरा कर थर्ड पार्ट का एग्जाम देने दिया जाए।

विभूतिपुर के युवक की लखनऊ में सड़क हादसे में हुई मौत, शव पहुंचते ही मचा कोहराम

विभूतिपुर, समस्तीपुर

विभूतिपुर के युवक का सड़क हादसे में लखनऊ में मौत हो गई। मृतक का शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में मातमी सन्नाटा छा गई। मृतक की पहचान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के गंगोली वार्ड दो कॉलोनी निवासी राजो पासवान के 35 वर्षीय पुत्र श्रवण पासवान के रूप में किया गया। बताया गया कि श्रवण परिवार के भरण-पोषण के लिए लखनऊ में रहकर ट्रक चलाता था। 8 जनवरी को सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई। 10 जनवरी को अहले सुबह मृतक का शव अपने घर गंगोली पहुंचा तो लोगों का जमावड़ा लग गया। पत्नी जिवछी देवी चित्कार मारकर बेसुध हो रही थी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। बता दें कि मृतक श्रवण पासवान के माता की मौत पहले ही हो चुकी है दो पुत्र एवं एक पुत्री है। वहीं मौके पर पहुंचकर मुखिया मनोज कुमार परिजनों को सांत्वना दे रहे थे।

बैठक की बहिष्कार करते हुए एएनएम ने हेल्थ मैनेजर के खिलाफ जमकर किया हंगामा

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड पीएससी में कार्यरत एएनएम साप्ताहिक बैठक का बहिष्कार करते हुए हेल्थ मैनेजर रंजीत कुमार प्रसाद के खिलाफ जमकर हंगामा किया। हंगामा कर रहे एएनएम ने बताई की हेल्थ मैनेजर रंजीत कुमार प्रसाद के द्वारा बेवजह अनावश्यक रूप से एएनएम, आशा एवं आशा फैसिलिटेटर को परेशान किया जाता है। जबसे इनका विभूतिपुर स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापन हुआ है तब से ये रौब जमाते है। बैठक से एक घंटे पहले बैठक की सूचना दी जाती है।

थोड़ा भी लेट होने पर हाजिरी काट दी जाती है। स्वंय 2-2 घंटे लेट पहुंचते हैं। मंगलवार की बैठक के लिए भी 9:00 बजे सूचना दी गई। हर हाल में 11:00 बजे उपस्थित होने की बात कही गई। जिसके कारण बेलसंडी पंचायत के उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित एएनएम रीता कुमारी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिसका इलाज चल रहा है। वहीं इस संबंध में हेल्थ मैनेजर रंजीत कुमार प्रसाद ने बताया कि बैठक में आने के क्रम में एक एएनएम जख्मी हो गई थी जिसके कारण इन लोगों के द्वारा कुछ देर के लिए बैठक का बहिष्कार किया गया। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी ने समस्या का समाधान करवा कर बैठक शुरू करवाया। वहीं प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी अभय शंकर ठाकुर ने बताया कि बैठक की टाइमिंग को लेकर एएनएम के द्वारा बैठक का बहिष्कार किया गया था जिसे समझा-बुझाकर बैठक शुरू करवाया गया।

सर्पदंश से 25 वर्षीय युवक की मौत

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के भरपुरा पटपारा गांव में विषैला सांप के काटने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान भरपुरा पटपारा वार्ड 02 निवासी राधे पासवान की 25 वर्षीय पुत्र संजय पासवान के रूप में किया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की संध्या संजय पासवान अपने परिवार के साथ घर में मिट्टी के दीवार से सटकर बैठे हुए थे। हाथ पीछे किए इसी क्रम में विषैला सांप ने काट लिया। सांप के काटने के बाद युवक उक्त सांप को पकड़ लिया एवं झाड़-फूंक के लिए भगत के यहां गया। 3 घंटे तक झाड़-फूंक होती रही। इसी बीच युवक की स्थिति बिगड़ने लगी। जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए ले जाया जा रहा था जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बता दें कि मृतक संजय पासवान की एक 2 वर्षीय पुत्री मंशीका है। पत्नी 7 महीने की गर्भवती है। मौत के बाद मृतक की पत्नी व माता रो-रोकर बेसुध हो रही थी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था।

किसानों की समस्या को लेकर गम्भीर हुए सांसद नित्यानंद राय

विभूतिपुर में किसानों के हित के लिए घोरपरास व नील बकरी की खात्मा करने का लिया गया निर्णय

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड में घोरपरास एवं नील बकरी के कारण किसानों के फसल लगातार बर्बाद हो रही है। इस समस्या को लेकर किसानों के प्रतिनिधि ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री सह उजियारपुर सांसद नित्यानंद राय को पत्र लिखा। किसानों की गम्भीर समस्याओं को देखते हुए सांसद नित्यानंद राय ने अपने प्रतिनिधि हाजीपुर विधायक अवधेश सिंह को समाधान के लिए विभूतिपुर भेजा। पंचायत समिति भवन में किसानो की समस्याओं को हल करने हेतु एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रूपांजली कुमारी एवं संचालन प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ने किया। बैठक में उपस्थित विभूतिपुर प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया एवं वन विभाग के पदाधिकारी को सम्बोधित करते हुए विद्यायक अवधेश सिंह ने बताया कि किसानो की फसल की रक्षा के लिए घोरपरास की खात्मा होना बहुत ही आवश्यक है।

सामुहिक रूप से निर्णय लिया गया कि वन विभाग की टीम पंचायत के जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर घोरपरास को खात्मा करेगी। एक सप्ताह की अंदर यह कार्य प्रारंभ हो जाएगी। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार कुशवाहा, उप प्रमुख सुजीत चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंद कुमार कुशवाहा, कौशल पांडेय, जिला महामंत्री प्रभात कुमार ठाकुर, भाजपा जिला मंत्री रमाकांत राय, भाजपा नेता कृष्णदेव प्रसाद सिंह, विभूतिपुर पूर्वी मंडल अध्यक्ष मनोज कुशवाहा, मुखिया चंद्रमणि प्रसाद, विजय चौधरी, भगवान लाल, मन्टुन ठाकुर, विजय कुमार, मन्टुन राय आदि उपस्थित थे।

समस्याओं के साथ राजनीतिक गफलत भी मिटा रही समाधान यात्रा : विजय चौधरी

पटना। वित्त मंत्री एवं जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समाधान यात्रा कई मायने में महत्वपूर्ण एवं प्रभावकारी साबित हो रही है। कई जिलों में संपन्न हो चुके यात्रा से इसकी प्रासंगिकता एवं प्रभाव दोनों दिखने लगे हैं। इससे पूर्व से चल रही ग्रामीण इलाकों में जनहित की योजनाओं में कमियों या दिक्कतों का समाधान हो रहा है।

भाकपा कार्यालय में कॉमरेड बैद्यनाथ ठाकुर की प्रथम पुण्यतिथि मनायी गयी

समस्तीपुर। समस्तीपुर शहर के बंगाली टोला स्थित भाकपा कार्यालय में 10 जनवरी कों कॉमरेड बैद्यनाथ ठाकुर पूर्व जिला सचिव की प्रथम पुण्यतिथि कॉमरेड गजेंद्र प्रसाद चौधरी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विदित हो कि पिछले वर्ष 10 जनवरी को ही आज ही के दिन उनका निधन हुआ था। श्रद्धांजलि सभा में रोसड़ा के अंचल मंत्री अनिल कुमार महतो, विनोद कुमार विनय, शंकर राय, रामउतार ठाकुर, जगत नारायण प्रसाद, शत्रुघ्न पणजी, महेंद्र राय, नौजवान संघ के जिला सचिव संजय कुमार, अनिल प्रसाद, मोहम्मद शहीद अंसारी, रामप्रीत पासवान, अवधेश महतो, सुधीर कुमार देव, राम रतन सिंह राकेश, छात्र नेता अर्जुन कुमार, जिला मंत्री सुरेंद्र कुमार सिंह मुन्ना, रोसड़ा के निर्वाचित वार्ड पार्षद लक्ष्मण पासवान के अलावे राज्य सचिव मंडल सदस्य रामचंद्र महतो, और प्रोफेसर बसंतराय, कामरेड बैधनाथ ठाकुर के जीवन वृतांत पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान केंद्र सरकार के जनविरोधी नीति के खिलाफ अनवरत संघर्ष करते रहने का संकल्प लिया। 15 जनवरी को होने वाले जिला कार्यकारिणी की बैठक में नवीकरण के कार्य को संपन्न करने का आह्वान किया। अंत में कॉमरेड रामचंद्र राय एवं कॉमरेड बैधनाथ ठाकुर के प्रति दो मिनट का मौन रखा गया।

भूमि विवाद में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, दोनों पक्षों से लगभग एक दर्जन जख्मी, इलाज जारी

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया घाट में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से लगभग एक दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए। दोनों पक्षों से जख्मी व्यक्ति की उपचार के लिए विभूतिपुर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां गंभीर रूप से जख्मी विजय कुमार सिंह, कमलेश कुमार महतो, खुशबू कुमारी, अजित कुमार सिंह, सविता देवी, आयशा मेहता को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। वहीं मिनु कुमार सिंह, नूतन देवी, सत्यम साही, अनुभव कुमार आदि का उपचार विभूतिपुर सीएचसी में ही जारी है। वहीं दूसरी ओर डिहुली में टेम्पो पलट जाने से जख्मी एएनएम रीता कुमारी एवं रजनीश कुमार को भी ईलाज के लिए विभूतिपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

अब शिक्षकों का बनेगा सॉफ्टवेयर से अटेंडेंस

समस्तीपुर। अब लेट लतीफ स्कूल आने वाले शिक्षकों व अन्य कर्मियों पर शिकंजा कसेगा। प्रखंड संसाधन केंद्र में पदस्थापित पदाधिकारियों, कर्मियों व शिक्षकों का अटेंडेंस सॉफ्टवेयर से बनेगा। इसके लिए बिहार सरकार ने स्कूल मैनेजमेंट अटेंडेंस सिस्टम सॉफ्टवेयर का उपयोग शुरू किया है। अब इसी से शिक्षकों को अटेंडेंस बनाने होंगे। इसको लेकर मंगलवार को आरएसबी इंटर स्कूल के सभागार में प्रखंडाधीन सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर लेखापाल चंदन श्रीवास्तव ने सभी को स्कूल मैनेजमेंट अटेंडेंस सॉफ्टवेयर के बारीकियों को स्तर से बताते हुए सभी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। मौके पर डाटा एंट्री ऑपरेटर उज्जवल राय आदि मौजूद थे।

30 जनवरी को होगा बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ का चुनाव, संघर्ष का काल होगा 2023 से 25 : डॉ. सुरेश राय

बेगूसराय, एजेंसी

देश के सबसे मजबूत शिक्षक संगठन बिहार प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्य स्तरीय चुनाव की डुगडुगी बज गई है। संघ का राज्य स्तरीय चुनाव 30 जनवरी को होगा। यह जानकारी संघ के प्रदेश संयुक्त सचिव डॉ. सुरेश प्रसाद राय ने मंगलवार को संघ भवन बेगूसराय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा चुनाव प्रक्रिया की घोषणा कर दी गई है। 22 जनवरी को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे, उसी दिन नामांकन पत्रों की जांच के बाद सभी उम्मीदवार की नाम की घोषणा कर दी जाएगी। इसके बाद 30 जनवरी को मतदान कराए जाएंगे, जिसमें करीब 16 सौ शिक्षक प्रतिनिधि मतदान करेंगे। मतदान के लिए राज्य के सभी नौ प्रमंडल में स्थित संघ भवन में मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी में आठ जनवरी को हुए राज्य अधिवेशन में महासचिव शत्रुघ्न प्रसाद सिंह के नेतृत्व में भावी योजना तय किया गया है। सभी नवनियुक्त शिक्षक, पुस्तकालयाध्यक्ष, कंप्यूटर शिक्षक एवं कर्मचारियों का सरकारी करण एवं समान वेतन मिलने तक संगठन सड़क से सदन तक संघर्ष करेंगे। शिक्षकों को पंचायती राज व्यवस्था से अलग करने, तथाकथित वेतन के विसंगति में सुधार करना हमारी प्राथमिकता है।

संघ के संघर्ष के कारण सभी विद्यालयों की अवकाश तालिका समान हो गई है। विद्यालय संचालन समय में विसंगतियां है, प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक तक के सभी विद्यालयों में पूर्व की तरह दस से चार तक शैक्षणिक कार्य का समय तय किया जाए। अभी बिहार में शुरू किए गए जाति आधारित गणना में शिक्षकों का शारीरिक और मानसिक दोहन किया जा रहा है। शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य में नहीं लगाने का आदेश है। लेकिन आपदा, चुनाव और जनगणना का कार्य बगैर शिक्षकों के पूरा नहीं हो सकता है। अभी जाति आधारित गणना के लिए सरकार ने आदेश दिया है कि विद्यालय समय के बाद शाम में गणना करें, यह संभव नहीं है। शाम में चार बजे के बाद वे कब जनगणना करेंगे और कब घर जाएंगे। इसलिए शिक्षकों को या तो विद्यालय से मुक्त कर जनगणना का कार्य कराया जाए या जनगणना से मुक्त कर उन्हें सिर्फ विद्यालय का कार्य लिया जाए। दक्षता परीक्षा लेने तक शिक्षकों को इंक्रीमेंट का लाभ मिले। वित्त रहित (अनुदानित) शिक्षकों को भी वेतनमान और सेवा शर्त मिले, उनके लंबित वेतन का भुगतान जल्द हो। शिक्षकों को हक दिलाने की चुनौतियां हमारे सामने है, 2023 से 2025 तक बिहार प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के संघर्ष का काल होगा। जिलाध्यक्ष उमानंद चौधरी ने कहा कि माध्यमिक शिक्षक संघ ने लड़ाई लड़कर शिक्षकों को कई प्रकार का लाभ दिलाया है और इसके लिए संघ लगातार संघर्षशील है। लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारी अनुकंपा का फाईल पेंडिंग रखे हुए हैं। बिल की स्वीकृति के बाद राशि डीपीओ के खाते में जाती है और उसके बाद पेमेंट किया जाता है, यह सिस्टम बंद होना चाहिए। मुंगेर प्रमंडल के सभी शिक्षकों को पेंडिंग प्रवरण वेतनमान का लाभ मिले। सचिव रंजीत कुमार ने कहा कि समस्याओं का निराकरण नहीं होने से शिक्षकों में आक्रोश है, विभाग स्वैच्छिक स्थानांतरण करे। बिहार के प्लस टू स्कूलों में एक लाख शिक्षकों की आवश्यकता है, लेकिन मात्र 12 हजार शिक्षक हैं, विषयवार शिक्षकों का संतुलन नहीं है, घोर अराजकता की स्थिति है, विभागीय पत्र की हार्ड कॉपी उपलब्ध नहीं कराई जाती है। इन सभी मुद्दों को लेकर भी संघ लगातार संघर्ष कर रहा है और करता रहेगा।

पिस्तौल के बल पर जेब से पांच हजार रुपए निकाले और जान मारने की धमकी देने की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के पतैलिया निवासी विमल कुमार सिंह ने पिस्तौल के बल पर जेब से पांच हजार रुपए निकालने व पूरे परिवार को जान मारने की धमकी देने को लेकर संजीव कुमार सिंह उर्फ बुच्चा व चार अज्ञात को आरोपित करते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाया है। दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से पीड़ित बुजुर्ग ने बताया की 15 दिसम्बर को दुर्गा मंदिर से घर आ रहे तभी घर सामने मेरा पड़ोसी संजीव कुमार सिंह उर्फ बुच्चा शराब के नशे में गाली-गलौज करते हुए पांच हजार रुपए रंगदारी के रूप में 15 दिनों के अंदर पहुंचाने की बात कही। जिसे अनसुनी किया क्योंकि वे शराब के नशे थे। फिर एक जनवरी के रेफर संध्या मै अपने दरवाजे पर दो अन्य लोग के साथ बैठे थे। तभी संजीव कुमार सिंह उर्फ बुच्चा चार अन्य व्यक्ति के साथ गलमोछी लगाए आए और कनपटी में पिस्तौल सटाकर बोला अभी तक रंगदारी नही दिए हो। और एक हाथ से जेब से पांच हजार रुपए निकाल लिया तथा पांच दिन के अंदर शेष राशि नही पहुंचाने पर पूरे परिवार को जान मारने की धमकी दिया। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष संदीप कुमार पाल ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

आग लगने से हजारों की संपत्ति जलकर राख

मोरवा, समस्तीपुर। लरुआ पंचायत के वार्ड संख्या एक में आग लगने से पचास हजार रुपए से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई है। अग्नि पीड़ित शिवजी पासवान के घर में लगी आग से अन्न, वस्त्र, कपड़े सहित सब कुछ जलकर राख हो जाने के कारण घर में कुछ भी खाने को नहीं बचा। घूड़े की चिंगारी से भड़की आग के कारण सोए हुए अवस्था में आग लगने से जब तक लोग जागे तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया था। मुखिया रानी कुमारी, एवं वरुण कुमार सिंह ने अंचल अधिकारी को इसकी जानकारी देकर अग्नि पीड़ित को राहत दिलाने की मांग की है।

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी का प्रशिक्षण प्रारंभ

सहरसा। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को क्रियान्वित करने एवं परिवार नियोजन कार्यक्रम को बेहतर क्रियान्वयन करने हेतु मंगलवार को क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई कोसी प्रमंडल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को प्रशिक्षित करने के लिए रेड क्रॉस भवन के सभागार में प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। इसमें तीनों जिला के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर पदस्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रस्तावित तिथि अनुसार उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कोसी प्रमंडल के स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रीय अपर निदेशक डॉक्टर के.के. मधुप की अध्यक्षता में प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।जिसमें क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक अरुण प्रकाश द्वारा परिवार नियोजन के तरीके राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत योजनाएं एवं प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।साथ ही जपाइंगो के प्रतिनिधि डॉक्टर याकूब द्वारा प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। परिवार नियोजन के नोडल पदाधिकारी डॉ रविंद्र मोहन, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन प्रभारी विपिन कुमार, बायोमेडिकल इंजीनियर दीपक कुमार सहित सभी क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

प्रतियोगिता समस्तीपुर के पटेल मैदान में आयोजित 69वीं बिहार राज्य सीनियर पुरुष महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 480 महिला और पुरुष खिलाड़ी कर रहे शिरकत....

बिहार राज्य वॉलीबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में समस्तीपुर ने अरवल को हराया

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

69वीं बिहार राज्य सीनियर पुरुष महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता शहर के पटेल मैदान में शुरू हुआ। जिसका उद्घाटन आयोजन समिति के अध्यक्ष सह जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, सचिव सह विधान पार्षद डॉ तरुण कुमार, हाजीपुर विधायक अवधेश कुमार, स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन के द्वारा संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व वॉलीबॉल खेलकर किया गया। सर्वप्रथम इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से आए हुए लगभग 500 महिला पूरुष खिलाड़ियों को मार्च पास्ट कराया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय लगुनिया सूर्यकंठ के बैंड की टीम ने मार्च पास्ट में चार चांद लगाया गया। विद्यालय के बाल संसद की प्रधान अंकिता कुमारी एवं प्रधानाध्यापक सौरव कुमार ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि को खेल ध्वज सौंपकर प्रतियोगिता के आगाज का अनुरोध किया। मुख्य अतिथि व डीएम के द्वारा खेल ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का विधिवत आगाज कराया। इस अवसर पर

मेजबान टीम के कप्तान के द्वारा प्रतिभागी खिलाड़ियों को खेल भावना के तहत मैच खेलने की शपथ दिलाई गई।

मौके पर बिहार वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष आनंद शंकर राजहंस, सचिव रामाशीष प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष नवल किशोर कापरी, उपाध्यक्ष निखिल कुमार, जिला खेल पदाधिकारी आकाश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, प्रदेश महासचिव राजद फैजुर रहमान फैज, राजद नेता लल्लन यादव, सतवीन पासवान, कांग्रेसी नेता मुकुंद कुमार भाजपा नेता रंजीत निगुर्णी, राहुल कुमार बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवीण कुमार, बिल्डर अमित गुंजन, डॉक्टर सुशांत कुमार, डॉक्टर संजीव कुमार डॉक्टर ब्रजेश कुमार, धनंजय सिंह, उदय शंकर सिंह आदि लोग उपस्थित थे मंच संचालन अनंत कुमार राय एवं सुभित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन मैच मेजबान समस्तीपुर बनाम अरवल के बीच खेला गया। जिसमें समस्तीपुर ने अरवल को सीधे सेट में 25-11, 33-31 हराकर पहली जीत दर्ज की। इससे पूर्व आगंतुक अतिथियों को आयोजन समिति के सदस्य द्वारा मोमेंटो, चादर व फूल माला से सम्मानित किया गया।

संक्षिप्त खबरें

व्यवसायिक कि हत्या पर पूर्व मंत्री ने घटना कि निंदा

गया शहर के अंतर्गत बालाजी नगर में व्यवसायी आमोद कुमार को गोली मारकर हत्या की जाने की घोर निंदा करते हुए बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह गया शहर विधायक डॉ प्रेम कुमार जी इस घटना को निंदा करते हुए कहा कि पुलिस अधिकारियों को अपराधी लोग चुनौती दे रहा है पुलिस भी अपराधियो का चुनौती स्वीकार करते 24 घंटा के अंदर गिरफ्तार कर और ऐसे अपराधियों को चिन्हित कर स्पीडी ट्रायल कर सजा दिलाया जाय जिससे गयाजी धर्मिक दृटिकोण से देश विदेश से यात्री आते है जो गलत संदेश न दे। पूनः जिला प्रसाशन से मांग करते है कि प्रत्येक वैसे इलाके जो अपराधियो का चारागाह बना हुआ है वैसे इलाके में स्पेशल टास्क फोर्स गठन कर अपराधियो पर नकेल कसा जाय एवं मृतक परिवार को उचित मुआवजा की मांग की इस घटना को निन्दा करने वालो एवं अपराधियो पर करवाई की मांग करने वालो में जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता,जिला मंत्री संतोष ठाकुर।

बढ़ती कड़ाके की ठंड को देखते हुए असहाय लोग के बीच में कंबल का किया वितरणः मुखिया मनोज कुमार

करपी। सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अनुआँ के मुखिया मनोज कुमार के द्वारा बढ़ती कड़ाके की ठंड के देखते हुए गरीब असहाय लोग के बीच में कंबल का वितरण किया गया, अपने पंचायत के गरीब असहाय व्यक्तियों के वार्ड वाइज सूची बनाकर 250 असहाय गरीब लोग के बीच में कंबल का वितरण किया, इस बात की जानकारी देते हुए पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ने बताया कि मैं चुनाव से पहले जनता के बीच में जो वादा किया था उसको मैं अपने जिम्मेवारी निर्वाहन पूर्वक विकास के लिए तत्पर रहूंगा, यहां की जनता के दुख सुख में साथी बना रहूंगा, इस दौरान कांग्रेसी नेता गणेश ओझा, समाजसेवी रामाधार सिंह, मुक्तेश्वर प्रसाद कुशवाहा, एवं दर्जनों लोगों ने इस कार्य को सराहना किया।

महिला सफाई कर्मी को नगर आयुक्त के द्वारा ठंडा किट दिया गया

गया। नगर निगम कार्यालय परिसर के सम्राट अशोक भवन में वर्तमान में पड़ रहे भीषण ठंड को ध्यान में रखते हुए गया नगर निगम के तत्काल महिला सफाई कर्मियों को एक शॉल एवं एक स्वेटर देने हेतु कार्यक्रम आयोजित की गई है।जिसमे अभिलाषा शर्मा,नगर आयुक्त, प्रफुल्लचंद्र यादव, उप नगर आयुक्त, हीरा कुमारी, उप नगर आयुक्त, शैलेंद्र कु सिंह नोडल पदाधिकारी सफाई, दिनकर प्रसाद, उप नोडल पदाधिकारी सफाई एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।इनके द्वारा कुल 418 महिला सफाई कर्मियों में से वहा उपस्थित 367 महिला सफाई कर्मियों को एक अदद स्वेटर एवं शॉल दिया गया हैबचे 51 अनुपस्थित महिला कर्मियों का शॉल स्वेटर स्टोर में उन्हें देने हेतु रखा गया है।

मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने को लेकर पंचायत सचिव के साथ बैठक

संग्रामपुर (मुंगेर)। मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में पंचायत के सभी वार्डों में मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने को लेकर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अमरजीत कुमार साबरी की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ बैठक आयोजित की गई। इस संदर्भ में बीपीआरओ श्री साबरी ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्राम पंचायत के चार वार्डों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए जाएंगें। जिसके तहत प्रत्येक वार्ड में कुल दस सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि एक सोलर लाइट की कीमत 30 हजार 6 सौ 69 रुपए हैं। सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने को लेकर ग्राम सभा का कार्य किया जा चुका हैं। साथ ही ग्राम सभा के माध्यम से योजना का चयन किया गया हैं। इस योजना का कार्य ब्रेडा के एजेंसी के द्वारा कराई जाएगी। जिला स्तर पर ब्रेडा एजेंसी का चयन संग्रामपुर के लिए सावित्री सोलर प्राइवेट लिमिटेड हैं।

बढ़ते ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड़ में

आपदा प्रबंधन विभाग की देख-रेख में जिले के 172 स्थानो पर लगातार की व्यवस्था जा रही है अलाव की व्यवस्था

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। किसी भी प्रकार की सहायता या सूचना के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06276-222576 पर करे संपर्क।बढ़ते ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड़ में है।

प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त विशाल राज के निर्देश के आलोक में बढ़ते ठंड के मद्देनजर जिला आपदा प्रबंधन शाखा मधुबनी के द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर लगातार अलाव की व्यवस्था की जा रही है।विभिन्न चौक-चौराहों बाजारों रैन बसेरा बस स्टैंड रेलवे स्टेशन अस्पताल सहित भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर अलाव जलाया जा रहा है। सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत मुख्य स्थानों पर नियमित तौर पर अलाव की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है ताकि ठंड के कारण किसी को कोई समस्या ना हो।प्रभारी डीएम ने आवश्यकता अनुसार इसकी संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया है।

उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं प्रखंडो के वरीय अधिकारियों को इसका अनुश्रवण करने का निर्देश दिया है।प्रभारी जिलाधिकारी विशाल राज ने आम जनता से भी बढ़ते ठंड के मद्देनजर एडवाइजरी का अनुपालन करने का आह्वान किया है।प्रभारी जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में जरूरत मंद के बीच कंबल का भी वितरण किया जा रहा है। आपदा प्रबंधन विभाग की देख-रेख में जिले के 172 स्थानो पर लगातार अलाव की व्यवस्था की जा रही है ।

इसमें नगर निगम मधुबनी के अंतर्गत गंगासागर चौक वार्ड नंबर 7 तिलक चौक वार्ड नंबर 7 शंकर चौक वार्ड 6 चभच्चा चौक वार्ड संख्या 3 लहरिया गंज वार्ड संख्या 1 नाका चौक वार्ड नंबर 3 संतु नगर चौक वार्ड संख्या 2 किशोरीलाल चौक वार्ड संख्या 4 महंती लाल चौक वार्ड संख्या 10 स्कूल चौक वार्ड संख्या 10 गांधी चौक वार्ड संख्या 15 महाराजगंज वार्ड संख्या 13 चूड़ी बाजार चौक वार्ड संख्या 8 बड़ी मस्जिद चौक वार्ड संख्या 10, पुराना बस स्टैंड वार्ड संख्या 8 कोतवाली चौक वार्ड संख्या 30, मछहट्टा चौक वार्ड संख्या 27 सिंघिनिया चौक वार्ड संख्या 25 राघो नगर वार्ड संख्या 22 दरगाह चौक वार्ड संख्या 25 ईद मुहम्मद चौक वार्ड नंबर 28 सदर अस्पताल चौक वार्ड संख्या 19 जलधारी चौक वार्ड संख्या 21 स्टेशन चौक वार्ड संख्या 18 बाटा चौक वार्ड संख्या 17 सुभाष चौक वार्ड संख्या 15, रेन बसेरा वार्ड संख्या 21 महा टोली वार्ड नंबर 27, गुआ पोखर चौक वार्ड संख्या 24 शामिल है।

इसके अतिरिक्त हॉस्पिटल चौक गौशाला चौक रेलवे स्टेशन कोतवाली चौक शंकर चौक बस स्टैंड चौक थाना मोर गुमटी नंबर 13 और चाभच्चा चौक आदि शामिल है। बताते चलें कि बासोपट्टी प्रखंड के अंतर्गत बासोपट्टी थाना अस्पताल भवानी चौक बस स्टैंड भारतीय स्टेट बैंक के नजदीक प्रखंड कैंपस में बाबू बरही प्रखंड में दुर्गा मंदिर बस स्टैंड हॉस्पिटल मोहनपुर पिपराघाट राम जानकी मंदिर मस्जिद गाट बरही पानी टंकी बाबूबरही तेघरा चौक बरैल चौक और लदनिया प्रखंड के अंतर्गत लदनिया ब्लॉक कार्यालय बस स्टैंड गजहरा तेनुआही पद्मा खाजेडीह और गांधी स्मृति चौक शामिल है।उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए जनहित में अधिक से अधिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

प्रभारी पदाधिकारी जिला आपदा प्रबंधन कोषांग परिमल कुमार ने बताया कि उप विकास आयुक्त द्वारा जारी निर्देश के आलोक में सभी प्रखंडों के अंचल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की सहायता या सूचना के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06276-222576 पर कर सकते है।

सेविका सहायिका के धरना में डब्ल्यूएचओ मॉनिटर अशोक कुमार ने दरी पर बैठकर कर सेविकाओं को किया हौसला अफजाई

प्रात: किरण संवाददाता

गया। जिला परिषद के प्रांगण में गया सदर परियोजना के समक्ष आंगनबाड़ी सहायिका सेविकाओं ने एक दिवसीय धरना दिया । धरना का नेतृत्व प्रखंड मंत्री सह जिला मीडिया प्रभारी मधु कुमारी के द्वारा किया गया है।

धरना के माध्यम से सीडीपीओ एक को एक ज्ञापन पत्र दिया गया ।सेविकाओ की मुख्य मांगे था कि आधार सत्यापन और डिजिटलाइजेशन के नाम पर लाभार्थियों को वंचित किया जा रहा है। यह सरकार का ढुलमुल रवैया आघात है। सेविका सहायिका के सेवा को नियमित करते हुए समान कार्य समान वेतन पद्धति लागू करें। सेविका सहायिका के मरणो उपरांत उनके आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दिया जाए। सेविका के नए मोबाइल फोन गुणवत्तापूर्ण अविलंब उपलब्ध कराई जाए।

आईसीडीएस योजनाओं के लिए पर्याप्त आवंटन राशि उपलब्ध कराई जाए।इस मौके पर मधु कुमारी ने बताया कि सेविका सहायिका की मूल समस्या जैसे प्रखंड कार्यालय के बैठक में शामिल होने हेतु परिवहन भत्ता प्राप्त करने हेतु खर्च, फोटोकॉपी का राशि उपलब्ध कराई जाए,इसके साथ ही गोद भराई अन्नप्राशन एवं मोबाइल चार्ज की राशि पोषाहार कि राशि तरह अग्रिम रूप में उपलब्ध कराई जाए ।धरना में जिला मंत्री मंजू कुमारी , सुनीता रानी,संजू कुमारी ,रेनू कुमारी, तारा देवी, मधु कुमारी, सुमन कुमारी, मधुबाला सहाय, कुसुम कुमारी, कुमारी बेबी आदि उपस्थित थे।

हार्डवेयर कारोबारी हत्या मामले में पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार कर जल्द करेगी उद्भेदनः एसएसपी

प्रात: किरण संवाददाता

गया। गया डेल्हा थाना अन्तर्गत कार्टन मिल, बालाजीनगर में अज्ञात सशस्त्र अपराधियों ने 42 वर्षीय हार्डवेयर कारोबारी अमोद कुमार को गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक डेल्हा थाना क्षेत्र के खरखुरा बालाजी अपार्टमेंट में रह रहा था।

सोमवार की देर शाम लगभग 07 बजे अपराधियों ने उसे गोली मारी जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई है। डेल्हा थाना को सूचना मिलने के बाद डेल्हा थाना की पुलिस घटनास्थल पर अपराधियों के निशानदेही के लिए छानबीन की। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती को सूचना प्राप्त होने के पश्चात तत्क्षण शहरी क्षेत्रों के सभी थाना के साथ पुलिस उपाधीक्षक, नगर, गया एवं नगर पुलिस अधीक्षक, गया को घटना स्थल पर भेजा गया तथा शहरी क्षेत्र के आस-पास वाहन चेकिंग लगाने हेतु सभी संबंधित थाना को आदेशित किया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक, गया एवं पुलिस उपाधीक्षक, नगर, गया के द्वारा घटना स्थल पर ससमय पहुँचकर घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए कांड अनुसंधान प्रारम्भ किया गया है। इस कांड के उद्भेदन एवं कांड में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु नगर पुलिस अधीक्षक, गया के नेतृत्व में पुलिस उपाधीक्षक, नगर, गया के साथ अन्य डेल्हा थाना एवं पुलिस पदाधिकारियों को शामिल करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की कारवाई की जा रही है। जल्द ही कांड का उद्भेदन करते हुए कांड में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

संगीता ने दिव्यांगता को नहीं बनने दी बाधा, स्वरोजगार से मिला स्वावलंबन

सतत जीविकोपार्जन योजना के माध्यम से संगीता देवी को उम्मीद की एक नई राह दिखाई दी

प्रात: किरण संवाददाता

गया। गया के इमामगंज प्रखंड के भवनडीह पंचायत के पसेवा गांव की संगीता देवी शारीरिक रूप से अक्षम होने के बाद भी अपने हौसले किसी से कम नहीं हैं। अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इनके परिवार में छह लोगों हैं। वर्तमान में अपने घर पर श्रृंगार दुकान चला रही है। ग्राम संगठन के माध्यम से सतत जीविकोपार्जन योजना के माध्यम से संगीता देवी को श्रृंगार का सामान दिलाकर दुकान खुलवाया गया है। संगीता देवी का चयन देशी शराब की बिक्री से जुड़े परिवार के रूप में किया गया है। योजना से प्राप्त पूंजी में क्रमिक वृद्धि करते हुए संगीता देवी निर्धनता से आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ी हैं। सरकारी योजना जैसे- जन वितरण प्रणाली, सुरिक्षत आवास, स्वच्छ पेय जल, घर में शौचालय का उपयोग, आदि का लाभ भी हुआ है। इसी प्रकार कई बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए इन्हें मिशन स्वावलंबन के तहत प्रमाण पत्र दिया गया है।

दीदी बताती है उनके पति अशोक पासवान मानसिक रूप से कमजोर है।जिसकी वजह से वह कोई काम नहीं कर पते। उन्हें ही परिवार का ध्यान रखना होता है। पहले दीदी के परिवार का भरण पोषण उनके ससुर के द्वारा मजदूरी कर किया जाता था। मजदूरी करने के दौरान ससुर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। उनके कमर में भरी चोट लग गई जिसके कारण उनकी मजदूरी छूट गई है। इस कारण परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो गई है। अब परिवार की पूरी जिम्मेदारी संगीता दीदी के ऊपर आ गई है। जिसके कारण मजबूरन दीदी शराब बेचने का कार्य करना पड़ा है। राज्य सरकार द्वारा शराब बंदी घोषित होने के बाद दीदी के परिवार की माली स्थिति बहुत बिगड़ गई है। कमाने का कोई रास्ता नहीं दिख रहा था। जीविकोपार्जन योजना के माध्यम से संगीता देवी को उम्मीद की एक नई राह दिखाई दी है।

संगीता देवी को ज्योति जीविका महिला ग्राम संगठन के माध्यम योजना के साथ जोड़ा गया है। उन्हें श्रृंगार दुकान खोलने के लिए ग्राम संगठन के माध्यम से 20000 रुपए मूल्य का सामान दिया गया है। इसके साथ ही योजना के माध्यम से सात माह तक 1000 रुपए प्रति माह की दर से जीविकोपार्जन अंतराल राशि सीधे बैंक खाते में भेजी गई है। परिवार को दैनिक खर्च के अलग से मासिक 1000 रुपए मिले। इससे दुकान की पूँजी बढ़ाने में मदद मिली। बाद में इन्हें दुकान के संरचना निर्माण हेतु 10,000 रुपए की विशेष निवेश राशि भी दी गई है। आज इस श्रृंगार दुकान के बदौलत संगीता दीदी अपने परिवार का भरण पोषण कर रही है। दीदी को नियमित तौर पर मास्टर संसाधन सेवी एमआरपी के द्वारा मार्गदर्शन सह सहयोग प्रदान कराया गया है। आज दीदी ने अपने मूल श्रृंगार दुकान के साथ एक गुमटी बनवाकर किराना का कुछ सामान भी रखने लगी है।संगीता देवी अपने घर पर श्रृंगार का सामान बेचती है और उनके ससुर किराना दुकान (गुमटी) चलने में दीदी को मदद करते हैं। वर्तमान में दुकान से दीदी 5000 से 6000 रुपया मासिक की आमदनी कर रही है। संगीता देवी कुछ आमदनी बचाकर एक सिलाई मशीन भी खरीदी लिया है।जिससे बचे हुए समय में कपड़ा सिलाई कर भी कुछ आमदनी हो जाती है। इसके साथ ही इन्होनें बत्तख पालन भी आरंभ कर दिया है। अपने आत्मविश्वास और मेहनत की बदौलत दिव्यांग होते हुए अपने परिवार का भरण पोषण कर रही है। दीदी अपने दोनों बच्चो को अच्छी तरह से शिक्षा देना चाहती है।जिससे वे जीवन में कुछ अच्छा करें। दुकान मिलने से संगीता देवी खुश है। वह कहती है जीविका में जुड़ने के बाद ही जीवन बदला है। वह जीविका सभी का धन्यवाद् करती हैं।

सेविकाओं का क्षमतावर्द्धन कार्यशाला अयोजिय जन्म-मृत्यु निबंधन की विभिन्न पहलुओं से अवगत हुई सेविकाएं

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी/खजौली। मधुबनी जिला के खजौली योजना एवं विकास विभाग पटना के निदेशालोक में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी के नेतृत्व में जन्म-मृत्यु निबंधन कार्य मे प्रगति को लेकर स्थानीय प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को एक दिवसीय क्षमतावर्द्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में प्रखंड की सभी आंगनवाड़ी सेविकाएं, पंचायत सचिव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर उपस्थित अवर सांख्यिकी पदाधिकारी राघवेन्द्र नारायण ने उपस्थित कर्मियों एवं पदाधिकारियों को जन्म-मृत्यु निबंधन कार्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा की जन्म-मृत्यु निबंधन कार्य में गति लाने तथा निबंधन कार्य में आने वाली कठिनाईयों के निवारण को लेकर प्रखंड स्तर पर क्षमतावर्द्धन कार्यशाला का आयोजन विभागीय निदेशालोक में किया जा रहा है। इस क्रम में उन्होंने निबंधन कार्य से जुड़े सेविकाओं के विभिन्न सवालों का जवाब दिया तथा उनकी दुविधाओं को दूर किया। उन्होंने प्रपत्र के माध्यम से सेविकाओं पंचायत सचिव को जन्म-मृत्यु निबंधन की विन्दुवार जानकारी दी। इस मौके पर बीडीओ मनीष कुमार सीडीपीओ रीता रानी डाटा ऑपरेटर शिशुपाल सहित प्रखंड के सभी आंगनवाड़ी सेविका एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे।

विभिन्न विधाओं में उपलब्धियों के लिए सतीश मिश्र सम्मान से किया गया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता

गया। विष्णुपद मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में समाजवादी लोक परिषद एवं मगही साहित्य संगम के संयुक्त बैनर तले सतीश कुमार मिश्र सम्मान समारोह-2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन साहित्यकारों एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर हुआ।

इस अवसर पर मगही भाषा के सर्वमान्य एवं ख्यातिप्राप्त सहित्यकार पं सतीश कुमार मिश्र की 76वीं जयंती के उपलक्ष्य पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। कार्यक्रम में विषय प्रवेश करते हुए साहित्यकार हिमांशु शेखर ने कहा की सतीश कुमार मिश्र सम्मान समारोह प्रत्येक वर्ष बिहार के विभिन्न क्षेत्रों को आच्छादित करते हुए देश समाज एवं संस्थाओं को जनसंवेदनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से मनाया जाता है। क्योंकि बाबू जी जीवन पर्यंत इन्हीं के विकास हेतु प्रयासरत रहें।कार्यक्रम में आए उनके समकालीन वरिष्ठ साहित्यकारों ने उनके साथ बिताए संस्मरण को सुनाया। इस दौरान बिहार के 10 जिलों के विशिष्ट व्यक्तियों को उनके विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय योगदान हेतु सतीश कुमार मिश्र सम्मान से प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मिथिला की बेटी ऋचा झा के द्वारा लिखित पुस्तक 'मैं मगही हूँ' का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ रामकृष्ण, डॉ सच्चिदानंद प्रेमी, भरत सिंह, नरेंद्र सिंह, कन्हैयालाल मेहरवार, मनोज कुमार मिश्र, बीणा मिश्रा, सत्येंद्र कुमार पाठक, राजन सिजुआर, रानी मिश्रा आदि साहित्यकारों ने मगही एवं हिंदी रचनाएं सुनाकर उपस्थित श्रोताओं का मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कन्हैयालाल मेहरवार, संचालन अशोक समदर्शी एवं समन्वय हेमांशु शेखर ने किया। कार्यक्रम में वीणा मिश्रा को महिला सशक्तिकरण, कृष्ण मुरारी सिंह किसान, राजीव रंजन, आचार्य गोपाल को साहित्य, राजेश मंझवेकर,चंदन कुमार, अभय कुमार, दीपक कुमार को पत्रकारिता, राजन सिजुआर ,सुरेश शर्मा, निशा कुमारी को कला संस्कृति, तनिक सिंह, उपेंद्र कुमार प्रेमी व पारस सिंह को समाजसेवा, किरण कुमारी शर्मा को जनप्रतिनिधि सम्मान से सम्मानित किया गया।

जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पर लगाये गये आरोप बेबुनियाद : जिला परिषद अध्यक्ष

प्रात: किरण संवाददाता

गया।जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी एवं उपाध्यक्ष डॉ शीतल प्रसाद यादव ने सोमवार को जिला परिषद अध्यक्ष आवास पर संयुक्त रूप से एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है ।इस प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी एवं उपाध्यक्ष डॉ शीतल प्रसाद यादव ने कहा कि बीते 7 जनवरी को जिला परिषद सभागार में सामान्य बैठक का आयोजन किया गया था।इस बैठक के दौरान जिले के फतेहपुर प्रखंड के एक महिला सदस्य ने बैठक का विरोध कर सदन से बाहर आकर धरना पर बैठ गई थी जिसको लेकर जिले में लोगों के बीच अच्छा संदेश नहीं गया है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद सभागार में चल रहे बैठक के दौरान किसी भी सम्मानित सदस्य बैठक का बहिष्कार कर अगर सदन से बाहर आकर इस तरह का हरकत करे तो यह अशोभनीय होती है । आगे कहा कि जिस तरह से जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पर आरोप लगाया गया है कि जिला परिषद के जमीन को बेचा जा रहा है वह वह बेबुनियाद है ।वहीं उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला परिषद सदस्य श्वेता यादव ने किसी के बहकावे में आकर सदन का विरोध किया है क्योंकि कुल 46 पार्षदों में से एक या दो सदन का विरोध बराबर करते हैं और बाकी सब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पक्ष में ही रहते हैं ।जो भी आरोप लगाए गए हैं वह बिल्कुल निराधार है ।डॉ शीतल प्रसाद यादव ने कहा कि मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली की जिला परिषद सदस्य शवेता यादव के द्वारा अध्यक्ष नैना कुमारी पर बैठक के दौरान सदन में नहीं बोलने का मौका देने का आरोप लगाया गया है जो बिल्कुल गलत है ।उन्होंने कहा कि पूरी जानकारी लेने के बाद श्वेता यादव से भी बात करने की कोशिश किया परंतु उचित जवाब न मिलने के कारण मजबूर होकर प्रेस वार्ता का आयोजन कर इसका खंडन करते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि भारत सरकार पीपीपी मोड पर विकास कार्य कर रही है उसी प्रकार जिला परिषद सदस्यों के पास भी अधिकार है कि अपने आय का संसाधन बढ़ाने के लिए जिले में विकास के लिए पीपी मोड पर निर्माण कर सकते हैं। इस संबंध में सामान्य बैठक में कुछ पार्षदों को छोड़कर सभी ने समर्थन किया। कुछ सदस्यों का मांग है कि प्रत्येक जिला परिषद सदस्य को आवास उपलब्ध कराया जाए पर संसाधन के अभाव में आवास नहीं बन पा रहा है इसलिए हम लोग आंतरिक संसाधन बढ़ाने के लिए और आत्मनिर्भर जिला परिषद को बनाना चाहते हैं। इस मौके पर डोभी जिला परिषद सदस्य कामेश्वर प्रसाद यादव ,फतेहपुर जिला परिषद सदस्य प्रेम कुमार, सदसय वीरेंद्र कुमार, मानपुर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजेंद्र यादव,बोधगया जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि अरविंद पासवान एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह उपस्थित थे।

झारखंड के रांची में महिला विकास मंच मधुबनी जयनगर टीम को मिला अपने कार्य को लेकर अमृत महोत्सव प्रथम सम्मान

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी/जयनगर। महिला विकास मंच द्वारा झारखंड के रांची में धूमधाम एवं भव्य तरीके से संस्था का आठवां वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो उपस्थित रहे। मंच पर उपस्थित अतिथियों ने महिला विकास मंच के कार्यो को सराहा और अत्याचार के खिलाफ उनकी इस लड़ाई को सराहनीय बताया। मुख्य अतिथि सुदेश महतो ने कहा कि महिला विकास मंच आज महिलाओं की समस्याओं को लेकर देश और झारखंड प्रदेश में मुखर होकर आवाज उठा रही है। साथ ही सुदेश महतो ने आवश्यकता पड़ने पर हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मंच पर संस्था की संरक्षक वीणा मानवी सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सबों ने महिलाओं एवं पुरषों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रखरता पूर्वक लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया।मधुबनी जिला को मिला प्रथम अमृत महोत्सव सम्मानमहिला विकास मंच के आठवें वार्षिकोत्सव समारोह के अवसर पर मधुबनी टीम को अमृत महोत्सव प्रथम सम्मान प्रदान किया गया। बता दें कि मधुबनी जिलाध्यक्ष दीपशिखा सिंह के नेतृत्व में मधुबनी टीम दिन-प्रतिदिन नई बुलंदियों को छू रहा है। एक नई इबारत लिख रहा है। दीपशिखा सिंह के नेतृत्व में मधुबनी टीम द्वारा अबतक सेकरो पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम किया गया है। मधुबनी टीम के कार्यो को देखते हुए वार्षिकोत्सव समारोह में अमृत महोत्सव प्रथम सम्मान प्रदान किया गया। जिला अध्यक्षा दीपशिखा सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारी संस्था का लक्ष्य है कि अन्याय एवं अत्याचार से पीड़ित सभी पुरुष एवं महिलाओं को न्याय दिलाया जा सके और इसी दिशा में हमलोग सदैव कार्यरत हैं।साथ ही दीपशिखा ने कहा कि जब भी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस प्रकार का सम्मान मिलता है तो ना केवल मेरा बल्कि पूरी टीम का मनोबल बढ़ता है और साथ ही और अधिक काम करने की प्रेरणा मिलती है। उसी बीच प्रिया राज ने बताया कि महिला विकास मंच मधुबनी टीम ग्राउंड पर जाकर कार्य करती है। और इनका पहल अद्भुत है काउंसलिंग करके कई लोगों का घर बसाया है आज का सम्मान हम सबों के लिए आगे बढ़ने का मनोबल हैं।

खास करके दीपशिखा जी का अपनी टीम को लेकर रात हो या दिन प्रीता के लिए तत्पर रहती है बहुत ही अच्छा कार्य कर रहे हैं जिले में इस अवसर पर जिला अध्यक्षा दीपशिखा सिंह जिला महासचिव सह मीडिया प्रभारी मनीष सिंह यादव प्रिया राज सुधीरा यादव कविता देवी अंजली कुमारी नेहा कुमारी अनिला देवी प्रशांत सुरेखा सहित जिला कार्यकारिणी के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

संपादकीय

प्रवासी भारतीय सम्मेलन की अहमियत

हर देश का भी अपने प्रवासियों से नाता बना रहता है। इसी के चलते भारत में प्रवासी दिवस मनाने की शुरुआत हुई थी, जिसमें हर साल दूसरे देशों में रह रहे भारतीय मूल के लोग कुछ दिनों के लिए यहां आते हैं। यह केवल सैर-सपाटे का अवसर नहीं होता, बल्कि उन्हें अपने देश के लिए कुछ करने का मौका भी होता है। दरअसल, प्रवासी सम्मेलन की शुरुआत ही इस मकसद से की गई थी कि दूसरे देशों में रह रहे भारतीय मूल के लोग यहां आकर निवेश के अवसर तलाश सकें। इंदौर में चल रहे सत्रहवें प्रवासी सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने भी इस तकाजे को एक बार फिर रेखांकित किया। उन्होंने दूसरे देशों में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को विदेशी धरती पर भारत का 'ब्रांड एंबेसडर' बताया। इस सम्मेलन में सत्तर देशों के साढ़े तीन हजार प्रवासी भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री के संबोधन से पहले विदेशमंत्री ने भी इस सम्मेलन को प्रवासी भारतीयों के लिए अपने संबंधों को नया करने, नई ऊर्जा से भरने और नए पहलुओं को जोड़ने के एक अवसर के रूप में रेखांकित किया। इस बार के प्रवासी भारतीय सम्मेलन की अहमियत इसलिए भी है कि इस वर्ष जी-20 समूह की अध्यक्षता भारत कर रहा है और यहां निवेश संबंधी अनेक नए अवसर खुले हैं। भारत विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। पूरी दुनिया अब भारत की तरफ देख रही है। ऐसे अनेक अवसर आए, जब विश्व के विकसित कहे जाने वाले देशों ने भी भारत को अहमियत दी। कोरोना के समय भारत ने अपने बल पर न केवल इसके टीके बनाए, बल्कि दुनिया के उन्नत कहे जाने वाले देशों की तुलना में अधिक तेजी से और बड़ी संख्या में टीके लगाने में कामयाबी भी हासिल की। अरिहंत जैसा स्वदेशी जलपोत तैयार किया, उपग्रह प्रक्षेपण के मामले में प्रतिस्पर्धी ढंग से आगे बढ़ रहा है। इस तरह भारत से जाकर दूसरे देशों में कारोबार कर रहे लोगों के लिए भारत के प्रति आकर्षण की स्वाभाविक वजहें हैं। इस समय जिस तरह पूरी दुनिया मंदी की आशंका से ग्रस्त है और कारोबारी सुस्ती छाई हुई है, उसमें तमाम देश अपने लिए नया बाजार तलाश रहे हैं। ऐसे में निवेश की दृष्टि से भारत एक बेहतर जगह साबित हो सकता है। इसलिए इस बार के प्रवासी सम्मेलन से स्वाभाविक ही उम्मीद बनती है कि भारतीय मूल के लोगों को यहां कारोबार की नई संभावनाएं तलाशने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार ने स्टार्टअप और मेक इन इंडिया योजनाओं के तहत लाखों युवाओं को नए आविष्कार और रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। इस तरह यहां एक समृद्ध कारोबारी वातावरण बना है। विदेशी कंपनियों के लिए नियम और शर्तें काफी लचीली बना दी है। अब तो विदेशी विश्वविद्यालयों को अपने परिसर भी यहां खोलने की इज्जत दे दी है। ऐसे में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों के लिए अनुकूल कारोबारी वातावरण उपलब्ध है। व्यवसाय के लिए सबसे जरूरी चीज होती है, कारोबारी वातावरण और बाजार। ये दोनों चीजें इस समय उपलब्ध हैं। अगर प्रवासी भारतीय भारत में निवेश के लिए आगे बढ़ते हैं, तो न सिर्फ यहां कुछ नए क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे, बल्कि निर्यात को भी गति मिलने की उम्मीद की जा सकती है। निस्संदेह इस बार के प्रवासी सम्मेलन से बेहतर नतीजे आने की आशा है।

बढ़ती उम्र के साथ लोगों में भूलने की आदत...

योगेश कुमार गोयल

प्राय- देखा जाता है कि बढ़ती उम्र के साथ कुछ लोगों में भूलने की आदत विकसित होने लगती है। ऐसे में लोगों को कुछ भी याद नहीं रहता, उन्हें किसी को पहचानने में भी दिक्कत आती है। हालांकि ऐसी स्थितियों को अक्सर समाज में यही सोचकर काफी हल्के में लिया जाता है कि बढ़ती उम्र के साथ ऐसा होना स्वाभाविक है, लेकिन वास्तव में यह बढ़ती उम्र की कोई स्वाभाविक प्रक्रिया नहीं, बल्कि उनमें पनपने वाली अल्जाइमर नामक बीमारी है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ व्यक्ति के मस्तिष्क में भी कुछ बदलाव होते हैं। कभी-कभी कुछ बातों को याद करने में समस्याएं आ सकती हैं। मगर अल्जाइमर रोग तथा अन्य प्रकार के मनोभ्रंश यानी डिमेंशिया में स्मृतिलोप और कुछ अन्य लक्षण उत्पन्न होते हैं, जो दैनिक जीवन में गंभीर कठिनाइयां पैदा करते हैं। हालांकि सभी प्रकार के स्मृतिलोप का कारण अल्जाइमर नहीं होता। याददाश्त, सोचने और व्यवहार संबंधी समस्याएं पैदा करने वाला अल्जाइमर सबसे आम प्रकार का मनोभ्रंश है। आरंभिक चरण में इसके लक्षण बहुत कम हो सकते हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह रोग मस्तिष्क को ज्यादा नुकसान पहुंचाता है, लक्षण बिगड़ने लगते हैं। प्रत्येक व्यक्ति में इस बीमारी के बढ़ने की दर अलग होती है। अल्जाइमर एसोसिएशन के अनुसार दुनिया भर में इस समय करीब 4.4 करोड़ लोग मनोभ्रंश से ग्रस्त हैं। 'अल्जाइमर ऐंड रिलेटेड डिसआर्डर सोसाइटी आफ इंडिया' (एआरडीएसआइ) की 'डिमेंशिया इंडिया रिपोर्ट' में कहा गया है कि वर्ष 2030 तक करीब छिहत्तर लाख भारतीय अल्जाइमर और अन्य डिमेंशिया की स्थिति से पीड़ित होंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अमेरिका में तो अल्जाइमर ही हर सातवीं मौत का प्रमुख कारण है। दरअसल, उम्र बढ़ने के साथ कई प्रकार की बीमारियां शरीर को जकड़नी शुरू कर देती हैं और ऐसी ही बीमारियों में से एक बुढ़ापे में भूलने की बीमारी 'अल्जाइमर-डिमेंशिया' है। आंकड़ों के मुताबिक चीन में अल्जाइमर रोगियों की संख्या पूरी दुनिया में सबसे अधिक है, लेकिन वहां इस रोग के उपचार की दर अपेक्षाकृत कम है। इसका सबसे बड़ा कारण वहां बुजुर्ग आबादी की लगातार बढ़ती जनसंख्या के अलावा अधिकांश लोगों के मस्तिष्क में इस बीमारी के बारे में व्याप्त गलतफहमी भी है। दरअसल, बुजुर्गों को अपने शिकंजे में जकड़ती इस बीमारी को लोग कोई बीमारी नहीं, बल्कि बढ़ती उम्र की एक सामान्य प्रक्रिया मानते हैं। माना जाता है कि अल्जाइमर मस्तिष्क की कोशिकाओं में और उसके आसपास प्लाक के असामान्य निर्माण के कारण होता है। प्लाक छोटे प्रोटीन (पेप्टाइड) के समुच्चय होते हैं, जिन्हें एमिलायड-बीटा कहा जाता है। दुनिया भर में अनुसंधानकर्ता अल्जाइमर के अधिक प्रभावी उपचारों और चिकित्सा तथा अल्जाइमर की रोकथाम और मस्तिष्क स्वास्थ्य में सुधार के तरीके खोजने में जुटे हैं। अल्जाइमर को बढ़ने से रोकने

का कोई स्थायी उपचार नहीं है, लेकिन कुछ दवाओं के जरिए डिमेंशिया के लक्षणों का इलाज किया जा सकता है। ये दवाएं मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटरों में बढ़ोतरी करने के माध्यम से काम करती हैं। अल्जाइमर का पता लगाने का कोई आसान तरीका नहीं है और निदान के लिए एक संपूर्ण चिकित्सा जांच की आवश्यकता होती है। भारतीय शोधकर्ताओं को एक ताजा अध्ययन में अल्जाइमर का पता लगाने के लिए चीरफाड़ रहित और प्रभावी फ्लोरोसेंट आणविक परीक्षण विधि विकसित करने में सफलता मिली है। आइआइटी जोधपुर, आइआइटी खडगपुर और सीएसआइआर की कोलकाता स्थित घटक प्रयोगशाला 'भारतीय रासायनिक जीवविज्ञान संस्थान' (आइआइसीबी) के सहयोग से यह संयुक्त अध्ययन किया गया। प्रयोगशाला में जिस अणु की खोज की गई है, वह मस्तिष्क में जाकर प्रतिदीप्ति प्रकाश से अल्जाइमर और उसकी तीव्रता का मापन करेगा और भविष्य में इस अणु के जरिए अल्जाइमर का शुरुआती दौर में ही पता लग सकेगा। अल्जाइमर एक ऐसा स्नायविक विकार है, जिससे दिमाग के सिकुड़ने, इसके ऊतकों के मरने आदि की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। प्राय- देखा जाता है कि बढ़ती उम्र के साथ कुछ लोगों में भूलने की आदत विकसित होने लगती है। ऐसे में लोगों को कुछ भी याद नहीं रहता, उन्हें किसी को पहचानने में भी दिक्कत आती है।हालांकि ऐसी स्थितियों को अक्सर समाज में यही सोचकर काफी हल्के में लिया जाता है कि बढ़ती उम्र के साथ ऐसा होना स्वाभाविक है, लेकिन वास्तव में यह बढ़ती उम्र की कोई स्वाभाविक प्रक्रिया नहीं, बल्कि उनमें पनपने वाली अल्जाइमर नामक बीमारी है। अगर कोई व्यक्ति सब कुछ भूल जाए, तो आसानी से समझा जा सकता है कि ऐसे व्यक्ति की जिंदगी कितनी कठिनाइयों से भर जाएगी। आजकल इस बीमारी की चपेट में युवा भी आने लगे हैं और पिछले कुछ वर्षों से इस बीमारी के मरीजों की संख्या में काफी बढ़ोतरी देखी गई है। भारत में इस समय करीब तिरपन लाख लोग किसी न किसी प्रकार के डिमेंशिया से पीड़ित हैं। अनुमान है कि वर्ष 2025 तक केवल साठ वर्ष से अधिक आयु के करीब चौंसठ लाख व्यक्ति डिमेंशिया से पीड़ित होंगे। दिमाग से जुड़ी भूलने की यह बीमारी मस्तिष्क की नसों को नुकसान पहुंचने के कारण होती है। मस्तिष्क में प्रोटीन की संरचना में गड़बड़ी होने के कारण इस बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए इस बीमारी को लेकर जागरूकता और इसका उचित इलाज बेहद आवश्यक है। जरूरी सावधानियां और व्यायाम इस बीमारी में सहायक सिद्ध होते हैं। जीवनशैली में बदलाव करके कुछ हद तक इस बीमारी से बचा जा सकता है। ध्यान और योग से भी इस बीमारी से काफी हद तक राहत मिल सकती है। मस्तिष्क में होने वाली कुछ जटिल परेशानियां ही इस रोग का कारण हैं, लेकिन इस बीमारी के सही कारण अब तक ज्ञात नहीं हैं। डिमेंशिया अल्जाइमर रोग का सबसे सामान्य रूप है, जो मस्तिष्क की कोशिकाओं को नष्ट कर देता है, जिससे याददाश्त में कमी, अनियमित व्यवहार तथा शरीर की प्रक्रियाओं को नुकसान पहुंचता है।

समुद्र की गहराई में उतरने जैसा है बच्चों को जानना

श्रुति शर्मा

स्कूलों में शिक्षकों के बर्ताव को लेकर हम सबने बहुत कुछ पढ़ा है, इस पर बहुत कुछ लिखा गया है। लेकिन घर में अपने ही बच्चों के साथ हमारा बर्ताव कैसा होता है और वह कितना गलत है या सही है, इस पर हम सोचने की जरूरत नहीं समझते। बच्चों को सिर्फ जन्म देने भर से माता-पिता का दायित्व खत्म नहीं हो जाता, बल्कि इसके साथ ही शुरू होता है। बच्चों के साथ पूरी जिंदगी जूझना पड़ता है। जीवन के हर उन पहलुओं को अनुभव करके सीखना होता है जो हम सबको किसी किताब को पढ़ कर नहीं मिल सकते। बच्चों की इच्छा के विरुद्ध कोई भी काम उनसे करवाना उनके साथ नाइंसाफी है। ऐसे बहुत से घर देखे जा सकते हैं, जहां घर के बड़ों ने बच्चों की इच्छाओं से ज्यादा अहमियत घर की साज-सज्जा को दे रखी है। अगर हमारे घर में बच्चा है और पूरा दिन हमारा घर एकदम व्यवस्थित है तो बच्चा निश्चित तौर पर वह सब कर रहा है, जो हमें पसंद है और जो हम उससे उम्मीद कर रहे हैं। बच्चा वह तो कतई नहीं कर पा रहा है जो उसे अच्छा लगता है। जबकि बच्चे के समग्र विकास के लिए जरूरी है कि उसको वह सब करने दिया जाए जो वह करना चाहे। बच्चे घर में अगर तोड़-फोड़ कर रहे हैं, पानी ढो रहे हैं, आटा घोल रहे हैं, सब्जियां फैला रहे हैं, रसोई में बर्तनों से खेल रहे हैं, पेपर फाड़ रहे हैं तो उसमें उन्हें मजा आ रहा है। वे इससे ज्यादा करेंगे भी क्या! बेशक ये सब हरकतें हमसे देखी नहीं जाती हैं, लेकिन कुछ हरकतें कर भी लेने देनी चाहिए। बच्चों को और कई मर्तबा हमको भी मजा आता है। मसलन, एक बच्ची के नाना दोपहर में अच्छी नींद में सो रहे थे। चार साल की बच्ची उनके ऊपर जाकर बैठ गई और बोली कि नाना चलो उठो आपको गीला करना है। नाना एकदम से उठे और उन्होंने सिर्फ एक शर्त रखी कि रुक जाओ, मैं आंगन में बैठ जाता हूं। फिर तुम जो मर्जी करना। बच्ची ने हामी भरी और तबीयत से उनको पूरा गीला किया। इस बीच हंसी-खेल का माहौल रहा। उसके बाद नाना और बच्ची, दोनों ने कपड़े बदले, नाना ने एक कप चाय पी और सब पहले जैसा ही हंसते-खेलते। हम अंदाजा लगा सकते हैं कि इस दौरान बच्ची को कितना सुकून मिला होगा। उसके बचपन के किस्सों में यह एक और किस्सा शुमार हो चुका होगा, जिसे वह खुद भी बड़ी होकर याद करेगी और औरों को भी बता सकेगी। हम चाहे कितने भी महंगे खिलौने बाजार से लाकर बच्चों को दे दें, जो मजा उन्हें घर के सामान से खेलने में आता है, वह सुख किसी महंगे खिलौने से नहीं मिलता। यह सब करके जो खुशी उनको मिलती है, मानसिक रूप से उनको कितना स्वस्थ और मजबूत बनाए रखती है, ये समझना हम बड़ों के लिए बेहद जरूरी है। बच्चे यह सब करते हुए क्या-क्या खोजबीन कर रहे होते हैं, इसकी तह तक जाना जरूरी है। लेकिन इस ओर हमारा ध्यान नहीं जाता और इसीलिए हम उन्हें वह सब करने से पूरे दिन रोकते ही रहते हैं। बल्कि उससे वह सब करवाते हैं जो उनके लिए बोरियत भरा होता है। छोटे बच्चे बोल नहीं पाते कि उन्हें बड़े क्यों नहीं समझ पा रहे, इसलिए रो रोकर घर सिर पर उठा लेते हैं और बड़े उन्हें जबरन चुप कराते हैं, अपनी सुविधा के लिए। हालांकि अगर बच्चे बोल भी पाते हैं तो उन्हें डांट-डपट कर या पिटाई करके एक जगह बैठा दिया जाता है। बच्चों की परवरिश आसन नहीं है। अच्छी परवरिश बच्चों पर खूब पैसा लुटाना नहीं है, बल्कि उनको समझना, उनके साथ समय बिताना, उनको वह सब अपने मार्गदर्शन में करने की आजादी देना है, जिससे उनके दिमाग खुल सकें, न कि वे संकीर्ण होते चले जाएं। उनको एक दिशा देना चाहिए, ताकि वे दुनिया को अपने इर्द-गिर्द हर उस चीज को अपने अनुभव और अवलोकन से समझ सकें। दरअसल, बच्चों की एक अलग दुनिया होती है। उस दुनिया में उनको दिन और रात का भी भान नहीं होता। अगर बच्चों की परवरिश के दौरान उन्हें बारीकी से समझे जाने की थोड़ी-सी कोशिश की जाए तो यही सामने आएगा कि बच्चों को सिर्फ वह काम करने में मजा आता हैं।

नोटबंदी के तीन आयाम

इसमें कोई संदेह नहीं कि नोटबंदी के मामले में केंद्र सरकार कानूनी लड़ाई जीत गई है। चार एक के फैसले से माननीय सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने याचिकाकर्ताओं की सभी दलीलों को खारिज कर दिया। एक बार जब सर्वोच्च अदालत कानून की घोषणा कर दे, तो सभी नागरिकों के लिए उसके निष्कर्ष बाध्यकारी होते हैं। असहमति वाला यह फैसला कानून की विचार करने की भावना और भविष्य की बुद्धिमत्ता के लिए एक आकर्षण भर रहेगा। उन छह सवालों को लेकर अदालत की क्या राय रही, जो उसी ने तय किए थे? आरबीआइ अधिनियम की धारा 26 की उपधारा (2) के तहत केंद्र सरकार को बैंक नोटों की सभी शृंखलाओं का (एक या अधिक मूल्य के) विमुद्रीकरण करने का अधिकार है। धारा (26), उपधारा (2) वैध है और इसे अत्यधिक प्रदत्त शक्तियों के उदाहरण के रूप में खत्म नहीं किया जा सकता। तात्कालिक मामले में निर्णय प्रक्रिया दोषपूर्ण नहीं थी। पूर्ण हो चुकी नोटबंदी आनुपातिक परीक्षण पर खरी उतरी। नोट बदलने के लिए दिया गया समय पर्याप्त था। अनुबंधित समयसीमा के बाद बंद किए गए नोटों को स्वीकार करने का आरबीआइ को अधिकार नहीं है। तकनीकी कानूनी सवालों को दरकिनार कर दें, तो सवाल एक और तीन के जवाब में ही पाठकों की दिलचस्पी होगी। केंद्र सरकार के नोटबंदी के अधिकार पर अदालत ने कहा कि यह संसद के अधिकार के समान था, बशर्ते इसके लिए आरबीआइ ने सिफारिश की हो। निर्णय प्रक्रिया पर अदालत ने कहा कि आरबीआइ के केंद्रीय बोर्ड ने सभी संबंधित पहलुओं पर विचार किया था और कैबिनेट ने भी सभी संबंधित पहलुओं पर विचार कर लिया था। अदालत ने कुछ अन्य पहलुओं पर भी टिप्पणी की, जो पाठकों के लिए दिलचस्प होंगी। इस सवाल पर कि क्या नोटबंदी के लक्ष्यों को हासिल कर लिया गया या नहीं, अदालत ने कहा कि इस सवाल की गहराई में जाने के लिए उसके पास विशेषज्ञता नहीं है। लोगों को हुई मुश्किलों के बारे में अदालत ने कहा कि सिर्फ कुछ नागरिकों को परेशानी हुई, यह इस बात का आधार नहीं होगा कि निर्णय कानूनन बुरा था। इस प्रकार कानूनी पहलुओं का फैसला सरकार के पक्ष में हुआ। हो सकता है कि कानूनी सवालों के जवाबों से दलीलें बंद हो जाएं, लेकिन दो अन्य आधारों पर बहस शुरू हो जाएगी। द इंडियन एक्सप्रेस, द हिंदू और टाइम्स आफ इंडिया के संपादकीयों में इन पर गौर फरमाया गया है। पिछले दो मौकों पर- 1946 और 1978 में एक अध्यादेश, जो संसद के कानून की जगह लाया गया था, के जरिए उच्च वर्ग मूल्य के नोट बंद किए गए थे। ऐसा पूर्ण विधायी शक्ति का इस्तेमाल करते हुए किया गया था। तब के रिजर्व बैंक गवर्नर ने नोटबंदी को समर्थन देने से इनकार कर दिया था। इसलिए संसद ने कानून पास किया। इसके नतीजों, चाहे अच्छे हों या बुरे, की जिम्मेवारी और लोगों को हुई मुश्किलों के लिए सांसद जिम्मेदार हैं, जिन्होंने कानून पास किया। संसद में इस पर बहस हुई और मान लिया गया कि फैसले की पुष्टि से पहले जन प्रतिनिधियों ने सभी संबंधित पहलुओं पर विचार कर लिया था। क्या यही बात आठ नवंबर, 2016 को कार्यकारी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए की गई नोटबंदी के मामले में भी कही जा सकती है? संसद को कोई भूमिका नहीं निभानी थी। तार्किक रूप से, नोटबंदी की नाकामी या उसके आर्थिक नतीजों के लिए जनप्रतिनिधियों को दोष नहीं दिया जा सकता। साल 2016 में चलन में नगदी सत्रह लाख बीस हजार करोड़ रुपए थी, जो 2022 में बढ़ कर बत्तीस लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई।

आज का राशिफल

मेष परिवार में सुख-शान्ति? रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी, परन्तु स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी को स्वास्?थ्य विकार हो सकते हैं। खर्च अधिक रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी रहेगा।

वृषभ सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। किसी सम्पत्ति से धन प्राप्त हो सकता है। आशा-निराशा के मिश्रित भाव मन में रहेंगे। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

मिथुन मानसिक कठिनाइयां रहेंगी। आत्मसंयत रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावनाएं बन रही हैं। अपनी भावनाओं को वश में रखें। बातचीत में संयत रहें। पारिवारिक सुख में कमी आ सकती है। आशा-निराशा के मिश्रित भाव रहेंगे।

कर्क क्रोध एवं आवेश की अधिकता हो सकती है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्षेत्र बन सकता है।अति उत्साही होने से बचें। नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से दूर रहें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय बढ़ेगी।

सिंह घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मन प्रसन्न रहेगा। आय में वृद्धि होगी। माता के स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति? होगी। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

कन्या कार्यों के प्रति जोश एवं उत्साह रहेगा। मानसिक शान्ति? रहेगी। सन्तान सुख में वृद्धि हो सकती है। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बनेंगे। कारोबार के प्रति सचेत रहें। सेहत का ध्यान रखें। वाहन सुख में कमी आएगी।

तुला किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं, परन्तु जलाशय एवं नदी आदि में स्नान से बचें। मानसिक शान्ति? के लिए प्रयास करें। माता-पिता के स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी।

वृश्चिक कार्यक्षेत्र में सफलता मि?लेगी। आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं। धन वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

धनु परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी। बातचीत में संयत रहें। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु अति उत्साही होने से बचें।

मकर संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है।

कुंभ जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्त हो सकता है। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में इच्छा विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

मीन स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है। लंबे समय से रुके हुए काम बनेंगे। संयत रहें। आलस्य अधिक हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार होगा। माता-पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 4749

		7				9		8
	3		1	7				4
					6			
6	9	8	7	4		3		
		3		1		4		
		1		3	9	7	6	2
			4					
9				5	1		4	
4		5				1		

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 4748

2	9	6	1	4	5	8	3	7
3	5	7	8	2	6	1	4	9
1	4	8	9	3	7	5	2	6
6	3	9	5	1	2	4	7	8
5	8	1	7	6	4	3	9	2
4	7	2	3	9	8	6	1	5
9	6	4	2	8	3	7	5	1
8	1	5	4	7	9	2	6	3
7	2	3	6	5	1	9	8	4

वर्ग पहेली 4749

1		2	■	3		4	■
	■	5			■	6	
7	8		■	9			■
10		■	11		■	12	13
14		15		■	16	■	
	■	17		18		■	
■	19		■		■	20	
21			■	22			

संकेत: बाएं से दाएं

1. ब्रायन लारा पहले ऐसे क्रिकेटर है जिसने टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा 400 रन बनाए, यह स्कोर इस देश के खिलाफ बनाए थे (3)
3. 14 वीं-15 वीं शताब्दी के प्रसिद्ध सूफी संत जिन्हें नीरूनमीमा नामक जुलाहे दंपत्ति ने पाला था (3)
5. काव्य मर्मज्ञ, रस पान करने वाला (3)
6. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
7. जागृत होना, नींद से उठना (3)
9. जीवन, जिंदगी (3)
10. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
11. ब्रह्म, विद्या, आगे की ओर (2)
12. छोटा, निःसार, तीन प्रकार के प्राणायामों में से एक (2)
14. वायुयान में चालक के बैठने की सीट (4)
17. अपने अधिकारों का दुरूपयोग करने वाला, स्वेच्छाचारी (4)
19. एक बार सांस लेने का समस, कश (2)
20. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
21. जिसने कोई घटना अपनी आंखों से देखी हो, साक्ष्य (3)
22. अग्नि बुझाने का यंत्र (4)

ऊपर से नीचे

1. इंतजाम करने वाला (6)
2. भयभीत होना, खौफ जदा होना (3)
3. क से ह तक की वर्णमाला (4)
4. पुराणानुसार सात लोकों में से छठे लोक का नाम जहां की भूमि पथरीली है (4)
8. खुशबू, सुगंध, महक (3)
11. बिहार के इस शहर का पुराना नाम पाटलिपुत्र था (3)
13. किसी द्रव्य या पानी में घुलने वाला (5)
15. पिता का पिता, दादा, बाबा (4)
16. अनुराग, प्रेम, लालसा, इच्छा (2)
18. संभव है कि, कदाचित (3)
19. औषधि, उपचार (2)
20. कौआ पक्षी, काग (2)

वर्ग पहेली 4748 का हल

ला	हौ	र	■	ब	र	ग	द
म	ज	मा	■	ह	मा	रा	■
बं	■	ना	म	क	■	रा	पी
दी	न	■	स	ना	थ	■	प
■	म	ह	ल	■	प	ह	ल
ता	क	■	ना	पा	क	■	■
■	ख्वा	ब	■	ता	ना	बा	ना
शा	र	दा	■	ल	■	द	ल

संक्षिप्त खबरें

उत्पाद अधिनियम के तहत आरोपित गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के सिधवलिया पुलिस ने जलालपुर खुर्द गांव में छापेमारी कर उत्पाद अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनोज प्रसाद को आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में गोपालगंज भेजा गया है।

छापेमारी अभियान में दो वारंटी गिरफ्तार

गोपालगंज ।जिले के सिधवलिया थाने की पुलिस ने कल्याणपुर मधुबनी गांव में छापेमारी कर पूर्व के मुकदमे में फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में अनिल सिंह व ललन साह शामिल हैं। जिन्हें मंगलवार को न्यायिक हिरासत में गोपालगंज भेजा गया।

शराब के नशे में हंगामा कर रहा युवक गिरफ्तार

गोपालगंज प्रातः किरण संवाददाता जिले के सिधवलिया थाने की पुलिस ने सलेमपुर बाजार में गुप्त सूचना के आधार पर शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। थानेदार धनंजय कुमार ने बताया कि सलेमपुर गांव के मिथिलेश कुमार को गश्ती टीम ने तत्काल गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक का मेडिकल जांच कराया गया। उसके बाद न्यायिक हिरासत में गोपालगंज भेजा गया।

सुगर मिल मजदुरो ने दिया एक दिवसीय धरना

गोपालगंज। जिले के सिधवलिया प्रखंड के भारत सुगर मिल सिधवलिया के प्रांगण में भारत सुगर मिल मजदूर संघ (इंटक) बुचेया, सिधवलिया ने अपनी 9 सूत्री मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना दिया। धरना को संबोधित करते हुए सचिव मनोज तिवारी ने कहा कि चीनी मिल पुर्नक्षितमान लागू करें। मजदूर नेता कृष्ण बिहारी यादव ने कहा कि चीनी मिल उच्च न्यायालय के आदेश को मानकर 20 प्रतिषत बोनस दे। वही उपाध्यक्ष उपेंद्र तिवारी ने कहा कि ठेकेदारी पर कार्य कर रहे मजदूरों को पे रोल पर बहाल करें। धरना को मजदूर नेताओं में राम कुमार मांझी, विजय सिंह, शंभू पांडेय, बलिंदर राय, धर्म नाथ महतो, सुनीता पवार सहित अन्य मजदूर नेताओं ने संबोधित किया। मौके पर अन्य मजदूर भी उपस्थित रहे।

संदिग्ध स्थिति में महिला की मौत

गोपालगंज ।जिले के जादोपुर थाना क्षेत्र के जादोपुर बाजार की एक महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी। जबकि एक युवती का गम्भीर स्थिति में सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। महिला की मौत का खुलासा नही हो सका है। चिकित्सको ने ठंढ में हार्ड अटैक या किसी जहरिले जानवर के काटने से मौत की आषंका जताई है। सूचना पाकर पहुची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

दलित उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

गोपालगंज ।जिले के भोरे पुलिस ने थाना क्षेत्र के डूमर नरेंद्र गांव में कार्रवाई करते हुए दिलत उत्पीड़न के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसे आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बताया जाता है कि डूमर नरेंद्र गांव निवासी हृदयानंद चैहान के विरूद्ध स्थानीय थाने में कांड संख्या 534/22 दर्ज किया गया था। जिसमें दलित उत्पीड़न का आरोप लगा था। इसी मामले में पुलिस ने हृदयानंद चैहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

आंगनबाड़ी केंद्र में हुई चोरी, प्राथमिकी दर्ज

गोपालगंज। जिले के भोरे थाना क्षेत्र के करमासी गांव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का ताला काटकर कुछ अज्ञात चोरों ने उसमें रखा खाद्यान्न गायब कर दिया। मामले को लेकर स्थानीय थाने में सेविका के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जाता है कि कड़ाके की ठंड के बीच देर रात कुछ अज्ञात चोरों ने केंद्र का ताला तोड़ कर उसमें रखे सामानों की चोरी कर ली। मामले में सेविका विभा शाही के बयान पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

बगहवां मिश्र पैक्स अध्यक्ष के खिलाफ डीएम से की शिकायत

गोपालगंज ।जिले के भोरे प्रखंड के बगहवां मिश्र पैक्स अध्यक्ष पर किसानों के साथ धोखाधड़ी करने और यूपी से चावल खरीद कर सरकार का धोखा देने का आरोप लगाकर डीएम से शिकायत की गई है। पंचायत के समाजसेवी युगल किशोर सिंह ने आरोप लगाया है कि पैक्स अध्यक्ष विजय बिहारी के द्वारा पंचायत के किसानों का धान नहीं खरीदकर यूपी से सीधे चावल खरीदकर सरकार को धोखा दिया जा रहा है। डीएम को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

फुलवरिया में गणेश चतुर्थी पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मांगी मन्नतें

नेपाल, यूपी व बिहार के कई जिले से पहुंचे श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के फुवरिया प्रखंड के गणेश स्थान माझा गांव में भगवान श्रीगणेश पुरी मंदिर में गणेश चतुर्थी पर हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना व जलाभिषेक कर अपनी मन्नतें मांगी। मंगलवार के अहले-सुबह श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु पूजा-अर्चना के बाद जलाभिषेक कर अपनी-अपनी मन्नते मांगतें रहें। गणेश चतुर्थी पर श्रीगणेश कि पूजा करने के लिए नेपाल, उत्तर प्रदेश व बिहार के विभिन्न जिलों से श्रद्धालु पहुंचकर लाभान्वित हुए।

श्रद्धालुओं में भगवान श्री गणेश की आस्था को लेकर कड़ाके की ठंड में भी काफी उत्साह देखा गया। मंदिर के पुजारी विश्वनाथ तिवारी व वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि माघ मास में गणेश चतुर्थी पर जो श्रद्धालु पहुंचकर अपनी मन्नतें मांगते हैं, भगवान श्रीगणेश उनकी मन्नते पूरी करते हैं। गणेश चतुर्थी के दर्शन करने के बाद एक माह तक लगने वाली ऐतिहासिक मेला का भी शुभारंभ हो गया। जहां पंचायत के मुखिया आनंद मोहन राय, उप प्रमुख प्रतिनिधि विपिन तिवारी, प्रेम पांडेय सहित अन्य ने बताया कि इस मेले में दूर-दराज से दुकानदार पहुंचकर अपने कला का प्रदर्शन कलात्मक वस्तुओ को निर्मित कर आम लोगों के बिक्री के लिए तरसाते है। यहां शादी विवाह के अवसरों के साथ साथ अपने-अपने घरों के ड्राइंग रूम के सजावट की वस्तु खरीदने के लिए लोग मेले में आकर्षित होते है। यह मेला फर्नीचर की बिक्री के लिए अति महत्वपूर्ण है। समय व कार्यकाल के दौरान जगह जगह छोटे-मोटे बाजार विकसित होने के बावजूद भी गणेश स्थान मेला ऐतिहासिक धरोहर आज भी बना हुआ है। गणेश चतुर्थी के दिन ही जिले के एकमात्र गणेश मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रीगणेश की पूजा के लिए नेपाल, उत्तर प्रदेश, मोतिहारी, पूर्वी चंपारण, सिवान, छपरा, वैशाली के साथ-साथ विभिन्न जिलों के श्रद्धालु पहुंच कर पूजा-अर्चना व जलाभिषेक कर अपनी सारी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। मंदिर के पुजारी ने बताया कि गणेश स्थान माझा का जिक्र गणेश पुराण में भी अंकित है। जिसको लेकर श्रद्धालुओं ने इस मंदिर का खास महत्व दिया है। इस प्राचीन मंदिर में श्रीगणेश की पूजा अर्चना के साथ-साथ जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। उधर मेला में विधि व्यवस्था को लेकर बीडीओ अजित कुमार रौशन, सीओ खुशबू खातून, थानाध्यक्ष अब्दुल मजीद व एएसआई धनंजय कुमार सिंह पुलिस बल के जवानों के साथ मुस्तैद दिखे।

संदेहास्पद मौत मामले में फरार पति गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के तुलसिया गांव में बीस दिन पूर्व हुए महिला नीतू देवी के रहस्यमय ढंग से मौत मामले में फरार आरोपित पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसे मंगलवार के दिन न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के तुलसिया गांव के अखिलेश साह के रूप में की गई है।

मामले में मृतक के पिता के आवेदन पर मृतक महिला के गिरफ्तार पति अखिलेश साह, सास, ससुर सहित चार नामजद और 20 अज्ञात के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना, हत्या और शव जलाने को लेकर थाने में प्राथमिकी कराई गई थी। तभी से सभी आरोपित फरार चल रहे थे। मामले में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के सेवरही थाना क्षेत्र के अजय नगर निवासी रामवृक्ष निषाद ने आरोप लगाया था कि उनके 26 वर्षीय बेटी नीतू देवी का विवाह बीते 21 मई को हिंदू रीति रिवाज के साथ थाना क्षेत्र के तुलसिया गांव के दसई प्रसाद के बेटे अखिलेश प्रसाद के साथ हुआ था। शादी के बाद सास, ससुर, ननद दहेज में मोटरसाइकिल, फ्रीज व वाशिंग मशीन की मांग करने लगे। जिसे देने में हमने असमर्थता जताई तो मेरी बेटी को प्रताड़ित किया जाने लगा। एक बार बेटी से मिलने आने पर बेटी के ससुराल वालों ने घेर कर पंचायती शुरू कर दी। इस दौरान पंचों ने भी दहेज में मोटरसाइकिल देने पर मामला हल करने और मोटरसाइकिल नहीं देने पर बेटी के साथ किसी अनहोनी की धमकी दी गई थी। इसी दौरान 21 दिसंबर की सुबह सूचना मिली की ससुराल वाले मेरी बेटी को जला रहे हैं। मामले की जांच करने अपने बेटे के साथ मौके पर पहुंचने पर देखा कि बेटी के ससुराल वाले 15-20 अज्ञात लोगों के साथ उसके शव को जला रहे हैं।

बैकुंठपुर के बीडीओ ने जरूरतमंदों को बांटी कंबल

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

कड़ाके की ठंड से निजात दिलाने के लिए बैकुण्ठपुर बीडीओ अशोक कुमार ने जरूरतमंदों बीच कंबल का वितरण किया। बीडीओ ने मंगलवार को लगभग 50 लोगों को कंबल देकर ठंड से राहत देने की कोशिश की है। बता दें कि प्रखंड क्षेत्र के 22 पंचायतों में चल रही जाति आधारित जनगणना के निरीक्षण में निकले बीडीओ साहेब द्वारा खजुहट्टी, दिघवा, मीराटोला, एकडेरवा आदि गांवों में ठंड से ठिठुर रहे गरीबों को कंबल का संबल प्रदान किया गया। बताया कि गांव में देखा कि जन गणना के दौरान कुछ ऐसे भी लोग सामने आये, जिनके पास इस कड़ाके की ठंड में कोई व्यवस्था नहीं थी। इसे देखने के बाद बीडीओ द्वारा लोगों को कंबल दिया गया। बीडीओ ने कहा कि ऐसे जरूरतमंदों की सेवा करना उनका धर्म है। आगे भी लोगों की सेवा अनवरत जारी रहेगी। मौके पर प्रगणक टीम, संबंधित गांव के स्थानीय जनप्रतिनिधि लोग मौजूद थे।

मांझागढ़ प्रखंड में हंगामेदार हुई बीडीसी की बैठक

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के मांझागढ़ प्रखण्ड में बीडीसी की बैठक में जमकर हंगामा हुआ। विधुत कनेक्शन में रिश्वत व यूरिया की जमाखोरी कर अधिक दाम में बेचने का आरोप लगाकर सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। कोईनी मुखिया विनय कुमार चैधरी ने कहा कि यूरिया के वितरण की जानकारी जनप्रतिनिधियों को नहीं दी जाती है। वहीं अधिक दाम पर यूरिया के वितरण का आरोप लगाया। कृषि पदाधिकारी देवेंद्र पांडेय ने उनके सवाल का जवाब दिया।

शेखपरसा के मुखिया गोरख साह ने विधुत कनेक्शन देने के नाम पर विभाग के कर्मचारियों द्वारा रिश्वत लेने का आरोप लगाया। वहीं गरीब के आवास के पास से पोल नहीं हटाने का आरोप लगाया। इस मुद्दे पर सभी सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। छवहीं बीडीसी मुन्ना यादव ने कड़ाके की ठंड में अलाव नहीं जलाए जाने का आरोप लगाया। वहीं सीओ से दाखिल खारिज में गड़बड़ी का मामला सभी सदस्यों ने उठाया। भैसहीं मुखिया राजेन्द्र यादव ने भैसही से कोइनी एनएच 27 तक कि जर्जर सड़क को शीघ्र मरम्मत कराने को लेकर जेई राजेश कुमार से जमकर बहस किया। प्रतापपुर मुखिया महताब आलम ने शनिचरी बाजार से अतिक्रमण हटाने की मांग किया। पैठानपट्टी के सदस्य ने आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र में पैसा लेने का आरोप लगाया। अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों को मान-सम्मान नहीं देने का भी प्रश्न प्रमुखता से उठाया गया। डीलरों द्वारा गेंहू नहीं वितरण करने का आरोप लगाते हुए उपप्रमुख अरबिंद गुप्ता ने एमओ से सवाल किया। सदस्यों के सवालों का जवाब अधिकारियों ने दिया। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख वाजिद अली ने किया। पैठानपट्टी की बीडीसी सदस्य कंचन देवी ने एक वर्ष में एक भी मद नहीं मिलने का आरोप लगाया। मौके पर बीडीओ बिड्डू कुमार राम, बीपीआरओ सुष्मिता मिश्रा, कल्याण पदाधिकारी रोहिणी आनन्द, मुखिया राजेन्द्र यादव, बीडीसी बीरबल यादव, राजकुमार प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

पुलिस के लिए सिरदर्द बना कुख्यात शराब माफिया गिरफ्तार

एक टाटा सूमो व दो मोबाईल बरामद, दर्जनों मामलो में थी पुलिस को तलाश

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज पुलिस के लिए सिरदर्द बने कुख्यात शराब माफिया बब्लु यादव को गिरफतार कर लिया गया। गिरफतार शराब माफिया के पास से एक टाटा सूमो व दो मोबाईल बरामद किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि पुलिस को गुप्ता सूचना मिली थी कि कुख्यात शराब माफिया बब्लु यादव एन एच 27 के रास्ते शराब की बडी तस्करी करने की फिराक में है। सूचना के आधार पर एसडीपीओ सदर संजीव कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित छापेमारी करते हुए चैनपट्टी के समपी से कुख्यात शराब माफिया को गिरफतार कर लिया। गिरफतार शराब माफिया पर फुलवरिया, बैकुण्ठपुर, कुचायकोट, नगर थाना व जादोपुर थाने में उत्पाद अधिनियम के कई मामले दर्ज है। पुलिस की इसकी तलाष काफी समय से थी। छापेमारी टीम में नगर इंस्पेक्टर ललन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक शषिरंजन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक डा. मनोज कुमार, पुलिस सहायक अवर निरीक्षक राजेष राय, सहित शस्त्र बल के सिपाही शामिल थे।

आग तापने के दौरान महिला झुलसी

गोपालगंज। जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के नौतन गांव में मंगलवार के दिन कड़ाके की ठंड को लेकर महिला अलाव ताप रही थी । उसी दौरान आग के चपेट में आ जाने से महिला जुलस गई । जिसके बाद से परिवार के सदस्यों के मदत से उसे तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। जहाँ महिला का इलाज चिकित्सकों के देखरेख में किया जा रहा है। वही झुलसी महिला की पहचान उचकागांव थाना क्षेत्र के नौतन गांव निवासी लालपति देवी के रूप में की गई है।

बताया जाता है महिला कड़ाके की ठंड को लेकर अपने घर में अलाव ताप रही थी। उसी दौरान अलाव तपने के दौरान महिला के कपड़े में आग पकड़ ली। जिसके बाद महिला अचित हो गई। वहीं परिजनों ने महिला को आनन-फानन सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में झुलसी महिला का इलाज चल रहा है।

आपसी विवाद में मारपीट के दौरान महिला हुई जख्मी

गोपालगंज। जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के बरारी जगदीश गांव में मंगलवार को आपसी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। जिसके बाद एक महिला बुरी तरह जख्मी हो गई वहीं महिला को इलाज के लिए परिवार के सदस्यों के मदद से उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उपचार करने के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रिफर कर दिया। जहां सदर अस्पताल में महिला का डॉक्टरों की देखरेख में इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि महेश महतो की पत्नी गुड़िया देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया।

थावे पुलिस ने 86 टेट्रा पैक शराब के साथ दो को किया गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के थावे थाना में शराब के विशेष छापेमारी अभियान के तहत पुलिस ने छापेमारी कर शराब के साथ दो आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि पुलिस द्वारा विशेष अभियान के तहत शराब के लिए छापेमारी की जा रही थी।उसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि रामचंद्रपुर बाजार में अबैध रूप से झोला में रखकर शराब बेची जा रहीं है। पुलिस जब रामचंद्रपुर बाजार पहुची तो पुलिस वाहन को देखकर दो व्यक्ति झोला लेकर भागने लगे।जिसे खदेड़कर पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया। शक के आधार पर दोनों व्यक्ति की झोला की तलासी लेने पर रामचंद्रपुर गांव के आनन्द कुमार साह के पास से 49 टेट्रा पैक और विकी कुमार चैरसिया के पास से 37 टेट्रा पैक कुल 86 टेट्रा पैक देशी शराब बरामद हुआ ।मौके पर ही दोनों आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित रामचंद्रपुर गांव के आनन्द कुमार साह और विकी कुमार चैरसिया के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी के दौरान एसआई पिंटू कुमार आदि पुलिस बल शामिल थे।

राजघाट में ट्रक से कुचल कर अधेड़ की मौत, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

बाइक से गिरे, फिर ट्रक ने कूचला

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। जिले के भोरे थाना क्षेत्र के राजघाट में भोरे-मीरगंज मुख्य पथ पर एक ट्रक से कुचल कर अधेड़ की मौत हो गई। जबकि अधेड़ का पुत्र बाल बाल बच गया। यह घटना तब हुई जब अधेड़ व्यक्ति की बाइक में दूसरे बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वे सड़क पर गिर पड़े।

इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के तिवारी चकिया गांव निवासी 50 वर्षीय कौशल नाथ तिवारी अपने पुत्र चिंटू तिवारी के साथ बाइक से मजीरवां की तरफ से आ रहे थे।

जैसे ही वो राजघाट पुल के पास पहुंचे कि सामने से एक दूसरी बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वो सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि इसके बाद भी स्थानीय लोगों ने उन्हें भोरे रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद अस्पताल में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही एसआई अनिल कुमार पासवान एवं एएसआई आशुतोष कुमार अस्पताल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए गोपालगंज भेज दिया।

आध्यात्मिक सत्संग समिति का 26वाँ सुन्दरकाण्ड वार्षिकोत्सव हनुमानजी के भंडार में प्रसाद ग्रहण किये हजारों श्रद्धालु

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। आध्यात्मिक सत्संग समिति के तत्वावधान में प्रत्येक मंगलवार को होनेवाले सुन्दरकाण्ड सामूहिक पाठ का वार्षिकोत्सव आज महाराणा प्रताप भवन, आर्य कुमार रोड में आज आयोजित हुआ। इस अवसर पर मध्याह्न में हनुमानजी महाराज का भंडारा आरम्भ हुआ। भंडारे के संयोजक सुरेन्द्र प्रसाद ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से लगातार भंडारे का आयोजन किया जा रहा है ।

आज के भंडारे में लगभग छः हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर आध्यात्मिक सत्संग समिति के अध्यक्ष कमल नोपानी ने बताया कि आज 26वां सुन्दरकाण्ड वार्षिकोत्सव के अवसर पर हनुमान जी को लड्डू का भोग लगाया गया। संध्या पांच बजे से सर्वकल्याणार्थ संकल्प से सामूहिक सुन्दरकाण्ड का पाठ आरम्भ हुआ। लगभग पांच सौ श्रद्धालुओं के समवेत स्वर में गूँज उठा। जामवंत के वचन सुहाए झ सुनि हनुमंत हृदय अति भाय सुन्दरकाण्ड के सामूहिक पाठ से भक्तिमय हो उठा सम्पूर्ण वातावरण। मौके पर सत्संग करते हुए डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा झ सुन्दरकाण्ड में श्री हनुमानजी महाराज द्वारा किये गए राम काज का वर्णन है ।

राम काजु सबु कराह्हु , तुम्ह बल-बुद्धि-निधान !

आशिष दइ गई सो , हरषि चलेउ हनुमान !!

अध्यक्ष कमल नोपानी ने बताया कि हनुमानजी महाराज का प्रभु श्री राम के प्रति सेवा भाव का वर्णन है सुन्दरकाण्ड में । हनुमानजी बल और बुद्धि की खान हैं । इसीलिए जो कोई भी भक्त श्रद्धालु शुद्ध मन से सुन्दरकाण्ड का पाठ करता है , प्रभु श्रीराम उसकी सकल कामना पूर्ण करते हैं ।

सुन्दरकाण्ड के संयोजक के नेतृत्व में सामूहिक पाठ के पश्चात आरतीकी गयी । तत्पश्चात प्रसाद का आयोजन हुआ जिसमे आमंत्रित अतिथियों सहित समिति के सदस्यों ने भाग लिया । एम पी जैन ने बताया कि मौके पर अध्यक्ष कमल नोपानी, महामंत्री विष्णु सुरेका, अरुण कुमार, रामलाल खेतान, राजेश बजाज, महेश जालान, रमेश सुरेका, राकेश कुमार, राधेश्याम बंसल, सहित समिति के सदस्य आयोजन को सफल बनाने मे लगे हुए थे।

फुलवरिया में यूरिया को लेकर किसानों की बढ़ी मुश्किलें

प्रात : किरण संवाददाता

जिले के फुलवरिया प्रखंड क्षेत्र में यूरिया खाद की कमी को लेकर किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां किसान घंटों भर लाइन में खड़े होकर यूरिया खाद लेने को विवश है। जबकि खाद की कमी को लेकर किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। दुकानों में खाद पहुंचते ही किसानों की लंबी कतारे लग जाती है। सुबह से शाम तक लाइन में खड़े रहने के बावजूद भी कुछ ही किसानों को यूरिया मिल पा रहा है। किसानों को यूरिया खाद आवश्यकता के अनुसार नही मिल पा रहा है। दर्जनों गांवों के किसान खाद की कमी से जूझ रहे हैं। किसानों ने बताया कि पटवन होने से गेंहू के फसलों को यूरिया खाद चाहिए, लेकिन दुकानों पर खाद उपलब्ध होने पर हम लोगों को कतार में घंटों में इंतजार करना पड़ता है। इसके बावजूद भी फिंगर और लिंक का झंझट बना रहता है। जिस कारण फसलों पर ससमय खाद छिड़काव नहीं हो पा रहा है।

बंजारी मोड़ के समीप बाइक के धक्के से युवक जख्मी

गोपालगंज ।नगर थाना क्षेत्र के बंजारी मोड़ के समीप बाइक के धक्के से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं जख्मी युवक को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। वहीं घटना के संदर्भ में बताया जाता है। कि युवक कुशीनगर जिला के तरैया सुजान थाना क्षेत्र के अहिरौली दान गांव निवासी बीरेश गुप्ता के पुत्र मोहन गुप्ता है जो कि गोपालगंज जिले के बंजारी मोड़ के समीप बालू की खरीद करने के लिए मंगलवार के दिन आए हुए थे। इशी बीच सड़क किनारे खाड़ा थे। तभी तेज गति से आ रही एक बाइक ने उन्हें जोरदार धक्का मार दिया। जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गए ।उन्हें इलाज के लिए तत्काल गोपालगंज सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों की देखरेख में युवक का इलाज चल रहा है।

अगले दो दिनों तक बनी रहेगी कोल्ड डे की स्थिति

मुजफ्फरपुर ।ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र डा० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अगले दो दिनों तक उत्तर बिहार में कोल्ड डे की स्थिति बनी रहने की सम्भावना है ।ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा०आर०पी०सी०ए०यू०, पूसा, एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 11-15 जनवरी 2023 तक के मौसम पूवार्नुमान में बताया गया है कि इस अवधि मेंउत्तर बिहार के जिलों में आसमान साफ तथा मौसम के शुष्क रहेगा। अगले २ दिनों तक ऐसे ही कोल्ड डे की स्थिति बने रहने की सम्भावना है। लेकिन दिन में मौसम साफ रह सकता है।

लगातार पछिया हवा तथा सामान्य से कम तापमान रहने के कारण कनकनी ठण्ड अभी बरकरार रह सकती है। इस अवधि में अधिकतम तापमान में वृद्धि के साथ यह तापमान 16 से 18 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। न्यूनतम तापमान में गिरावट आ सकती है। यह 6-8 डिग्री सेल्सियस के बीच बने रहने की संभावना है। सुबह में मध्यम कुहासा छा सकता है। इस पूवार्नुमानित अवधि में लगातार पछिया हवा. 6 से 8 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से चलने की सभावना है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 55 से 60 प्रतिशत रहने की सभावना है।आज का न्यूनतम तापमान7.3डिग्री सेल्सियस रिकारड किया गया।

संक्षिप्त खबरें

भोजपुर में अज्ञात युवक का शव हुआ बरामद

आरा। भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के पचैना बाजार स्थित एक घर में करकट से ढका हुआ मंगलवार की सुबह एक अज्ञात 26 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ है। शव के मिलने से गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अज्ञात युवक की मौत ठंड लगने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। वहीं खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

भाकपा माले का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन 12जनवरी को

मुजफ्फरपुर।भाकपा-माले का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 12जनवरी को लोहिया कॉलेज के निकट दिवान रोड स्थित किरणश्री भवन में आयोजित है। सम्मेलन में पार्टी के 16 से 20फरवरी तक पटना में आयोजित 11वें राष्ट्रीय महाधिवेशन तथा 15फरवरी को गांधी मैदान पटना में होने वाली 'देश बचाओ-लोकतंत्र बचाओ रैली' की तैयारी पर जोर दिया जायेगा। सम्मेलन में जिला, प्रखंड, पंचायत व गांव-मुहल्ला कमिटी के सदस्यों व कार्यकताओं सहित जनसंगठनों के भी कार्यकर्ता भाग लेंगे। पार्टी की केन्द्रीय कमिटी सदस्य व महिला संगठन ऐपवा के राष्ट्रीय महासचिव मीना तिवारी सम्मेलन में मुख्य वक्ता होंगी। माले जिला सचिव कृष्णमोहन ने यह जानकारी दी है। कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ शहर से गांव तक जनसंपर्क, मुहल्ला व गांव-टोले के स्तर पर बैठक, बड़े पैमाने पर प्रचार अभियान के तहत झंडा-बैनर-पोस्टर लगाने, दिवाल लेखन तथा पर्चा वितरण शुरू कर दिया जायेगा।

बालू तस्करी के खिलाफ खनन विभाग ने कई जगह मारे छापे, अवैध बालू लदे एक टीपर जब्त किया

संग्रामपुर (मुंगेर) बालू की तस्करी करने वालों के खिलाफ खनन विभाग मुंगेर की टीम ने मंगलवार की अहले सुबह संग्रामपुर प्रखंड के कई जगहों पर छापेमारी की।छापेमारी के दौरान कुछ लोग कोहरे का फायदा उठाकर कई ट्रैक्टर चालक ट्रेक्टर लेकर मौके से फरार हो गए। लेकिन कुमरसार के पास से एक एक टीपर को जप्त किया गया।इन जगहों पर हुई छापेमारी संग्रामपुर थाना क्षेत्र के कुमरसार, एवं चकवारा के आसपास आदि जगहों पर टीम ने छापेमारी की गई। नेतृत्व कर रहे खनन अधिकारी के साथ संग्रामपुर थाना के एस आई स्वीटी कुमारी एवं पुलिस बल भी शामिल थे।वहीं खनन विभाग की कार्रवाई से आसपास के क्षेत्रों में भी अवैध ढंग से बालू का कारोबार करने वाले लोगों में हड़कंप मचा है।

प्रधानमंत्री के माता जी का बह्मणभोज कल

गया।गया गया वजीरगंज विधायक विरेन्द्र सिंह एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य फोटो देवी के द्वारा भारत के प्रधानमंत्री के मा का बह्मणभोज कल बुधवार को रसलपुर मध्य विद्यालय में आयोजित किया गया है जिसमें विधी विधान से प्रधानमंत्री के माता का पण्डित और जिस तरह आम लोग का किया जाता है।

केसी सुरेंद्र बाबू हत्याकांड के खून के छींटे पुलिस वाले के खाकी पर से तब मिटेगा, जब असली हत्यारे को पुलिस गिरफ्तार कर फांसी की सजा पुलिस द्वारा दिला पाएगा

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। कर्तव्यनिष्ठ ईमानदार एसपी केसी सुरेंद्र बाबू का हर वर्ष शहादत दिवस 05 जनवरी को माला अर्पण कर मनाया जाता है लेकिन एसपी कैसी सुरेंद्र बाबू के हत्या में शामिल नक्सलियों और खादी- खाकी को इस हत्याकांड में शामिल होने का आम जनता आशंका जता रहा है। कर्तव्यनिष्ठ तत्कालीनआरक्षी अधीक्षक केसी सुरेंद्र बाबू के 05 जनवरी 2005 को भीम बांध से मुख्यालय मुंगेर लौटने के क्रम में बारूदी सुरंग को विस्फोट कर हत्या कर दी गई थी इस हत्याकांड की गुत्थी पुलिस द्वारा अब तक नहीं सुलझाए जाने के कारण आज 18 वर्ष बाद भी मुंगेर पुलिस और राज्य पुलिस विभाग के कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा हुआ है।05 जनवरी 2005 को मुंगेर के तत्कालीन एसपी जमुई, हवेली खड़गपुर के तत्कालीन डीएसपी तत्कालीन खड़गपुर अंचल निरीक्षक तत्कालीन खड़गपुर थाना प्रभारी जमुई और मुंगेर के कई तत्कालीन पुलिस पदाधिकारी इस अभियान में शामिल थे।

मुजफ्फरपुर किडनी कांड मामले मे राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने डीएम और एसएसपी से मांगी रिपोर्ट

मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा की याचिका पर चल रही है सुनवाई

प्रात :किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिले के चर्चित किडनी कांड मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बिहार के मुख्य सचिव व डीजीपी को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी व एसएसपी से रिपोर्ट तलब करते हुए चार सप्ताह में जवाब मांगा है।

विदित हो कि पीड़ित महिला सुनीता देवी के ओवरी के ऑपरेशन के दौरान दोनों किडनी निकालने का मामला प्रकाश में आने के बाद मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एवं राज्य मानवाधिकार आयोग में याचिका दाखिल की थी और मामले में संलिप्त आरोपितों की अविलम्ब गिरफ़्तारी की मांग की थी, जिसपर सुनवाई करते हुए आयोग ने यह कार्रवाई की है।

बताते चले कि जिले के सकरा थाने के मथुरापुर गांव की निवासी सुनीता देवी को पेट में दर्द था, जिसका ईलाज वहीं पर बरियारपुर के शुभकान्त क्लिनिक में एक झोलाछाप चिकित्सक डॉक्टर पवन कुमार के द्वारा किया गया। डॉक्टर पवन कुमार ने महिला के गर्भाशय में ट्यूमर होने की बात कही और 3 सितम्बर को महिला का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद सुनीता की तबियत बिगड़ने लगी, शरीर में सूजन होने लगा। तब जाकर महिला के परिजनों के द्वारा मुजफ्फरपुर के एस.के.एम.सी.एच. में सुनीता का सी.टी. स्कैन कराया गया, जिसकी रिपोर्ट में दोनों किडनी दृश्यमान नहीं हैं, ऐसा रिपोर्ट आया। ओवरी ऑपरेशन के दौरान किडनी गायब होने की एफ.आई.आर. के बाद प्रशासनिक अधिकारी सकते में आये और जाँच शुरू हुई, तब मालूम चला कि उक्त क्लिनिक सरकार के मानदंड के अंतर्गत कार्य नहीं कर रही हैं।

विदित हो कि इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा पूर्व में बिहार के स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव, मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी व एसएसपी को नोटिस जारी किया गया था और चार सप्ताह में जवाब माँगा गया था। जिले के जिलाधिकारी व एसएसपी द्वारा आयोग में रिपोर्ट प्रेषित की गयी थी जिसमें मामले में एफ. आई.आर. दर्ज कर अनुसन्धान किये जाने की बात कही गयी थी। रिपोर्ट पर सुनवाई करते हुए आयोग ने एसएसपी मुजफ्फरपुर से अनुसन्धान की वर्तमान स्थिति व जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर से पीड़िता को मुआवजा दिए जाने से जुडी रिपोर्ट की माँग की है। मामले के सम्बन्ध में मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा ने कहा कि यह काफी गंभीर मामला है और इस मामले में बिना विलम्ब किये हुए सरकार को अविलम्ब अच्छे चिकित्सा संस्थान में पीड़ित महिला का ईलाज सुनिश्चित करना चाहिए तथा किडनी प्रत्यारोपण के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए, क्योंकि पीड़ित महिला कि जान बचाने की दिशा में सरकार को हरसंभव प्रयास करने की जरूरत है।

भोजपुर में छत से गिरकर छात्र की मौत घर में मचा कोहराम

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के कुरमुरी गांव में सोमवार की रात छत से गिरकर एक छात्र की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के कुरमुरी गांव वार्ड नंबर 8 निवासी मनोज शर्मा का 21 वर्षीय पुत्र रोहित शर्मा है एवं वह इंटर का छात्र था। इधर मृतक के बड़े पिता दयाशंकर शर्मा ने बताया कि वह रोज दलान में सोता था। लेकिन गाय बच्चा देने वाली थी। जिसके कारण उसका बड़ा भाई दलान में सो गया और वह छत पर बने रूम में सोने चला गया। सोमवार की रात भर लघुशंका करने के लिए उठा था। उसी दौरान वह असंतुलित होकर गलियारे में गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ला रहे थे तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बावजूद इसके परिजनों उसे आरा सदर अस्पताल ले आये जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन अपनी स्वेच्छा से बिना पोस्टमार्टम कराये ही वापस गांव ले गए। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक के परिवार में मां चिंता देवी व तीन भाई शशि भूषण शर्मा,छोटू शर्मा एवं रंजन शर्मा है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां चिंता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

आज 31 वां अनुमंडल विधिज्ञ संघ स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) । अनुमंडल विधिज्ञ संघ हवेली खड़गपुर के तत्वाधान में अनुमंडल विधिज्ञ संघ का 31 वां स्थापना दिवस का आयोजन किया जाएगा इसको लेकर विधिक संघ में सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। विधिज्ञ संघ के महासचिव अधिवक्ता गणेश ताकि ने प्रेस वार्ता आयोजित कर कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि खड़गपुर अनुमंडल विधिज्ञ संघ की स्थापना 11 जनवरी 1992 को की गई थी उस वक्त से आज तक अनुमंडल विधिज्ञ संघ में प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाए जाने की परंपरा रहा है। उन्होंने बताया कि अनुमंडल विधिज्ञ संघ का इस बार 31 वां स्थापना दिवस होगा जिसे समारोह पूर्वक मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर कवि गोष्ठी का भी आयोजन किए जाने का निर्णय सर्वसम्मति के साथ लिया गया है। प्रेस वार्ता के वक्त विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता सकलदेव कुमार पूर्व अध्यक्ष नरेश तांती कोषाअध्यक्ष जयप्रकाश शाह अधिवक्ता रामदुलार सिंह वरुण नवीन कुमार संजय सुमन देवेंद्र यादव शैलेश कुमार अप्रेणेश कुमार सिन्हा नारायण कुमार प्रमोद कुमार यादव अधिवक्ता सह नोटरी शशि भूषण गुप्ता पद्माकर कुमार वर्मा सहित विधिक संघ के सदस्यगण मौजूद थे।

एकता और संघर्ष से ही पूंजीवादी व्यवस्था को परास्त कर सकते हैं : कृष्णा झा

प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मुजफ्फरपुर जिला के पार्टी शाखा सचिवों का दो दिवसीय प्रशिक्षण चन्द्रशेखर भवन,, मिठनपुरा में आरम्भ हुआ। प्रशिक्षण के दौरान पार्टी के केन्द्रीय अंग्रेजी मुखपत्र न्यू एज के उप संपादक कृष्णा झा ने कहा कि समाज दो हिस्से में बंटा है -पूंजीपति और मजदूर वर्ग। मजदूरों का अपने हकों की हिफाजत के लिए संघर्ष का गौरवशाली अतीत रहा है। मजदूर वर्ग को आर्थिक के साथ-साथ राजनीतिक और सामाजिक संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाना है। इन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निर्देशन में चल रही केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों को औने-पौने दाम पर अपने कारपोरेट मित्रों को सौंपे जाने को देश के मेहनतकश अवाम के लिए धोखा बताया। इन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के साम्प्रदायिक एजेण्डा के कारण देश की सम्प्रभुता, लोकतंत्र तथा संविधान पर खतरा उत्पन्न हो गया है। इन्होंने पार्टी संगठन को सशक्त पर शोषण पर आधारित इस शासन व्यवस्था के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ना होगा। गाँव और पंचायत स्तर से पार्टी को आम आदमी के ज्वलंत सवालों पर आंदोलन को धारदार बनाने में शाखा सचिवों की अहम् भूमिका है। पार्टी शाखा आम जनता और पार्टी के बीच सेतु का काम करता है । आमजनों से जुड़े मुद्दे के निदान के लिए आंदोलन संगठित करके हीं पार्टी के संगठन का विस्तार किया जा सकता है। प्रशिक्षण शिविर में पार्टी के केन्द्रीय शिक्षा विभाग के सचिव कॉ० अनिल राजिमवाले तथा राज्य सचिव कॉ० रामनरेश पाण्डेय शिरकत कर रहे हैं। प्रशिक्षण तीन सत्र में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण शिविर में पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य अजय कुमार सिंह, जिला सचिव रामकिशोर झा, सहायक जिला सचिव चन्देश्वर प्रसाद चौधरी तथा जगदीश प्रसाद गुप्ता, केदारनाथ गुप्ता, प्रो० लक्ष्मीकांत, रघुवर भक्त, राम बच्चन यादव, राम बालक महतो, हरिकिशोर ठाकुर सहित एक सौ पांच शाखा सचिव शिरकत कर रहे हैं।

भोजपुर में आहर में डूबने से बालक की मौत घर में मचा कोहराम

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के कोयल गांव में मंगलवार की दोपहर आहर में डूबने से एक बालक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृत बालक चरपोखरी थाना क्षेत्र के कोयल गांव निवासी शैलेंद्र राम का 3 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार है। इधर मृत बालक के चाचा भूषण पासवान ने बताया कि उसके मां-बाप खलियान में काम करने गए थे और वह घर के बाहर आहर के किनारे खेल रहा था। जहां खेलने के दौरान वह अचानक लूंगढ़ कर आहार में गिर पड़ा। जिससे उसकी मौत हो गई। कुछ देर बीत जाने के बाद जब नहीं दिखा तो परिजनों ने खोजबीन करना शुरू किया जब वह कहीं नहीं मिला। इसके बाद परिजन आहर में प्रवेश कर उसे खोजना शुरू किया। खोजबीन के दौरान आहर से उसका शव निकाला गया। इसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। बताया जाता है कि मृत बालक अपने मां-बाप का इकलौती औलाद था। घटना के बाद मृत बालक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृत बालक की मां रानी कुमारी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

वर्षों से राजनिक की भेंट चढ़ रहा विश्वविद्यालय, बना प्रदर्शनकारियों का अड्डा

भागलपुर। वर्षों से शिक्षा की मंदिर राजनीतिक भेंट चढ़ आग की लपटों से घिरा है, तिलकामांझी विश्वविद्यालय जहां आए दिन छात्र गुट विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शनकारियों रूप धारण कर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन निरंतर जारी रखे हुए है , कभी यहां के कर्मचारी तो कभी छात्र प्रदर्शन करते दिखते हैं। ताजा मामला तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन परिसर का है। जहां आयशा के छात्र संगठनों के द्वारा दूसरे दिन भी विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ छात्रों की मांग को लेकर प्रदर्शन करने पर अडिग हैं। इस दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों ने विश्व विद्यालय प्रशासन के विरुद्ध आगजनी कर घंटों कार्य बाधित करने के साथ ही प्रशासनिक भवन के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। जिससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा, आगजनी के बाद पुलिस की 112 नंबर की गाड़ी प्रदर्शन स्थल पहुंची।

कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति क्यों ना हो उस पर बाल श्रम अधिनियम कानून लागू करते हुए बाल श्रम से बच्चों को मुक्त कराया जाए : डॉ चक्रपाणि हिमांशु

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। बाल श्रम आयोग के अध्यक्ष डॉ चक्रपाणि ने कहा कि बाल श्रम कराना कानूनन अपराध है कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति क्यों ना हो उस पर बाल श्रम अधिनियम कानून के तहत कार्यवाही तय किया जाए।

बाल श्रम पर शक्ति के साथ रोक लगाने को लेकर जब सोमवार को मुंगेर परिसदन में श्रम पदाधिकारियों की विशेष बैठक बुलाई गई अध्यक्षता बिहार बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष डॉ चक्रपाणि हिमांशु ने की। उन्होंने कहा कि बाल श्रम रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। सभी रेलवे स्टेशन बस स्टेशन प्रखंड मुख्यालय विभिन्न बाजार हाथ में आवश्यकता अनुसार बैनर लगाकर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी और जिला श्रम पदाधिकारी का मोबाइल नंबर अंकित करते हुए प्रचार प्रसार किया जाए साथ ही हैंडव्हील और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को बाल श्रम रोकने के प्रति जागरूक किया जाएगा बाल श्रम पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है बाल श्रम को लेकर अर्थदंड निर्धारण है साथ ही ऐसे व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज एवं प्रतिष्ठान दुकान को बंद किया जाएगा उन्होंनेश्रम विभाग के अधिकारियों को आदेश दिया कि खतरनाक एवं गैर खतरनाक कामों में संलिप्त बाल श्रमिकों का सर्वे करें और गांव-गांव में जाकर यह पता लगाना है कि बच्चे क्यों स्कूल नहीं जाते हैं आंगनबाड़ी विद्यालयों के शिक्षकों का सहयोग लेकर ऐसे बच्चों को विद्यालय भेजने का प्रबंध किया जाना चाहिए बच्चे राष्ट्र के भावी भविष्य है इसकी उपेक्षा का समृद्ध समाज की कल्पना नहीं कर सकते हैं बाल किशोर श्रम अधिनियम 1986 एवं अधिनियम 2016 में संशोधन के आधार पर 14 वर्ष तक के बच्चों से किसी भी प्रतिष्ठान में काम लेने पर प्रतिबंध है बाल श्रम को अब संक्षेप अपराध की श्रेणी में रखा गया है 14 से 18 वर्ष तक के बच्चों को खतरनाक योजनाओं में काम पर नहीं रखा जा सकता है सभी जिले में बाल श्रमिक की विमुक्ति के लिए श्रम अधीक्षक के संयोजन में ढाबा दल काम करते हैं विमुक्त बच्चे के लिए ऑनलाइन ट्रैकिंग सिस्टम काम करता है विमुक्त श्रमिकों को तत्काल आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान है।

उस विमुक्त बालश्रम बच्चे जिनका नाम सीएलपीएस में चार्ज है उन्हें मुख्यमंत्री राहत कोष से 25000 की राशि तत्काल दी जाती है इस मौके पर उप श्रम आयुक्त कविता कुमारी सहायक श्रम आयुक्त सुधांशु कुमार श्रम अधीक्षक ऋतुराज कुमार जिले के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मौजूद थे।

विश्व हिन्दी दिवस को लेकर किया कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। एनटीपीसी कहलगांव के प्रशासनिक भवन स्थित चाणक्य सभागार में अरिंदम सिन्हा, कार्यकारी निदेशक, कहलगांव द्वारा विश्व हिन्दी दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख अरिंदम सिन्हा ने अपने सम्बोधन में सभी कर्मचारियों को विश्व हिन्दी दिवस की शुभकामनाएँ दी एवं कार्यालयीन कार्य अधिक से अधिक हिंदी भाषाओं में कर दूसरों के लिए भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने हेतु कर्मियों से अपील की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अतर सिंह गौतम, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) एनटीपीसी केन्द्रीय कार्यालय ने वर्चुअल माध्यम से सभी कर्मियों को संबोधित करते कहा कि हिन्दी में मौलिक लेखन को बढ़ावा देने की जरूरत है। श्री अतर सिंह गौतम ने हिन्दी की व्यापकता से सभी कर्मियों को अवगत कराया तथा हिन्दी में काम करने के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के प्रयोग एवं तकनीकी शब्दावली पर विशेष जानकारी दी साथ ही साथ हिन्दी की गौरवशाली पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा हिन्दी सभी भाषाओं में सरल एवं सहज है। इस दौरान अजय प्रसाद, उप-महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने आयोजित बैठक में उपस्थित सभी कर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि एनटीपीसी कहलगांव बिजली के उत्पादन के साथ-साथ राजभाषा के विकास के लिए भी निरंतर प्रयत्नशील है। विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर मणीनाथ प्रसाद, उप-महाप्रबंधक (योजना एवं पद्धति), कुँवर विक्रांत सिंह, उप-महाप्रबंधक (अनुबंध और सामग्री), व रुपेश कुमार चौरसिया, उप-महाप्रबंधक (एमजीआर) ने स्वरचित काव्य पाठ प्रस्तुत किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन श्रीमति प्रेमलता, सहायक प्रबन्धक (मानव संसाधन) ने किया।

संगीता ने दिव्यांगता को नहीं बनने दी बाधा, स्वरोजगार से मिला स्वावलंबन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया के इमामगंज प्रखंड के भवनडीह पंचायत के पसेवा गांव की संगीता देवी शारीरिक रूप से अक्षम होने के बाद भी अपने हौसले किसी से कम नहीं हैं। अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इनके परिवार में छह लोगों हैं। वर्तमान में अपने घर पर श्रृंगार दुकान चला रही है। ग्राम संगठन के माध्यम से सतत जीविकोपार्जन योजना के माध्यम से संगीता देवी को श्रृंगार का सामान दिलाकर दुकान खुलवाया गया है। संगीता देवी का चयन देशी शराब की बिक्री से जुड़े परिवार के रूप में किया गया है। योजना से प्राप्त पूंजी में क्रमिक वृद्धि करते हुए संगीता देवी निर्धनता से आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ी हैं। इन्हें सरकारी योजना जैसे- जन वितरण प्रणाली, सुरिक्षत आवास, स्वच्छ पेय जल, घर में शौचालय का उपयोग, आदि का लाभ भी हुआ है। इसी प्रकार कई बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए इन्हें मिशन स्वावलंबन के तहत प्रमाण पत्र दिया गया है।

यह दीदी बताती है उनके पति अशोक पासवान मानसिक रूप से कमजोर है, जिसकी वजह से वह कोई काम नहीं कर पते। उन्हें ही परिवार का ध्यान रखना होता है। पहले दीदी के परिवार का भरण पोषण उनके ससुर के द्वारा मजदूरी कर किया जाता था। मजदूरी करने के दौरान ससुर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। उनके कमर में भरी चोट लग गई जिसके कारण उनकी मजदूरी छूट गई। इस कारण परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो गई। अब परिवार की पूरी जिम्मेदारी संगीता दीदी के ऊपर आ गई। जिसके कारण मजबूरन दीदी शराब बेचने का कार्य करना पड़ा। राज्य सरकार द्वारा शराब बंदी घोषित होने के बाद दीदी के परिवार की माली स्थिति बहुत बिगड़ गई।

अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर बायपास निर्माण कार्य रोक ग्रामीणों ने काटा बबाल

निर्माण कार्य में लगे एजेंसी के अधिकारी द्वारा आश्वासन दिये जाने के बाद भी नहीं नही पहुंचे अधिकारी ग्रामीणों की समस्या को सुनने

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)।अकबरनगर थाना क्षेत्र के इंग्लिश चिचरोन पंचायत के दर्जनों ग्रामीण व किसान ने अपने खेत तक पहुंच पथ को लेकर उक्त मार्ग पर अंडरपास सड़क निर्माण की मांग को लेकर बीते शुक्रवार से ग्रामीणों ने बायपास सड़क निर्माण कार्य रोक अपना विरोध प्रदर्शन करते हुए निर्माण कार्य करने वाले मजदूरों को खदेड़ कर निर्माण कार्य को बंद करा दिया था। जिसके बाद दूसरे दिन अधिकारी के निर्देश पर वहां मौजूद मजदूर व एजेंसी के कर्मियों ने पुनः ग्रामीणों की समस्या सुने बिना ही उक्त स्थल पर सड़क निर्माण का काम शुरू कर दिया। जिसके बाद गुस्साए किसानों ने काम को करता देख मौके पर पहुंच विरोध प्रदर्शन करने के साथ निर्माण कार्य को पुनः बंद कराया था।

वही उक्त मामले को लेकर कार्यरत मजदूरों ने सोमवार तक अधिकारियों के आने की सूचना के साथ समस्या निवारण हेतु पहल करने की बात कही गई थी।वही सोमवार को भी संबंधित अधिकारियों की टीम कार्य स्थल पर ग्रामीणों व किसान के समस्या को समाधान करने नहीं पहुंचे तो गुस्साए सौकड़ों ग्रामीण एवं किसान एव पंचायत के मुखिया एव उपमुखिया बायपास निर्माण कार्य स्थल पर पहुंच कर मौजूद कर्मी से मिलकर समस्या समाधान करने की बात कही। निर्माण स्थल पर मौजूद कर्मी ने कहा कि जिला के वरीय अधिकारियों को आदेवन देकर समस्या समाधान करने की बात से अवगत कराये। जिसके बाद निर्माण स्थल पर पहुँचे किसान एव ग्रामीण ने समस्या को लेकर संयुक्त रूप से आदेवन लेकर जिला मुख्यालय के वरीय अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाने के लिए समाहरणालय पहुंचेगे। यदि आधिकारी से मिलने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हमलोग उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे। यहां तक की निर्माण स्थल पर कार्य को बाधित कर धरना पर बैठेंगे।

गौरतलब हो कि यहाँ के आसपास इलाके के घनी आबादी वाले लोग अपने बहियार की खेतिहर जमीन की ओर खेती बाड़ी करने के लिए बड़े पैमाने पर लोगों का आवागमन लगा रहता है। जिसके लिए बहियार के बीचो-बीच 25 फीट चौड़ी सड़क पूर्व से बनी हुई है। मगर फोरलेन सड़क निर्माण में उस कच्ची सड़क को बाधित किया जा रहा है। जिसके कारण एक बड़ी आबादी के लोगों को बहियार आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। तकरीबन दो से ढाई किलो मीटर की दूरी तय कर किसान को अपने खेत पर पहुंचने के लिए घूम कर परिचालन करना होगा। जिसको लेकर यहां के सैकड़ों किसान एव ग्रामीण परिवार के लोगों की मांग है कि हम लोगों को खेतों पर आने जाने के लिए अंडरपास रहित सड़क निर्माण करा दिया जाय, लेकिन अधिकारी न तो ग्रामीणों से बात करते हैं और ना ही कार्य स्थलों पर पहुंच समस्या का निदान करने की बात कहते है,लेकिन वही विभाग के अन्य अधिकारियों के आश्वासन दिये जाने के बाद भी कोई पहल करने नही आते अधिकारी से नाराज ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। सड़क निर्माण एजेंसी के अधिकारी द्वारा कार्य स्थल पर पहुंच ग्रामीणों की समस्या निवारण नहीं करने पर ग्रामीण सहित आसपास के सैकड़ों किसानों के बीच दिन प्रतिदिन आक्रोश व्याप्त है।

बिहार में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पिछले एक सप्ताह में लाखों लोगों ने लिया हिस्सा

यात्रा ने एक सौ दस किलोमीटर की दूरी की तय कृतिमान स्थापित किया है

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर । बिहार में आयोजित भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पहले सप्ताह में लाखों लोगों ने शिरकत की। यह यात्रा 110 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी है।ह्वहौसलों से उड़ान होती है, पंखों से नहींह्वये बातें बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने फर्स्ट फेस के यात्रा समाप्त होनें पर कही। इस यात्रा ने 2024 के लोकसभा चुनाव लिए पार्टी का टोन सेट कर दिया है। भारत जोड़ो यात्रा के बिहार के प्रथम चरण में 110 किलोमीटर की यात्रा करने और पहले सप्ताह में लाखों लोगों तक पहुंचने के बाद यात्रा ने एक संक्षिप्त विराम लिया। इस यात्रा ने बिहार ने भाजपा के खेमें में खतरे की घंटी बजा दी है। वही दूसरी ओर अपने नये तपस्वी अवतार में कांग्रेस के लोकप्रिय नेता राहुल गांधी का उदय हुआ है। हाड़ कंपा देने वाली इस ठंड के बावजूद भारी संख्या में लोग इस यात्रा से जुड़ रहे है। उत्साही पार्टी कार्यकताओं की भागीदारी और इस पदयात्रा के दौरान प्रदर्शित अनुकरणीय नेतृत्व ने बिहार में 2024 के लिए पार्टी की दिशा तय कर दी है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने भारत जोड़ो यात्रा बिहार को मिले इस अपार समर्थन के लिए बांका और भागलपुर के लोगों का सम्मान करते हुए कहा कि बिहार में कांग्रेस बिहार की जनता को समर्पित एक नई यात्रा पर निकली है। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि हौसलों से उड़ान होती है पंखों से नहीं। आने वाले दिनों और महीनों में बिहार में कांग्रेस एक नये रूप में दिखेगी। भाजपा की नफरत और इस विभाजनकारी राजनीति को हम न केवल वैचारिक रूप से हराएंगे, बल्कि बिहार के जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को भी जोड़ेंगे। डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस गरीब लोगों के दर्द और पीड़ा से जुड़ती है और हम यहां सेवा करने के लिए हैं। मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में पदयात्रा गौरीपुर के सयादेव उच्च विद्यालय से शुरू हुई और बभनगामा, बिहपुर रेलवे स्टेशन से होते हुए स्वराज्य आश्रम, बिहपुर में चाय विश्राम के लिए रुकी। स्वराज आश्रम में एक सभा का भी आयोजन किया गया।आगे की पदयात्रा दोमुही चौक, सोनवर्षा से होते हुए आर्य केंद्रीय विद्यालय में दिन के अवकाश के लिए रुकी। दिन के अंतिम चरण में यह जयरामपुर और नानखार से होते हुए भवरपुर दुर्गास्थान में पूजा-अर्चना कर रात्रि विश्राम के लिए खगडिया में रुकी। इस यात्रा में भागलपुर के विधायक व कांग्रेस विधायक दल के नेता श्री अजीत शर्मा, विधान परिषद सदस्य, राजीव कुमार, बीपीसीसी के पूर्व अध्यक्ष श्री अनिल शर्मा, पूर्व विधायक मनोज सिंह, बँटी चौधरी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री परवेज आलम, कांग्रेस नेता श्री कपिलदेव यादव, प्रवीण कुशवाहा, गप्पू राय, आकाश कुमार सिंह, मंटन सिंह, धनंजय शर्मा, आभा सिंह, अरविंद सिंह, धर्मवीर शुक्ला, कमल कमलेश, अनिल कुमार वर्मा, महेश राय, राजीव सिन्हा, विपिन ओझा, प्रमोद मंडल, अम्बर इमाम, आलोक हर्ष, सत्येंद्र यादव



तमिल, तेलुगू के साथ हिन्दी में भी वरिसु, दमदार ट्रेलर ने दिया सफलता का संकेत

दक्षिण भारत के ख्यातनाम अभिनेता थलापति की आगामी संक्रांति के मौके पर प्रदर्शित होने वाली फिल्म वारिसु को तमिल तेलुगू के साथ-साथ हिन्दी में भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसके हिन्दी वर्जन को गोल्डमाइन्स के द्वारा पेश किया जा रहा है। मास्टर और बीस्ट के बाद थलापति विजय की यह 3री फिल्म है जिसे हिन्दी में एक साथ प्रदर्शित किया जा रहा है। आगामी 13 जनवरी को यह फिल्म सिनेमाघरों में प्रदर्शन के लिए तैयार है। हाल ही में इसका हिन्दी ट्रेलर जारी किया गया है। ट्रेलर की शुरूआत बेहतरीन संवाद—मकान भले ही ईंट और पत्थरों से बनता है, लेकिन एक घर रिश्तों से बनता है—से होती है और मध्य में—माँ तेरे दिल के सिवा मेरे पास रहने को और जगह ही कहाँ है—से दर्शकों को परिवार की अनुभूति होती है और ट्रेलर का अन्त में दमदार संवाद—कडवाहट तो सभी रिश्तों में होती है लेकिन जब सबको साथ लेकर चलो तब बनता है परिवार—से पूरी तरह से स्पष्ट होता है कि यह फिल्म दक्षिण भारतीय सिनेमा के हिट फार्मूले जिसमें परिवार को केन्द्र में रखा जाता है, पर है और यह सुपर हिट है। ट्रेलर इस बात की उम्मीद जगाता है कि इस बार यह फिल्म हिन्दी दर्शकों को अपने साथ जोडने में सफल होगी। इस फिल्म में थलापति विजय एक बड़े व्यावसायिक घराने के छोटे बेटे की भूमिका में नजर आने वाले हैं। दो मिनट, उनतीस सेकंड के वीडियो में विजय को एक विद्रोही के रूप में भी दिखाया गया है, जिसे अपनी मां को छोड़कर अपने परिवार का प्यार कभी नहीं मिला। उसके पिता ने उसे छोड़ दिया था। ट्रेलर ने विजय को बनारस की रंगीन गलियों के माध्यम से एन एक्सप्लोरर के रूप में पेश किया गया है, जबकि दूसरी ओर, उनके पिता को कार्यालय में अपने दो अन्य बेटों के साथ दिखाया गया है। उसके बाद, एक मोड़ आता है जब बाजार में एक अन्य व्यक्ति घुसने की कोशिश करता है और फिर विजय पारिवारिक व्यवसाय में प्रवेश करता है। वह अपने पिता की कड़ी मेहनत से खड़े किए गए व्यवसाय को विरोधी व्यवसायी (प्रकाश राज) से बचाता है। हिंदी ट्रेलर को गोल्डमाइंस के आधिकारिक यूट्यूब पेज द्वारा साझा किया गया है।
वामशी पेडिपली द्वारा निर्देशित, वरिसु में विजय, रशमिका मंदाना और प्रकाश राज मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इनके साथ जयसुधा, श्रीकांत मेका, श्याम, प्रभु, सरथकुमार, खुशबू, संगीत कृष, सतिश, वीटीवी गणेश, एसजे सूर्य और अन्य सितारे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में देखे जाएंगे। श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस द्वारा निर्मित, फिल्म में एस थमन द्वारा संगीत, कार्तिक पलानी द्वारा सिनेमैटोग्राफी और प्रवीण केएल द्वारा संपादन है। वरिसु 13 जनवरी को हिंदी में प्रदर्शित होने वाली है।

भाई साजिद से मिल कर भावुक हुई फराह खान

बिग बॉस 16 में आने वाले फैमिली वीक में फिल्म निर्माता-कोरियोग्राफर फराह खान अपने भाई साजिद खान को सरप्राइज देती नजर आएंगी। चैनल कलर्स द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक प्रोमो में फराह को घर में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है। वह रोती हुई और अपने भाई को गले लगाते हुए नजर आ रही हैं जबकि साजिद की पीठ फराह की तरफ थी। फरान ने रोते हुए साजिद के कंधे पर किस किया और कहा, मम्मी को तुम पर बहुत गर्व है। फिर फराह शिव ठाकरे के पास जाती हैं और उन्हें गले लगाते हुए कहती हैं, भाई है तू मेरा। फराह ने भी अब्दु रोजिक को गले लगाया और चूमा। इसके साथ ही एमसी स्टेन से कहा, मैं एक भाई छोड़के गई थी, तीन भाई लेके जा रही हूं। बाद में फराह ने हंसते हुए साजिद से कहा, साजिद तू बहुत लकी है तेरे को ये मंडली मिली है। क्लिप को सोशल मीडिया पर साझा किया गया है इसके साथ ही इसे कैप्शन दिया गया है, साजिद से मिलने आई घर में फराह खान।

रितेश देशमुख की मराठी फिल्म वेद ने की ताबड़तोड़ कमाई

रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा स्टारर मराठी फिल्म वेद हर रोज कमाई के नए रिकॉर्ड्स बना रही है। रीजनल फिल्म होने के बावजूद इसका कलेक्शन कई बॉलीवुड फिल्मों से बेहतर है। फिल्म ने रिलीज के 10 दिनों में 33.42 करोड़ का शानदार कलेक्शन कर लिया है। सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि इसने अपने रिलीज के पहले दिन इतना कलेक्शन नहीं किया था जितना 10वें दिन कर लिया है। फिल्म ने इस रविवार 5.70 करोड़ का कलेक्शन कर सबको हैरान कर दिया है जबकि इसने पहले दिन 2.25 करोड़ की कमाई की थी। रितेश देशमुख अपनी फिल्म के प्रदर्शन से काफी खुश हैं। उनका कहना है कि ये उनके लिए एक सपने जैसा है।

तरण आदर्श ने शेयर किया फिल्म का लेटेस्ट कलेक्शन

फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने फिल्म का कलेक्शन शेयर करते हुए लिखा- मराठी फिल्म वेद ने सेकेंड वीकेंड पर भी शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। शनिवार और रविवार को फिल्म का कलेक्शन शानदार है। वीक 2- शुक्रवार 2.52 करोड़, शनिवार 4.53 करोड़, रविवार 5.70 करोड़। कुल- 33.42 करोड़।

सलमान खान ने किया है कैमियो

रितेश देशमुख के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म 30 दिसंबर को महाराष्ट्र के थिएटर्स में रिलीज हुई थी। फिल्म में रितेश की पत्नी और एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा भी उनके अपोजिट नजर आई हैं। जेनेलिया ने इस फिल्म के जरिए मराठी फिल्मों में डेब्यू किया है। खास बात ये है कि फिल्म में सलमान खान का भी एक स्पेशल अपीयरेंस देखने को मिला है।

अपनी फिल्म के प्रदर्शन से गदगद हैं रितेश

अपनी फिल्म के शानदार प्रदर्शन पर रितेश देशमुख काफी खुश हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर लिखा- किसी भी मराठी फिल्म के लिए 10वें दिन अब तक का सबसे बड़ा कलेक्शन हासिल करना एक सपने जैसा है। वेद को इतना प्यार देने के लिए हम दर्शकों का शुक्रिया अदा करते हैं।

रितेश की लयभारी ने भी की थी जबरदस्त कमाई

वेद रितेश की पहली मराठी फिल्म नहीं है जिसने शानदार कमाई की है। इससे पहले 2014 में उनकी फिल्म लयभारी ने भी जबरदस्त कमाई की थी। सिर्फ 8 करोड़ में बनी इस फिल्म ने 40 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया था। निशिकांत कामत के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में रितेश के अलावा शरद केलकर और राधिका आप्टे ने भी अहम भूमिका निभाई थी।

मराठी भाषा में सैराट ने की है सबसे ज्यादा कमाई

मराठी भाषा में सबसे ज्यादा कमाई का रिकॉर्ड सैराट के पास है। इसने 110 करोड़ का बिजनेस किया था। इस रोमांटिक फिल्म में रिंकू राजगुरु और आकाश ठोसर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। ये फिल्म सिर्फ 4 करोड़ में बनी थी लेकिन मराठी बॉक्स ऑफिस पर इसने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की थी। जान्हवी कपूर और इशान खट्टर स्टारर धड़क इसी फिल्म की ऑफिशियल हिंदी रीमेक थी।

इंडियन पुलिस फोर्स की शूटिंग में रोहित शेट्टी को लगी गंभीर चोट

बॉलीवुड निर्देशक रोहित शेट्टी शनिवार को हैदराबाद में अपनी वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स की शूटिंग के दौरान घायल हो गए। शहर के बाहरी इलाके में रामोजी फिल्म सिटी में शूटिंग के दौरान निर्देशक के हाथ में चोट लग गई। उन्हें कामिनेनी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी मामूली सर्जरी की। बाद में उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सूत्रों के मुताबिक, कार चेज सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान रोहित शेट्टी को चोट लग गई। प्रोडक्शन टीम उन्हें तुरंत कामिनेनी अस्पताल ले गई। डॉक्टरों की टीम ने माइनर ऑपरेशन किया। कॉप वेब शो की शूटिंग फिलहाल रामोजी फिल्म सिटी में चल रही है। कहा जा रहा है कि मेन शेड्यूल के लिए एक बड़ा सेट तैयार किया गया है।

सिद्धार्थ को भी आई थी चोट

शूट में कार चेज़ सीक्वेंस और अन्य हाई-ऑक्टेन एक्शन और स्टंट सीन शामिल थे। अमेज़ॅन प्राइम वीडियो शो में मुख्य किरदार निभाने वाले सिद्धार्थ मल्होत्रा और अन्य प्रमुख कलाकार शूटिंग में भाग ले रहे हैं। पिछले साल मई में गोवा में भारतीय पुलिस बल की शूटिंग के दौरान सिद्धार्थ मल्होत्रा को मामूली चोट आई थी। रोहित शेट्टी और सिद्धार्थ दोनों अपनी वेब सीरीज की शुरुआत कर रहे हैं। इस शो में विवेक ओबेरॉय और शिल्पा शेट्टी भी लीड रोल्स में हैं।

इस लड़के को डेट कर रही हैं शनाया कपूर

बॉलीवुड एक्टर संजय कपूर और वाइफ महीप कपूर की बिटिया शनाया कपूर ने भले अब तक बॉलीवुड में एंट्री न मारी हो, लेकिन वह अक्सर किसी न किसी वजह से खबरों में जरूर रहती हैं। इस बार 23 साल की शनाया अपने रिलेशनशिप की खबरों की वजह से चर्चा में हैं। खबर है कि शनाया सिंगल नहीं हैं बल्कि वह रिलेशनशिप में हैं।

शनाया के साथ दिखा करते हैं बॉलीवुड की पार्टियों में भी

रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह अक्सर शनाया के साथ बॉलीवुड की पार्टियों में भी होते हैं और वह सभी लोगों से परिचय कराते हुए अपना पार्टनर ही बताया करती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शनाया मुंबई बेस्ड करण कोटहार्ट को डेट कर रही हैं। हालांकि, इसे लेकर जानकारी नहीं है कि दोनों कब से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन यह जरूर कहा जा रहा है कि दोनों लॉस एंजिलिस यूनिवर्सिटी साथ ही गए थे।

दोनों एक-दूसरे के बारे में साध रखी है चुप्पी

खबर है कि करण का बॉलीवुड इंडस्ट्री से कोई कनेक्शन नहीं है। शनाया सोशल मीडिया पर करण के बारे में कुछ भी पोस्ट करने से अब तक बच रही हैं। बताया जा रहा है कि दोनों की बॉन्डिंग काफी प्यारी और फ़न से भरी है।

बेधड़क से डेब्यू करने वाली थीं शनाया

कहा जा रहा है कि शनाया फिल्म बेधड़क से डेब्यू करने वाली थीं लेकिन अब चर्चा है कि यह प्रॉजेक्ट फिलहाल के लिए ठंडे बस्ते में जा चुकी है। हाल ही में यह खबर आई थी कि शनाया अपनी पहली फिल्म में टाइगर श्रॉफ के ऑपोजिट नजर आने वाले हैं।

जेम्स बांड की तर्ज पर होगा केजीएफ का विस्तार, बदला जाएगा रॉकी भाई

बीती 8 जनवरी को भारतीय सिनेमा के नए सुपर सितारे अभिनेता यश ने अपना 37वाँ जन्म दिन मनाया। उनके जन्म दिन के मौके पर उन्हें सुपर स्टार बनाने वाली फिल्म केजीएफ के निर्माता होम्बले फिल्म्स ने उन्हें बधाई देने के साथ ही मीडिया को इस बात का हिंट दिया कि केजीएफ का 3रा भाग 2025 में फ्लोर पर जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस फिल्म सीरीज को हॉलीवुड की प्रसिद्ध सीरीज जेम्स बांड की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। जिस तरह से जेम्स बांड की भूमिका के लिए अभिनेता बदलते रहते हैं, ठीक उसी तरह से रॉकी भाई की भूमिका के लिए भी अभिनेता का बदलाव होता रहेगा। फिलहाल फिल्म के केजीएफ को निर्देशित करने वाले प्रशांत नील इन दिनों अभिनेता प्रभास को लेकर बनाई जा रही सालार को पूरा करने में व्यस्त हैं, इसके बाद वो केजीएफ 3 पर काम करना शुरू करेंगे। केजीएफ के निर्माता विजय किरणगंदूर का ये भी कहना है कि केजीएफ को वो पांच पार्ट्स में बनाएंगे और ये भी हो सकता है पांचवें पार्ट के बाद लीड हीरो को रिप्लेस कर दिया जाए। गौरतलब है कि यश ने केजीएफ करने से पहले 9 फिल्मों में काम किया था लेकिन उन्हें असली स्टारडम 2018 में आई फिल्म केजीएफ से मिला। इस फिल्म ने उन्हें सुपरस्टार बना दिया। उनका किरदार रॉकी भाई लोगों के दिलों में राज करने लगा। फिल्म ने 250 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। इस फिल्म के हिन्दी वर्जन ने प्रदर्शन के समय शाहरुख खान की फिल्म जीरो से बॉक्स ऑफिस पर टकराव मोल लिया था। जीरो को दर्शकों ने जहाँ पर नकार दिया था, वहीं अभिनेता यश की फिल्म केजीएफ चैप्टर-1 को दर्शकों ने तहे दिल से स्वीकार किया। फिल्म ने हिन्दी बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की थी। इसी फिल्म के साथ कन्नड़ सिनेमा को देशभर में पहचान मिली थी।

पठान विवाद पर बोले गए अर्जुन कपूर

शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की अपकमिंग मूवी पठान को लेकर अभी भी सोशल मीडिया पर बायकॉट की डिमांड उठ रही है। फिल्म के गाने बेशरम रंग को लेकर अभी भी विवाद हो रहा है। इस मामले पर अब तक कई सिलेब्स अपनी बात रख चुके हैं, लेकिन अब एक्टर अर्जुन कपूर ने प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि इस तरह से बेफिजूल की बातों पर ज्यादा चर्चा नहीं करनी चाहिए, इससे इसे बढ़ावा मिलेगा। उनका ये भी कहना है कि एक आर्टिस्ट को वो करना चाहिए, जो फिल्म की मांग है। अर्जुन ने हिदायत देते हुए कहा कि लोगों को सेंसर बोर्ड और केंद्र सरकार के नियमों और प्रोसेस पर यकीन होना चाहिए।

हर किसी को राय रखने का अधिकार, लेकिन...

अर्जुन कपूर ने कहा, मुझे लगता है कि हम जिस फैक्ट पर चर्चा कर रहे हैं, वो इस समय इसे अनुचित एडवांटेज देगा। हमें अपने सेंसर बोर्ड और केंद्र सरकार पर भरोसा करना होगा, क्योंकि वे एक साथ काम करते हैं। मुझे लगता है कि लोकतंत्र में हर किसी को अपनी राय रखने का अधिकार है, लेकिन एक आर्टिस्ट के रूप में हमें वही करना है, जो फिल्म की मांग है और उस प्रामाणिकता पर टिके रहना है। मुझे नहीं लगता कि हमें ऐसे सवाल में फंसने की जरूरत है, जो अनावश्यक मजाक और बकबक पैदा करने वाली चीजों को अनुचित महत्व देता है। अर्जुन ने आगे कहा, हमारा काम हमेशा वो होना चाहिए, जो फिल्म के लिए जरूरी है और फिर फिल्म को ऐसे लोगों को दें, जो यह तय कर सकें कि उन्हें क्या बुरा लगता है और क्या नहीं। मुझे लगता है कि हमने लंबे समय से इसका पालन किया है। हर फिल्म जो बनती है, उसे एक प्रोसेस का पालन करना पड़ता है, यहां तक कि हममारी फिल्म में कोई एक्सेप्शन नहीं है। हमें लोकतंत्र में प्रक्रिया और नियमों पर भरोसा करना चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

भारतीय मूल के स्वपन धैर्यवान अमेरिका में टॉल रोड अथॉरिटी के निदेशक नियुक्त

ह्यूस्टन। अमेरिका के टेक्सस प्रांत में फोर्ट बेंड टॉल रोड अथॉरिटी और ग्रांड पार्कवे टॉल रोड अथॉरिटी के निदेशक मंडल में भारतीय मूल के स्वपन धैर्यवान को शामिल किया गया है। प्रीसिंक्ट थ्री के आयुक्त एंडी मेयर्स ने ग्रांड पार्कवे टॉलवे के निदेशक मंडल में धैर्यवान की नियुक्ति का ऐलान करते हुए कहा कि वह एक प्रमाणित सार्वजनिक लेखाकार हैं और जनता के पैसे की अच्छी देखभाल की अहमियत समझते हैं। इस स्वायत्तशासी निकाय के निदेशक के तौर पर 57 वर्षीय धैर्यवान रखरखाव, विस्तार, बजट और आर्थिक प्रभाव से जुडी गतिविधियों की देखरेख करेंगे। उन्हें भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस पर पिछले साल आयोजित समारोह में ह्यूस्टन स्थित इंडिया कल्चर सेंटर ने लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया था। भारत में शिक्षा ग्रहण करने के बाद वह 1999 में अमेरिका आ गए थे। यहां पर सार्वजनिक लेखाकार का लाइसेंस लेने के बाद उन्होंने प्रैक्टिस शुरू कर दी थी।

फरवरी में होम फीड से शॉपिंग टैब हटाएगा इंस्टाग्राम

सैन फ्रांसिस्को। सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम ने घोषणा की है कि वह अगले महीने से स्क्रीन के नीचे मेन बार से शॉपिंग टैब को हटा देगा। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, शॉपिंग टैब को हटाकर नई पोस्ट बनाने का बटन नीचे दिया जाएगा। हालांकि, रील्स टैब, जो वर्तमान में नेविगेशन बार के सामने और सेंटर में मौजूद है, शॉप टैब की जगह आ जाएगा। कंपनी ने यह भी कहा कि होम फीड पर शॉर्टकट के बिना भी शॉपिंग अभी भी प्लेटफॉर्म का हिस्सा रहेगी। कंपनी ने कहा, आप इंस्टाग्राम पर अपनी शॉप सेटअप करने और चलाने में सक्षम होंगे, क्योंकि हम शॉपिंग एक्सपीरियंस में इंवेस्ट करना जारी रखेंगे, जो फीड, स्टोरीज, रील्स, एड्स और अन्य में लोगों और बिजनेस के लिए सबसे अधिक वैल्यू प्रदान करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल सितंबर में कंपनी ने शॉपिंग बटन के बिना मेन फीड की टेस्टिंग शुरू की थी और कहा था कि वह यूजर्स के लिए इंस्टाग्राम अनुभव को आसान बनाना चाहती है। इस बीच, पिछले महीने मेटा ने इंस्टाग्राम पर नोट्स सहित कई शेयरिंग फीचर्स पेश किए, जो यूजर्स को उन लोगों के करीब महसूस करने में मदद करेंगी, जिनकी वे परवाह करते हैं।

एनसीएलएटी ने श्रीराम अर्बन इन्फ्रा के समाधान पेशेवर को हटाने को सही ठहराया

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने श्रीराम अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के कर्ज समाधान पेशेवर (आरपी) को हटाने के एनसीएलटी के आदेश को बरकरार रखा है। इसके साथ ही एनसीएलएटी ने मंगलवार को उक्त समाधान पेशेवर के खिलाफ जांच करने का निर्देश भारतीय ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला बोर्ड (आईबीबीआई) को देते हुए कहा कि कानून के अनुरूप कार्रवाई की जाए। एनसीएलएटी की दो-सदस्यीय पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) का कर्ज समाधान के लिए नियुक्त पेशेवर को हटाने का फैसला उसके न्यायाधिकार के भीतर ही लिया गया है। इस समाधान पेशेवर ने श्रीराम अर्बन इन्फ्रा के कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) की बैठक बुलाने के लिए कदम नहीं उठाया था। न्यायमूर्ति राकेश कुमार और श्रीशा मर्ला की पीठ ने कहा कि इस कंपनी के खिलाफ दिवालिया समाधान प्रक्रिया छह नवंबर, 2019 को शुरू की गई थी लेकिन कर्जदाताओं की पहली बैठक डेढ़ साल बाद ही आयोजित हो पाई। एनसीएलटी ने 11 नवंबर, 2022 को पारित अपने आदेश में समाधान पेशेवर श्रीगोपाल चौधरी को हटाने का आदेश दिया था। इसके साथ ही सभी कागजात एवं दस्तावेज नवनियुक्त समाधान पेशेवर सपन मोहन गर्ग को सौंपने का निर्देश भी दिया था। इस निर्देश को एनसीएलएटी में चुनौती दी गई थी।

बैंक ऑफ इंडिया ने 444 दिनों की सावधि जमा दरें बढाई

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बैंक ऑफ इंडिया ने आज से 2 करोड़ रुपये से कम की 444 दिनों की विशेष सावधि जमाराशि के लिए ब्याज दरों में वृद्धि की है। बैंक ने यहां जारी बयान में कहा कि इस संशोधन के बाद सामान्य ग्राहकों के लिए 444 दिनों की विशेष जमा अवधि हेतु 7.05 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर मिलेगा। बैंक, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 444 दिनों की जमा अवधि के लिए 7.55 प्रतिशत और 2 वर्ष से 5 वर्ष से कम तक की अवधि के लिए 7.25 प्रतिशत प्रति वर्ष की ब्याज दर प्रदान कर रहा है।

शेयर बाजार में गिरावट का रुख, सेंसेक्स 476 अंक तक लुढ़का

●मिलेजुले ग्लोबल संकेतों के बीच आज प्री ओपनिंग सेशन में घरेलू शेयर बाजार ने भी मिली जुली शुरूआत की थी।

नई दिल्ली, एजेंसी

मिले-जुले ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में आज दबाव की स्थिति बनती नजर आ रही है। शेयर बाजार ने आज मामूली मजबूती के साथ कारोबार की शुरूआत की थी।

लेकिन बाजार खुलने के तुरंत बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार गिरते चले गए। सुबह 11 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.78 प्रतिशत और निफ्टी 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती कारोबार में स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ओएनजीसी और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 6.05 प्रतिशत से लेकर 0.92 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आयशर मोटर्स, भारती एयरटेल, हीरो मोटोकॉर्प और इंफोसिस के शेयर 2.32 प्रतिशत से लेकर 1.49 प्रतिशत तक की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 1,895 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 748 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,147 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 9 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में और 21 शेयर बिकवाली के दबाव के कारण लाल निशान में बने हुए थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 16 शेयर हरे निशान में और 34 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिख रहे थे।

मिले जुले ग्लोबल संकेतों के बीच बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज मामूली तेजी के साथ कारोबार की शुरूआत की। सेंसेक्स 57.83 अंक की बढ़त के साथ 60,805.14 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बाजार पर में चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण ये सूचकांक तेजी से नीचे गिरने लगा। हालांकि बीच-बीच में खरीदारों ने लिवाली करके बाजार को सपोर्ट करने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि सेंसेक्स की गिरावट जारी रही।

बिकवाली के दबाव की वजह से सुबह 10 बजे के करीब सेंसेक्स गिरकर 60,250.10 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बाजार में खरीदारी का रुख बनता नजर आया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की स्थिति में भी कुछ सुधार होता दिखा। लेकिन थोड़ी देर बाद ही एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया।

बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 11 बजे सेंसेक्स 476.35 अंक की गिरावट के साथ 60,270.96 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

हालांकि इसके बाद बाजार में शुरू हुई खरीदारी से निफ्टी को मामूली सहारा मिलता नजर आया। लेकिन थोड़ी देर बाद ही एक बार फिर बिकवालों के हावी हो जाने के कारण इस सूचकांक में दोबारा गिरावट का रुख बन गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 11 बजे निफ्टी 131 अंक की कमजोरी के साथ 17,970.20 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

मिलेजुले ग्लोबल संकेतों के बीच आज प्री ओपनिंग सेशन में घरेलू शेयर बाजार ने भी मिली जुली शुरूआत की थी। इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 167.73 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 60,579.58 अंक के स्तर पर था।

वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 38.70 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,139.90 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को सेंसेक्स 846.94 अंक यानी 1.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,747.31 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 241.75 अंक यानी 1.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ 18,101.20 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। कारोबार की शुरूआत में ब्रेंट क्रूट का भाव 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने 22 मई के बाद घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक मंगलवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 79.13 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है, जबकि वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 74.17 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

घरों की बिक्री नौ साल के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

कोविड-19 महामारी के बाद अर्थव्यवस्था की स्थिति सुधरने से देश के प्रमुख आठ शहरों में आवासीय बिक्री 34 प्रतिशत बढ़कर नौ साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। संपत्ति सलाहकार फर्म नाइट फ्रैंक ने मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया।

देश के शीर्ष आठ शहरों के संपत्ति बाजारों पर आधारित पिछले छह महीनों की स्थिति पर यह रिपोर्ट तैयार की गई है। इसके अनुसार, पिछले साल कुल कार्यालय स्थलों की मांग 36 प्रतिशत बढ़कर 5.16 करोड़ वर्ग फुट रही।

इस रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल शीर्ष आठ शहरों में आवासीय इकाइयों की बिक्री 34 प्रतिशत बढ़कर 3,12,666 इकाई हो गई। यह पिछले नौ साल का उच्च स्तर है। आंकड़ों के अनुसार, मुंबई 85,169 इकाइयों के साथ आवासीय बिक्री के मामले में शीर्ष पर रहा। यह आंकड़ा वर्ष 2021 की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। वहीं दिल्ली-एनसीआर में आवासीय संपत्तियों की मांग 67 प्रतिशत बढ़कर 58,460 इकाई हो गई जबकि बेंगलुरु में मांग 40 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 53,363 इकाई पर पहुंच गई।

पिछले वर्ष के दौरान कोलकाता एकमात्र ऐसा शहर रहा जहां आवासीय बिक्री में गिरावट देखी गई। यह 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 12,909 इकाई रहा। इसके साथ ही नाइट फ्रैंक इंडिया ने कहा कि भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद देश में कार्यालय क्षेत्र की मांग में जबरदस्त सुधार हुआ है। बैजल ने कहा, हमने एक दशक से अधिक समय में पहली बार सभी प्रमुख रियल एस्टेट खंडों में एक साथ वृद्धि देखी है। वर्ष 2022 में आवासीय, कार्यालय, गोदाम एवं खुदरा रियल एस्टेट सभी खंडों में बिक्री बढ़ी है।

खुदरा रियल एस्टेट में निवेश छह गुना बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

महामारी के बाद शॉपिंग मॉल में गतिविधियां बढ़ने से वर्ष 2022 में खुदरा रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश छह गुना होकर 49.2 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया। कोलियर्स इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2021 में कोविड-19 महामारी की वजह से शॉपिंग मॉल कारोबार के बुरी तरह प्रभावित होने से खुदरा रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश सिर्फ 7.7 करोड़ डॉलर रहा था।

संपत्ति सलाहकार फर्म कोलियर्स इंडिया ने कहा कि वर्ष 2022 में भारत के समूचे रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश करीब 20 प्रतिशत बढ़कर 4.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि एक साल पहले यह 4.8 अरब डॉलर रहा था।

इसमें डेटा केंद्रों जैसे वैकल्पिक परिसंपत्ति खंड ने 86.7 करोड़ डॉलर का निवेश आकर्षित किया जबकि वर्ष 2021 में यह 45.3 करोड़ डॉलर रहा था। इस तरह वैकल्पिक परिसंपत्ति खंड में निवेश पिछले साल 92 प्रतिशत तक बढ़ गया। इस खंड में डेटा केंद्रों के अलावा बुजुर्गों के लिए आवास, हॉलिडे होम्स और छात्रों की आवासीय इकाइयां शामिल हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, रियल एस्टेट निवेश में कार्यालय स्थलों की हिस्सेदारी 41 प्रतिशत रही। वर्ष 2022 में इस खंड में कुल संस्थागत निवेश 1.98 अरब डॉलर रहा जो एक साल पहले 1.32 अरब डॉलर था।

हालांकि औद्योगिक एवं भंडारण परिसंपत्तियों में निवेश बीते साल 29 प्रतिशत घटकर 65.6 करोड़ डॉलर रह गया। वहीं आवासीय परिसंपत्ति वर्ग में भी संस्थागत निवेश 29 प्रतिशत गिरकर 65.6 करोड़ डॉलर पर आ गया जबकि वर्ष 2021 में यह 91.9 करोड़ डॉलर था।

कोलियर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक (पूंजी बाजार एवं निवेश सेवाएं) पीयूष गुप्ता ने कहा, ह्यपिछले कुछ वर्षों से भारतीय रियल एस्टेट में निवेश लगातार आया है और इसकी वजह से पूंजी की मांग में संरचनात्मक बदलाव होने से इसके बढ़ने की संभावनाएं मौजूद हैं।

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, फेड अधिकारियों के बयान के बाद बाजार पर दबाव

नई दिल्ली, एजेंसी

ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले कारोबारी सत्र में वॉल स्ट्रीट के तीन में से सिर्फ एक नैस्डेक इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुआ, बाकी दोनों एसएंडपी 500 इंडेक्स और डाओ जोंस गिरावट के साथ बंद हुए।

दूसरी ओर, पिछले कारोबारी सत्र के दौरान यूरोपियन बाजार बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला रुख नजर आ रहा है। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान नैस्डेक 0.63 प्रतिशत की बढ़त के 10,635.65 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,892.09 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया था। इसी तरह डाओ जोंस 112.96 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 33,517.65 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। अमेरिकी बाजार ने पिछले कारोबारी सत्र की शुरूआत तेजी के साथ की थी, लेकिन थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव बनने की वजह से डाओ जोंस और एसएंडपी 500 इंडेक्स ने अपनी बढ़त गंवा दी और लाल निशान में बंद हुए। दरअसल, कल ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारी मैरी डेली और राफेल बैस्टिक ने दूसरी तिमाही के दौरान ब्याज दरों के 5 प्रतिशत के स्तर से ऊपर जाने की संभावना जताई थी। यूएस फेड के इन दोनों अधिकारियों का बयान आने के बाद से ही अमेरिकी बाजार में दबाव की स्थिति बन गई थी, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट में शुरूआती तेजी बरकरार नहीं रह सकी। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला रुख नजर आ रहा है। एसजीएक्स निफ्टी 144.50 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,028.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,276.74 अंक के स्तर पर नजर आ रहा है। हैंग सेंग इंडेक्स में भी आज गिरावट का रुख बना हुआ है। ये सूचकांक फिलहाल 0.34 प्रतिशत टूटकर 21,316.02 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,689.40 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,586.82 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.18 प्रतिशत टूटकर 3,170.41 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे थे।

एशियाई बाजारों में फिलहाल सिर्फ निक्केई, ताइवान वेटेड इंडेक्स और कोस्पी इंडेक्स में तेजी नजर आ रही है। निक्केई इंडेक्स 183.22 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,157.07 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14,780.06 अंक के स्तर पर नजर आ रहा है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.03 प्रतिशत की मामूली मजबूती के साथ 2,350.97 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

सिडबी ने बिहार में खोला अपना क्षेत्रीय कार्यालय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने बिहार और झारखंड में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए पटना में अपना क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित किया है। सिडबी के एक अधिकारी ने कहा कि इस क्षेत्रीय कार्यालय के गठन के बाद बिहार और झारखंड में पहले से मौजूद तीनों कार्यालय इसके मातहत काम करेंगे। अभी तक बिहार में पटना और झारखंड में रांची और जमशेदपुर में इसके कार्यालय मौजूद थे। अधिकारी ने बताया कि अनुभा प्रसाद को सिडबी पटना के क्षेत्रीय कार्यालय का पहला प्रमुख नियुक्त किया गया है। प्रसाद ने सोमवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। सिडबी अधिकारी ने कहा कि इस क्षेत्रीय कार्यालय की शुरूआत से बिहार और झारखंड के लघु उद्यमियों को वित्तीय समर्थन देकर इन राज्यों के विकास में मदद देने का लक्ष्य रखा गया है। सिडबी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम स्तर के उद्यमों को वित्तीय समर्थन देता है। बिहार के वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने क्षेत्रीय कार्यालय की शुरूआत पर पीटीआई-भाषा से कहा, किसी भी बैंक या वित्तीय संस्थान का बुनियादी मकसद उद्यमियों को समर्थन एवं वित्त मुहैया कराना होता है। चाहे वह शाखा हो या क्षेत्रीय कार्यालय, हमें यह देखना चाहिए कि उससे बिहार के कितने लोगों को लाभ होता है। हालांकि बिहार के पूर्व वित्त मंत्री एवं भाजपा नेता तारकिशोर प्रसाद ने पटना में सिडबी का क्षेत्रीय कार्यालय खोलने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे जमीनी स्तर पर काम कर रहे उद्यमियों को समर्थन मिलेगा।

अमेरिकी दौरे पर गोयल ने दिग्गज कंपनियों के सीईओ से की मुलाकात

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को अग्रणी वैश्विक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों और उद्योग हितधारकों के साथ मुलाकात में भारत में निवेश की व्यापक संभावनाओं और अमेरिका के साथ व्यापारिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर आए गोयल ने निवेश एवं वित्तीय क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ कई बैठकें कीं।

इनमें टिकाऊ भवन समाधान मुहैया कराने वाली कंपनी जॉनसन कंट्रोल्स के चेयरमैन एवं सीईओ जॉर्ज ओलीवर, निवेश प्रबंधन कंपनी ब्लैकस्टोन के चेयरमैन एवं सीईओ स्टीफन श्वार्जमान, मास्टरकार्ड के सीईओ माइकल मीबाक और निवेश फर्म कोल्बर्ग क्रेविस रॉबर्ट्स एंड कंपनी के सह-संस्थापक हेनरी क्रेविस शामिल हैं। इन मुलाकातों के बाद गोयल ने अपने कई ट्वीट्स में बताया कि इन दिग्गज कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ उन्होंने भारत में निवेश की संभावनाओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान कारोबार के नए क्षेत्रों की पहचान पर भी जोर दिया गया। बाद में गोयल ने अमेरिकी शेयर बाजार नैसडेक में अमेरिका-भारत कारोबार परिषद की तरफ से आयोजित एक गोलमेज बैठक में भी हिस्सा लिया। इस मौके पर गोयल ने भारत के शानदार आर्थिक कायाकल्प एवं व्यापक संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा, भारत और अमेरिका के मजबूत होते आर्थिक संबंध और बढ़ते निवेश से हमारी द्विपक्षीय साझेदारी को नई गतिशीलता मिल रही है।

इसके पहले गोयल ने उद्योग जगत, थिंक टैंक और अकादमिक जगत के प्रतिनिधियों के एक गोलमेज सम्मेलन को भी संबोधित किया। गोयल ने एक ट्वीट में कहा कि इसमें एक भरोसेमंद निवेश गंतव्य के तौर पर भारत की भूमिका और जी20 की अध्यक्षता जैसे कई बिंदुओं पर चर्चा हुई।

गोयल ने न्यूयॉर्क में स्थित टाटा इनोवेशन सेंटर का भी दौरा किया जहां पर अकादमिक एवं शोध टीमें काम करती हैं और वहां पर कई प्रौद्योगिकी कंपनियों, स्टार्टअप एवं उद्यम पूंजी फर्मों के कार्यालय मौजूद हैं।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे मजबूत

नई दिल्ली, एजेंसी

कच्चे तेल के दाम में नरमी आने से रुपया मंगलवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 18 पैसे मजबूत होकर 82.17 के भाव पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी की लगातार निकासी होने और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी का रुख रहने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हो रही है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजारों में रुपया डॉलर के मुकाबले 82.20 के भाव पर खुला और फिर यह 82.17 के स्तर पर भी पहुंच गया। इस तरह पिछले बंद भाव के मुकाबले रुपये में 18 पैसे की मजबूती दर्ज की गई। सोमवार को रुपया 82.35 प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 प्रतिशत बढ़कर 103.21 पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79.26 प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजारों से निकासी का सिलसिला जारी रखा है। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को विदेशी निवेशकों ने 203.13 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की।

पार्कप्लस ने जुटाए 140 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

कार सेवा प्रबंधन ऐप पार्कप्लस ने वित्तपोषण के नए दौर में 140 करोड़ रुपये जुटाए हैं जिसका इस्तेमाल वह अपना विस्तार 100 शहरों तक करने में करेगी। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि एपिक कैपिटल, मैट्रिक्स पार्टनर्स इंडिया और सिकोया कैपिटल इंडिया की अगुवाई में हुए वित्तपोषण के दौर में उसने 140 करोड़ रुपये का वित्त जुटाया है। इस राशि का इस्तेमाल कंपनी देश के 100 शहरों तक अपना विस्तार करने और 200 से अधिक कर्मचारियों की भर्ती पर करेगी। पार्कप्लस के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित लखोटिया ने कहा कि कंपनी पहले से ही 20 से अधिक शहरों में अपनी सेवाएं दे रही है और अगले छह-आठ महीनों में इसे 100 शहरों तक ले जाने की योजना है। यह कंपनी उपयोगकर्ताओं को वाहन पार्किंग की जगह तलाशने, ट्रैफिक चालान पर नजर रखने और फास्टैग की चार्जिंग और कार की मरम्मत जैसी सुविधाएं देती है।

नतीजों के बाद टीसीएस के शेयर तीन प्रतिशत तक गिरे

नई दिल्ली, एजेंसी

दिग्गज आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के तिमाही नतीजे निवेशकों की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाए और इसके शेयर मंगलवार को शुरूआती कारोबार में करीब तीन प्रतिशत तक गिर गए। बीएसई में टीसीएस का शेयर 2.67 प्रतिशत गिरकर 3,231 रुपये प्रति शेयर के भाव पर आ गया। इसी तरह एनएसई में भी कंपनी का शेयर 2.70 प्रतिशत गिरकर 3,230.10 के भाव पर खिसक गया।

टीसीएस के शेयर शुरूआती कारोबार में सर्वाधिक नुकसान में रहने वाले सेंसेक्स समूह के शेयर रहे। सेंसेक्स भी 437 अंक तक लुढ़कते हुए 60,310.31 अंक पर आ गया।

टीसीएस ने एक दिन पहले ही दिसंबर तिमाही के नतीजे घोषित किए थे जिसमें शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 10,846 करोड़ रुपये हो जाने की जानकारी दी गई। हालांकि लाभ मार्जिन घटने और सौदों की संख्या को लेकर कुछ नरमी देखी गई। सैमको सिक्योरिटीज की विश्लेषक उर्मी शाह ने कहा, टीसीएस के लिए अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में परिचालन आय बढ़ने के बावजूद लाभप्रदता उतनी नहीं बढ़ी है। इसके अलावा चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही पर करीबी नजर रहेगी।

मौजूदा विपणन सत्र में चार जनवरी तक 16.92 लाख टन चीनी का निर्यात

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने चालू विपणन सत्र में चार जनवरी तक 16.92 लाख टन चीनी का निर्यात किया है, जिसमें पड़ोसी देश चीन को 59,596 टन चीनी का निर्यात भी शामिल है। उद्योग निकाय एआईएसटीए ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने एक बयान में कहा कि अक्टूबर 2022 से शुरू हुए चीनी विपणन सत्र में भारत ने बांग्लादेश को 1.47 लाख टन और श्रीलंका को 82,462 टन चीनी का निर्यात किया है। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से शुरू होकर सितंबर तक चलता है। सरकार ने विपणन वर्ष 2022-23 में मई तक 60 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दी हुई है। एआईएसटीए के मुताबिक, चीनी मिलों ने मौजूदा सत्र में एक अक्टूबर, 2022 से चार जनवरी तक कुल 16,92,751 टन चीनी का निर्यात किया है। अभी 3.47 लाख टन से अधिक चीनी का लदान होना है जबकि 2.54 लाख टन चीनी रिफाइनरियों को वितरित की गई है। अब तक किए गए कुल निर्यात में से अधिकतम 1.70 लाख टन का निर्यात सोमालिया को किया गया है। उसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 1.69 लाख टन, जिबूती को 1.50 लाख टन और सूडान को 1.37 लाख टन चीनी का निर्यात किया गया है। एआईएसटीए ने कहा कि भारत ने मौजूदा विपणन सत्र में चार जनवरी तक मलेशिया को 1.36 लाख टन, इंडोनेशिया को 1.18 लाख टन और सऊदी अरब को 1.08 लाख टन का निर्यात किया है। दुनिया के प्रमुख चीनी उत्पादक देशों में से एक भारत ने विपणन वर्ष 2021-22 में 1.12 करोड़ टन चीनी का निर्यात किया था। वहीं मौजूदा सत्र में चीनी का कुल उत्पादन 3.58 करोड़ टन रहने का प्रारंभिक अनुमान लगाया गया है।

महिला अंपायर राठी, नारायणन और वेणुगोपालन ने रणजी ट्रॉफी में किया डेब्यू

नई दिल्ली (एजेंसी)। वृंदा राठी, जे नारायणन और गायत्री वेणुगोपालन मंगलवार को प्रतिष्ठित रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में पदार्पण करने वाली शुरुआती महिला अधिकारी बनीं। ये पूर्व स्कोरर, पूर्व सॉफ्टवेयर इंजीनियर और पूर्व खिलाड़ी हैं। वेणुगोपालन झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच जमशेदपुर में अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं जबकि नारायणन सूरत में रेलवे बनाम त्रिपुरा और राठी पोरवोरिम में गोवा बनाम पुडुचेरी मुकाबले में अंपायरिंग कर रही हैं। ये तीनों महिला प्रतियोगिताओं की प्रतिष्ठित अधिकारी हैं और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के महिला अंपायरों को पुरुष घरेलू प्रतियोगिताओं में मौका देने के फैसले से उन्हें रणजी ट्रॉफी में अधिकारी की भूमिका निभाने का मौका मिला है।

नारायणन 36 साल की हैं और उन्हें क्रिकेट और इससे जुड़ी सभी चीजें पसंद हैं। वह मैदान पर उतरना चाहती थी और उन्होंने अंपायर बनने के लिए तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) से भी कुछ मौकों पर संपर्क किया। इसके कुछ साल बाद राज्य संस्था ने अपना नियम बदलते हुए महिलाओं को अधिकारी की भूमिका निभाने की स्वीकृति दी जिसके बाद नारायणन ने 2018 में बीसीसीआई की लेवल दो की अंपायरिंग परीक्षा पास की और फिर अपनी सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की नौकरी छोड़कर अंपायरिंग से जुड़ी।वह 2021 में तमिलनाडु प्रीमियर लीग में भी अधिकारी की भूमिका निभा चुकी हैं। दूसरी तरफ 32 साल की राठी मुंबई में स्थानीय मैचों में स्कोरिंग करती थी। उन्होंने बीसीसीआई की स्कोरर की परीक्षा पास की। वह 2013 महिला विश्व कप में बीसीसीआई की आधिकारिक स्कोरर थी। इसके बाद वह अंपायरिंग से जुड़ी। नारायणन और राठी अनुभवी अंपायर हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने 2020 में उन्हें डेवलपमेंट अंपायरों के पैनल में शामिल किया।

दिल्ली की 43 साल की वेणुगोपालन ने क्रिकेटर बनने का सपना देखा था लेकिन कंधे की चोट ने उनका सपना तोड़ दिया। उन्होंने बीसीसीआई की परीक्षा पास करने के बाद 2019 में अंपायरिंग शुरू की। वह पहले ही रणजी ट्राफी में रिजर्व अंपायर (चौथे अंपायर) की भूमिका निभा चुकी हैं। बीसीसीआई महिला अंपायरिंग के मामले में काफी पीछे है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में पुरुष क्रिकेट में वे पहले ही अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। बीसीसीआई से पंजीकृत 150 अंपायर में सिर्फ तीन महिला हैं।

रोहित ने वनडे में हासिल की बड़ी उपलब्धि, टूटा अमला का रिकॉर्ड

गुवाहाटी (एजेंसी)। श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मैच में कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला रन उगलता दिखा। गुवाहाटी में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया को रोहित शर्मा के साथ शुभमन गिल ने तेज शुरूआत दिलाई। दोनों ने 15 ओवरों में 100 रनों का आंकड़ा पार किया। इस बीच कप्तान रोहित ने शानदार तरीके से अपना अर्धशतक भी पूरा किया, जिसके साथ ही उन्होंने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने श्रीलंकाई लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा की गेंद पर मात्र 41 गेंदों पर चौका लगाकर अपना 47वां एकदिवसीय अर्धशतक पूरा किया।

टूटा अमला का रिकॉर्ड

दरअसल, रोहित ने एक खास मामले में साउथ अफ्रीका के पूर्व ओपनर हाशिम अमला का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यह रिकॉर्ड है बतौर ओपनर वनडे की पहली 150 पारियों के भीतर सबसे ज्यादा बार 50 से अधिक का स्कोर करने का। जी हां...ऐसा 61 बार हुआ है जब रोहित ने एक सलामी बल्लेबाज के रूप में पहली 150 पारियों में सर्वाधिक 50+ स्कोर किया है। वहीं अमला ने 60 बार वनडे की पहली 150 पारियों में 50 से ज्यादा का स्कोर किया था।

एक सलामी बल्लेबाज के रूप में पहली 150 पारियों में सर्वाधिक 50+ स्कोर-

61 - रोहित शर्मा (149 पारी)*
60- हाशिम अमला
53 - सचिन तेंदुलकर
53 - शिखन धवन
52 - सौरव गांगुली

9500 रन भी किए पूरे

इसके अलावा रोहित ने अपने अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में 9500 से अधिक रन भी पूरे कर लिए हैं। रोहित ने अपने 236वें वनडे मुकाबले में इस आंकड़े को पार किया है। साथ वह भारत की ओर से वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले छठे बल्लेबाज भी हैं।

वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज-

सचिन तेंदुलकर - 18426
विराट कोहली - 12471
सौरव गांगुली - 11221
राहुल द्रविड़ - 10768
एमएस धोनी - 10599
रोहित शर्मा - 9500*

पैट कमिंस ने पूर्व पीएम से जुड़ी एक मजेदार घटना का किया खुलासा, बाद में माफी भी मांगी थी

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन से जुड़ी एक मजेदार घटना का खुलासा किया है। 29 वर्षीय ने कहा कि मॉरिसन ने उन्हें 'लीजेंड्स' नाम के एक व्हाट्सएप ग्रुप में एड किया था और वह पहले से ही इसी नाम के एक अन्य व्हाट्सएप ग्रुप का हिस्सा थे जिसमें उनके राष्ट्रीय टीम के साथी शामिल थे। दिग्गज तेज गेंदबाज ने खुलासा किया कि गलती से एक बार उन्होंने मॉरिसन को संदेश भेज दिया था। बाद में उन्होंने टेक्स्ट को तुरंत डिलीट कर दिया और इसके लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री से माफी भी मांगी। उन्होंने कहा, मैंने अपना फोन खोला और मुझे स्कॉट मॉरिसन और जस्टिन लैंगर के साथ 'लीजेंड्स' नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया है। हमारा (पहले से ही) एक व्हाट्सएप ग्रुप है, हॉफ (जोश हेजलवुड), स्टार्सी (मिशेल स्टार्क) और मैंने लीजेंड्स को कॉल किया। आशा है कि मैं गलत ग्रुप में कुछ भी नहीं भेजूंगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह एक आंकड़ा या एक तस्वीर या एक मीम या कुछ और था जो सामने आया और मैंने इसे गलत ग्रुप में भेज दिया और मुझे इसे जल्दी से हटाना पड़ा। कमिंस ने बताया जब उनसे पूछा गया कि क्या वास्तव में उन्होंने गलती से कुछ भेजा है, तो उन्होंने कहा, सॉरी पीएम। कमिंस के कुशल नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया खेल के सबसे लंबे प्रारूप में सबसे प्रभावशाली पक्षों में से एक के रूप में उभरा है। उन्होंने वेस्टइंडीज को पहली बार व्हाइट-वॉश किया और दक्षिण अफ्रीका को भी 2-0 से हराया और इसके साथ ही उन्होंने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। अब टीम फरवरी में बहुप्रतीक्षित बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत की यात्रा करेगी।

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

इंग्लैंड का ये धुरंधर पहली बार इस सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से नवाजा गया

लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड को पाकिस्तान में टेस्ट श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले हैरी ब्रूक मंगलवार को पहली बार आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने गए। महिलाओं में यह खिताब ऑस्ट्रेलिया की एशले गार्डनर ने जीता। उन्होंने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में गेंद और बल्ले से कमाल का प्रदर्शन किया था। वह इस दमदार प्रदर्शन के बूते हरफनमौला खिलाड़ियों की रैंकिंग में शीर्ष पर भी पहुंची। ऑस्ट्रेलिया ने इस श्रृंखला को 4-1 से जीता था।

दोनों खिलाड़ियों को मीडिया प्रतिनिधियों, आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल खिलाड़ियों, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और आईसीसी की वेबसाइट पर पंजीकृत प्रशंसकों के द्वारा किए गए वैश्विक मतदान के आधार पर चुना गया। पाकिस्तान में इंग्लैंड ने तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 3-0 की शानदार जीत दर्ज की और ब्रूक ने हर मैच में शतकीय पारी खेली। रावलपिंडी में उन्होंने 153 और 87 रन बनाने के बाद मुल्तान में 108 और कराची में 111 रन की यादगार पारी खेली।

ब्रूक की तरह गार्डनर ने भी पहली बार इस खिताब को अपने नाम किया है। उन्होंने भारत के खिलाफ 166.66 की स्ट्राइक रेट से 115 रन बनाए और 18.28 की औसत से सात विकेट चटकाए।

रोनाल्डो की तरह ही कई खिलाडी छोटे लीग में खेलें

पेले अमेरिकी क्लब से खेलने को थे मजबूर

रियाद (एजेंसी)। मैनचेस्टर यूनाइटेड, रियल मैड्रिड, यूवेंटस और फिर मैनचेस्टर यूनाइटेड से खेलने के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो अब सऊदी अरब के अल नासर से खेलेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रीमियर लीग के अन्य क्लब ने रोनाल्डो को अपनी टीम का हिस्सा बनाने में रूचि नहीं दिखाई थी। रोनाल्डो इतिहास में पहले खिलाड़ी नहीं है जिन्हें अपने करियर के अंतिम दौर में छोटी लीग में खेलना पड़ रहा है। उनसे पहले भी कई दिग्गज फुटबॉलर करियर के अंत में छोटे लीग का हिस्सा रहे।

वर्ल्ड चैंपियन पेले न्यूयॉर्क कॉस्मॉस से खेले- पेले- ब्राजील के पेले 3 बार वर्ल्ड कप चैम्पियन रह चुके हैं। करियर के अंत में उन्होंने अमेरिका के फुटबॉल क्लब न्यूयॉर्क कॉस्मॉस से खेला। उन्होंने इस टीम से 64 मैच में 37 गोल दागे। 1975 में न्यूयॉर्क के मैनेजर ने कहा था कि पेले अमेरिका के लिए फायदेमंद रहे।

जीको को वाइट पेले के नाम से जाना जाता है- ब्राजील के जीको को दुनिया में वाइट पेले के नाम से भी जाना जाता था। ये ब्राजील के लिए सबसे ज्यादा गोल करने की सूची में पांचवें नंबर पर है। 1991 में जीको ने जापान के क्लब काशिमा एंटलर्स से खेला। जीको को जापान में 'फुटबॉल का भगवान' माना जाता है।

जिस क्लब से खेला अब उसी के कोच बने जावी- जावी स्पेन के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक हैं। 2015 में वे कतर के क्लब अल सद्द से जुड़े। इस क्लब से खेलते हुए उन्होंने 82 मैच में 21 गोल दागे। इसके बाद 2019 से 2021 तक जावी अल सद्द के कोच बने। अभी वे स्पेनिश क्लब बार्सिलोना के कोच हैं।

यूवेंटस क्लब के बाद ऑस्ट्रेलियन लीग से जुड़े पिएरो - इटली के लिए 91 मैच खेले और वर्ल्ड कप भी जीता। 2012 में यूवेंटस छोड़ पिएरो सिडनी एफसी से जुड़े। जहां उन्होंने 2 साल में 48 मैच खेले और 24 गोल किए। पिएरो ने 2014 में भारतीय क्लब दिल्ली डायनामोज से खेला और 10 मैच में सिर्फ एक गोल करने में ही सफल रहे।

फ्रांसिसी कप्तान ह्यूगो लोरिस ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लिया

कतर फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में अर्जेंटीना से मिली थी हार

पेरिस (एजेंसी)। फ्रांस फुटबॉल टीम के कप्तान ह्यूगो लोरिस ने सोमवार को इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। 36 साल के लोरिस 16 साल तक फ्रेंच टीम के साथ जुड़े रहे। उन्होंने 2018 में विश्व कप और 2020-21 में नेशंस लीग जीता। लोरिस ने नवंबर 2008 में 21 साल की उम्र में उरुग्वे के खिलाफ एक फ्रेंडली मैच से अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था।

वह वर्ल्ड कप में फ्रांस के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने लिलियन थुरम के 142 मैचों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा था। पिछले फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में उतरने के साथ ही लोरिस ने फ्रांस के लिए 145वां मैच खेला।लोरिस की कप्तानी में फ्रांस ने 2018 फीफा वर्ल्ड कप का खिताब जीता था।

फीफा वर्ल्ड कप 2022 के फाइनल तक पहुंचा था फ्रांस- लोरिस की कप्तानी में पिछले साल कतर में हुए फीफा वर्ल्ड कप में फ्रांस की टीम फाइनल में पहुंची। हालांकि, फाइनल में उसे पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में एक्स्ट्रा टाइम तक दोनों टीमों ने 3-3 गोल करके बराबरी हासिल की थी। पेनल्टी शूट आउट में अर्जेंटीना 4 गोल करने में सफल हुई, जबकि फ्रांस की टीम 2 ही गोल कर पाई। इस तरह फ्रांस को 2-4 से हार का सामना करना पड़ा।

लगातार दो वर्ल्ड कप फाइनल खेलने वाले चौथे कप्तान- लोरिस ने अपनी कप्तानी में फ्रांस को लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचाया। वह दुनिया के चौथे कप्तान रहे जिसने यह कारनामा किया। लोरिस की कप्तानी में 2018 वर्ल्ड कप में फ्रांस विजेता रही, जबकि 2022 वर्ल्ड कप में रनरअप रही।

फ्लावर नहीं फायर हैं... कोहली का विराट शतक

विराट ने सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी की

गुवाहाटी (एजेंसी)। विराट कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ पहले एकदिवसीय में शानदार शतक जड़ा। यह श्रीलंका के खिलाफ उनकी नौवीं तो वनडे करियर की 45वीं सेंचुरी थी। 80 गेंदों में आए इस शतक के साथ विराट कोहली ने महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के एक बड़े रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। दरअसल, भारतीय सरजमीं पर मास्टर-ब्लास्टर के नाम 20 शतक थे। अब किंग कोहली भी उनके बराबर आकर खड़े हो गए हैं। सचिन ने घर में खेले गए 164 मैच में 20 शतक लगाए थे जबकि कोहली ने नाम 102 मैच में यह कीर्तिमान स्थापित किया। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 7 विकेट पर 50 ओवर में 373 रन बनाए।

लगातार दूसरा वनडे शतक

पूर्व भारतीय कप्तान ने पिछले साल के अंत में बांग्लादेश दौरे में वनडे फॉर्मेट में शतकों का सूखा खत्म किया था। नंबर 3 पर बैटिंग करते हुए उन्होंने 1214 दिन के बाद शतक लगाया था। उस सेंचुरी से पूर्व भारतीय कप्तान ने ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज रहे रिकी पोटिंग को पीछे किया था।

73वां इंटरनेशनल शतक

इंटरनेशनल सर्किट यानी टेस्ट,वनडे और टी-20 मिलाकर यह विराट कोहली के बल्ले से आया कुल 73वां शतक है। एक्टिव प्लेयर्स में कोई उनके आस-पास भी नहीं हैं। मगर ओवरऑल लिस्ट में सचिन तेंदुलकर टॉप पर हैं, जिन्होंने अपने सुनहरे करियर में 100 इंटरनेशनल शतक जमाए हैं। वनडे रिकॉर्ड की बात करें तो अब सचिन-विराट में सिर्फ 5 शतक का ही फासला रह गया है। विराट की यह 45वीं सेंचुरी है तो तेंदुलकर ने अपने करियर में 49 एकदिवसीय शतक बनाए हैं।

भारत-श्रीलंका पहला वनडे, विराट-रोहित-गिल की शानदार पारी की बदौलत 373 रन का विशाल स्कोर

भारत और श्रीलंका के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला गुवाहाटी में खेला जा रहा है। श्रीलंका के कप्तान दसुन शनाका ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। यह इस साल दोनों टीमों का वनडे फॉर्मेट में पहला मुकाबला है। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 373रन बनाए। विराट कोहली 87 गेंद पर 113 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 45वां वनडे शतक बनाया। घर में चार साल बाद कोहली के बल्ले से शतक आया है। अक्षर पटेल 9 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें चमिका करुणारत्ने ने अविष्का फर्नांडो के हाथों कैच कराया। इससे पहले हार्दिक पंड्या 14 रन, विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल 39 रन, श्रेयस अय्यर 28 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा (83 रन) ने 47वां वनडे अर्धशतक बनाया। शुभमन गिल (70 रन) ने 5वां वनडे अर्धशतक पूरा किया।

हॉकी- ओलिंपिक जैसी कामयाबी वर्ल्ड कप में नहीं

भारत अब तक सिर्फ एक बार चैंपियन बना, 48 साल से कोई मेडल नहीं

नईदिल्ली (एजेंसी)। भुवनेश्वर और राउरकेला में 13 जनवरी से 15वें हॉकी वर्ल्ड कप की शुरुआत होगी। 29 जनवरी तक खेले जाने वाले वर्ल्ड कप की मेजबानी भारत को चौथी बार मिली है। हॉकी में स्वर्णिम इतिहास के बावजूद भारत इस टूर्नामेंट में अब तक विशेष कामयाबी हासिल नहीं कर सका है। ओलिंपिक में 8 बार गोल्ड मेडल जीतने वाला भारत सिर्फ 1975 में हॉकी का वर्ल्ड चैंपियन बन पाया। तब से 48 साल बीत चुके हैं और भारत को हॉकी वर्ल्ड कप में तीसरा स्थान तक नसीब नहीं हुआ है।

जब हम खेल में कमजोर हो रहे थे तब यह टूर्नामेंट शुरू ही हुआ- वर्ल्ड कप में भारत के कमजोर प्रदर्शन के पीछे सबसे बड़ी वजह यह है कि जब इस टूर्नामेंट की शुरुआत हुई लगभग उसी समय हमारा खेल ढलान पर आने लगा था। भारत 1920 से लेकर 1960 के दशक तक हॉकी प्लेइंग कंट्रीज में सबसे मजबूत रहा था। लेकिन, 1970 के दशक से धीरे-धीरे भारतीय खेल के स्तर में गिरावट आने लगी थी। पहला हॉकी वर्ल्ड कप ही 1971 में आयोजित हुआ। पहले एडिशन में भारत ने ब्रॉन्ज जीता था। दूसरे वर्ल्ड कप में हमें सिल्वर मिला और तीसरे एडिशन में हम चैंपियन बने। इसके बाद भारत के हाथ कुछ नहीं लगा। 1998 में पहली बार पुरुष हॉकी को कॉमनवेल्थ गेम्स में शामिल किया गया। तब से सातों गोल्ड मेडल ऑस्ट्रेलिया ने ही जीते।

एस्ट्रोटर्फ ने स्थिति और भी खराब कर दी

70 के दशक में हॉकी का खेल घास के मैदान से शिफ्ट होकर एस्ट्रो टर्फ की ओर शिफ्ट होने लगा था। 80 का दशक आते-आते घास पर हॉकी का आयोजन बंद होने लगा। भारत को इसका सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। घास पर खेल धीमा होता था और ड्रिबलिंग स्किल और पासिंग का बेहतर होना ज्यादा जरूरी थी। एशियाई खिलाड़ी ड्रिबलिंग और पासिंग में माहिर थे। इसलिए जब तक खेल घास पर हुआ भारत और पाकिस्तान हॉकी में सुपर पावर बने रहे। पहले पांच वर्ल्ड कप घास के मैदान पर हुए। इनमें चार खिताब एशियाई देशों ने जीते। तीन बार पाकिस्तान चैंपियन रहा था और एक बार भारत। लेकिन, एस्ट्रो टर्फ पर हॉकी तेज होती थी।

जब आप भारतीय टीम के लिए खेलते हैं तो दबाव रहता है : श्रेयस अय्यर

गुवाहाटी (एजेंसी)। भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर का मानना है कि जब कोई राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करता है तो हमेशा दबाव होता है और वह 2023 वनडे विश्व कप रन-अप में स्पॉट के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा के बारे में चिंता करने के बजाय अपनी प्रक्रियाओं पर टिके रहना पसंद करते हैं। अय्यर ने कहा, मुझे लगता है कि जब आप भारतीय टीम के लिए खेल रहे होते हैं तो दबाव अपरिहार्य होता है, आप इसे नियंत्रित नहीं कर सकते। जितना मैं जानता हूं कि मुझे खुद पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करने की जरूरत है और प्रतियोगिता के बारे में नहीं सोचना चाहिए, मैं सिर्फ कान को बहरा कर देता हूं।% बाहर के शोरगुल और इस बात का ख्याल रखना कि मेरी दिनचर्या और प्रक्रियाएं सही हों। गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व अय्यर ने कहा, जब भी मैं मैच या मैदान पर किसी विपक्षी टीम से संपर्क करता हूं तो मैं इसी पर ध्यान देता हूं। शानदार सीजन के लिए तैयार हूं और उम्मीद करता हूं कि हमारा खेल शानदार होगा। अय्यर ने पिछले साल एकदिवसीय मैचों में शानदार प्रदर्शन किया था जिसमें 15 पारियों में 55.69 की औसत से 724 रन शामिल हैं। बीच के ओवरों में स्पिन के खिलाफ स्ट्राइक रोटेट करने और अच्छी बल्लेबाजी करने की उनकी क्षमता कुछ ऐसी है जो 2023 के एकदिवसीय विश्व कप में भारतीय पिचों पर काम आएगी। उन्होंने कहा, यह (2022) मेरे लिए रोमांचक वर्ष था और मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। मैंने निश्चित रूप से पिछले वर्ष से जो कुछ सीखा है, उस पर गौर करता हूं और एक चीज जो सामने आती है वह है धैर्य। मैं अपने शॉट चयन को लेकर कम तेजतर्रार था। उन्होंने कहा, मैं अपनी पारी की योजना बहुत अच्छी तरह से बनाता था, मेरे स्वभाव ने मुझे कठिन परिस्थितियों में ले लिया। इसलिए मैंने पिछले साल से यही विश्लेषण किया। मैंने स्थिति के अनुसार खेलने की कोशिश की और यह मेरे लिए काफी अच्छा रहा। अय्यर ने अंत में कहा कि वह गेंदबाजों का अध्ययन करता है और उनकी योजनाओं की परिकल्पना करता है, लेकिन मैदान पर अपने शॉट्स के माध्यम से सहज रूप से उन पर प्रतिक्रिया करता है। उन्होंने कहा, आपको खेल से ठीक पहले गेंदबाजों का अध्ययन करने की आवश्यकता है।

संक्षिप्त खबरें

खार्किव क्षेत्र में हवाई हमले की चेतावनी जारी

यूक्रेन के खार्किव क्षेत्र और रूस के जापोरीझिया क्षेत्र के कीव नियंत्रित हिस्से में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गयी है। रूस के क्रीमियन पुल पर यूक्रेन के आतंकवादी हमले के दो दिन बाद 10 अक्टूबर, 2022 को रूस ने यूक्रेन के बुनियादी ढांचे पर हमला करना शुरू किया। पूरे यूक्रेन में बिजली, रक्षा उद्योग, सैन्य कमान और संचार सुविधाओं पर हमले किए गए। पन्द्रह नवंबर 2022 को हमलों के बाद यूक्रेन के प्रधान मंत्री डेनिस शिम्हाल ने कहा कि देश के लगभग आधे पावर ग्रिड को सेवा से बाहर कर दिया गया था। राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने दिसंबर 2022 में कहा कि अब यूक्रेनी पावर ग्रिड को पूरी तरह से बहाल करना असंभव है।

ब्रिटेन से प्रक्षेपित वर्जिन ऑर्बिट रॉकेट उपग्रहों को तैनात करने के मिशन में रहा विफल

अंतरिक्ष में नौ उपग्रहों के पेलोड को तैनात करने के मिशन पर ब्रिटेन से प्रक्षेपित एक वर्जिन ऑर्बिट रॉकेट तकनीकी खराबी के चलते परिक्रमा की कक्षा में पहुंचने में विफल रहा। कम्पनी ने यहां जारी एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। कम्पनी ने ट्वीटर के जरिये कहा, ह्लहमें एक यान में गड़गड़ी दिखाई देती है जिसने हमें कक्षा में पहुंचने से रोक दिया है ।ह्व ह्लहम जानकारी का मूल्यांकन कर रहे हैं ।ह्व वर्जिन ऑर्बिट रॉकेट को दक्षिण पश्चिम इंग्लैंड में 747 विमान से प्रक्षेपित किया गया था।

चीन ने जवाबी कार्रवाई में दक्षिण कोरियाई लोगों के लिए वीजा निलंबित किया

चीन ने अपने देश के यात्रियों के लिए कोविड-19 जांच सियोल द्वारा अनिवार्य किए जाने के विरोध में पर्यटन या व्यापार के सिलसिले में देश आने वाले दक्षिण कोरियाई लोगों के लिए वीजा मंगलवार को निलंबित कर दिया। सियोल में चीनी दूतावास द्वारा ऑनलाइन पोस्ट किए गए एक संक्षिप्त नोटिस में कहा गया है कि यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा जब तक कि दक्षिण कोरिया देश में चीनी लोगों के प्रवेश पर अपने भेदभावपूर्ण कदमों को हटा नहीं लेता। इस संबंध में कोई अन्य विवरण नहीं दिया गया, हालांकि चीन ने उन देशों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की धमकी दी है, जिन्होंने चीनी यात्रियों के लिए पिछले 48 घंटों के भीतर की कोविड-19 जांच की नेगेटिव रिपोर्ट दिखाना जरूरी कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चीन में महामारी के दौरान आंकड़े छिपाने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि चीन में पाबंदियां हटाए जाने के बाद कोविड महामारी के मामले तेजी से बढ़ने की खबर है।

यूक्रेन में लापता दो ब्रितानी नागरिकों के परिवारों की पूरी मदद कर रही है सरकार : ब्रिटेन

ब्रिटेन के विदेश कार्यालय ने यूक्रेन में डोनबास के सोलेदार शहर के पास लापता हुए दो ब्रितानी नागरिकों के परिवारों को सहायता प्रदान कर रही है। स्थानीय अखबार द गार्डियन ने विदेश कार्यालय के प्रवक्ता के हवाले से यह जानकारी दी है। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस ने सोमवार को बताया कि दो ब्रितानी नागरिक एंड्रयू बैगशॉ और क्रिस्टोफर पैरी सोलेदार के पास से लापता हैं। अखबार ने प्रवक्ता के हवाले से कहा कि हम दो ब्रितानी पुरुषों के परिवारों की पूरी मदद कर रहे हैं, जो यूक्रेन में लापता हो गये हैं। इससे पहले, यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि यूक्रेनी सैनिकों को आट्योमीव्स्क (बखमुत) और सोलेदार के पास भारी नुकसान हो रहा है।

इजरायल की नई सरकार के साथ काम करने को अमेरिका उत्सुक

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा है कि बाइडन प्रशासन इजरायल की नई सरकार के साथ काम करने को उत्सुक है। अमेरिका अरब-इजराइल संबंधों को सामान्य बनाने का समर्थन करता है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलिवन ने कहा है अमेरिका वास्तव में इजरायल सरकार के साथ बातचीत करने का उत्सुक हैं। उन्होंने अपनी प्रस्तावित इजरायल का भी जिक्र किया। सुलिवन ने कहा है कि बाइडन प्रशासन के पास ईरान की ओर से उत्पन्न खतरे पर नई इजरायली सरकार के साथ गहराई से जुड़ने का अवसर होगा। उल्लेखनीय है कि बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड पार्टी और उसके धुर-दक्षिणपंथी तथा धार्मिक सहयोगियों ने पिछले साल यहूदी राष्ट्र में आम चुनाव में याइर लापिद को हराकर शानदार जीत हासिल की। यह नेतन्याहू का इजरायल के प्रधानमंत्री के रूप में छठा कार्यकाल है।

आर्थिक मार झेल रहे पाकिस्तान को सऊदी अरब दे सकता है 5 अरब डॉलर की मदद, क्राउन प्रिंस ने की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान आर्थिक तंगी की मार झेल रहा है। कंगाली के हालात से जूझ रहा पाकिस्तान दूसरे देशों से मदद लेता रहता है, जिसमें वह चीन और सऊदी अरब के आगे हाथ फैलाता है। देश में बनी हुई बदहाली की स्थिति को ठीक करने के लिए पाकिस्तान के नए सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर पिछले दिनों सऊदी अरब पहुंचे थे।

अब उनकी यात्रा के पीछे की मंशा स्पष्ट हो रही है या कहें की उनकी यात्रा सफल होती हुई नजर आ रही है। क्योंकि ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि सऊदी सरकार पाकिस्तान को 5 बिलियन डॉलर की आर्थिक मदद दे सकती है। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान का निर्देश एक मीडिया रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे पाकिस्तान में गल्फ किंगडम के निवेश को बढ़ाकर 10 अरब डॉलर तक पहुंचाने और देश के केंद्रीय बैंक में अपनी जमा राशि को बढ़ाकर 5 अरब डॉलर करने का अध्ययन करें।

बता दें कि चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों (जुलाई-अक्टूबर) में मुद्रास्फीति के 21-23 प्रतिशत के बीच उच्च रहने और देश के राजकोषीय घाटे के 115 प्रतिशत से अधिक बढ़ने के अनुमान के साथ पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति गंभीर विपरीत परिस्थितियों का सामना कर रहा है। सऊदी प्रेस एजेंसी ने जानकारी राज्य द्वारा संचालित सऊदी प्रेस एजेंसी ने बताया, ह्यक्राउन प्रिंस ने सिस्टर इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान में सऊदी अरब के निवेश को बढ़ाने का अध्ययन करने का निर्देश दिया है, जिसकी घोषणा पिछले साल 25 अगस्त को 10 बिलियन अमरीकी डालर तक पहुंचने के लिए की गई थी ।ह्व इसमें आगे कहा गया है कि प्रिंस मोहम्मद ने सऊदी विकास कोष (एसडीएफ) को पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक के पक्ष में खाड़ी साम्राज्य द्वारा प्रदान की गई जमा राशि को बढ़ाने का अध्ययन करने का निर्देश दिया है, जिसे पहले 2 दिसंबर, 2022 को बढ़ाकर 5 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया गया था। यह क्राउन प्रिंस और पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ के बीच मौजूदा संचार के ढांचे के भीतर आया है।

सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की सऊदी अरब यात्रा आपको बता दें कि यह विकास पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के सऊदी अरब की अपनी सप्ताह भर की यात्रा के समापन के दौरान हुआ है, जिसमें उन्होंने क्राउन प्रिंस के साथ बैठक की और दोनों देशों के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा की। पाकिस्तानी अखबार डॉन अखबार ने बताया कि 2021 में, स्टेट ऑफ बैंक ऑफ पाकिस्तान ने के साथ 3 बिलियन अमरीकी डालर प्राप्त करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसे केंद्रीय बैंक के खाते में रखा जाएगा, जिसका उद्देश्य इसके विदेशी मुद्रा भंडार में सुधार करना होगा।

बांग्लादेश: ऐतिहासिक ढाकेश्वरी मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा, मुक्त कराने की कोशिशें शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश राजधानी ढाका स्थित ऐतिहासिक ढाकेश्वरी मंदिर की जमीन को स्थानीय कट्टरपंथियों के अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिये स्थानीय हिन्दुओं ने कोशिशें शुरू की हैं। अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय कई बार सरकार से उस जमीन को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगा चुका है। बांग्लादेश पूजा उत्सव परिषद के उपाध्यक्ष मणींद्र कुमार नाथ ने बताया कि न केवल ढाकेश्वरी मंदिर बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों में फैले हिंदू समुदाय के कई धार्मिक स्थलों की जमीन पर कट्टरपंथियों ने कब्जा कर रखा है। इसे तत्काल कब्जा मुक्त किया जाना चाहिए। अति प्राचीन ढाकेश्वरी मंदिर ढाका का पहला मंदिर है। ढाकेश्वरी मंदिर के नाम से ही इसका नाम ढाका रखा गया। इस मंदिर को बांग्लादेश के राष्ट्रीय मंदिर के रूप में जाना जाता है। सेन वंश के राजा बल्लाल सेन ने 12वीं शताब्दी में इसकी स्थापना की थी। हालांकि, कई इतिहासकारों का मानना है कि इसकी वास्तुकला उस समय की निर्माण शैली से मेल नहीं खाती। ऐसे में इस मंदिर के निर्माण काल को लेकर कोई सर्वमान्य तथ्य उपलब्ध नहीं है। स्थानीय हिन्दुओं का दावा है कि खुद भगवान विश्वकर्मा ने इस मंदिर का निर्माण किया था। मंदिर में स्थापित देवी ढाकेश्वरी की 800 साल पुरानी मूल मूर्ति को देश के विभाजन के समय कोलकाता के कुमारटोली इलाके की दुर्गाचरण स्ट्रीट स्थित श्रीश्री ढाकेश्वरी माता मंदिर में लाया गया था। दंगों के दौरान देवी की प्रतिमा को संभावित हमलों से बचाने के लिए मूल प्रतिमा को 1948 में राजेंद्र किशोर तिवारी (परिवर्तित नाम प्रह्लादकिशोर तिवारी) और हरिहर चक्रवर्ती मूल ढाकेश्वरी मूर्ति को विशेष विमान से गुप्त रूप से कोलकाता ले आये थे। मूल ढाकेश्वरी मूर्ति को विशेष विमान से कोलकाता लाया गया था। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद के संयुक्त महासचिव मणींद्र कुमार नाथ ने बताया, राजा मानसिंह द्वारा स्थापित इस मंदिर के पास 1908 में भी 20 बीघा जमीन थी। अब यह घटकर साढ़े सात बीघे से थोड़ा अधिक रह गया है।

नयी इजराइल सरकार के साथ काम करने को इच्छुक, अरब-इजराइल संबंधों में सुधार का समर्थन करते है

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका में जो बाइडन प्रशासन ने कहा है कि उनका देश इजराइल की नयी सरकार के साथ काम करने को उत्सुक है और अरब-इजराइल संबंधों को सामान्य बनाने का समर्थन करता है। बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड पार्टी और उसके धुर-दक्षिणपंथी तथा धार्मिक सहयोगियों ने पिछले साल यहूदी राष्ट्र में आम चुनावों में याइर लापिद को हराकर शानदार जीत हासिल की। यह नेतन्याहू का इजराइल के प्रधानमंत्री के रूप में छठा कार्यकाल है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने न्यू मैक्सिको में संवाददाताओं से कहा, हम वास्तव में इजराइल सरकार के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। मैं इजराइल जा रहा हूं और जब मैं जाऊंगा तो बातचीत का एक महत्वपूर्ण विषय होगा। उन्होंने कहा कि बाइडन प्रशासन के पास ईरान की ओर से उत्पन्न खतरे पर नयी इजराइली सरकार के साथ गहराई से जुड़ने का अवसर होगा। सुलिवन ने कहा, ह्यह्यहमारे पास शुरूआती महीनों के लिए प्रधानमंत्री नेतन्याहू थे, फिर प्रधानमंत्री (नफ्ताली) बेनेट आए और फिर प्रधानमंत्री लापिद आए। उन तीनों पुरुषों में एक बात समान थीः उनमें से कोई भी जेसीपीओए को पसंद नहीं करता था। तीनों ने दृढ़ता से ईरान नीति पर निकटता से समन्वय करने की आवश्यकता को महसूस किया और मुझे लगता है कि मौजूदा प्रधानमंत्री नेतन्याहू अपने इस कार्यकाल में कोई अपवाद नहीं होंगे। संयुक्त कार्य योजना (जेसीपीओए) जिसे आम तौर पर ईरान परमाणु समझौते या ईरान समझौते के रूप में जाना जाता है, पर सहमति 14 जुलाई, 2015 को ईरान और यूरोपीय संघ के साथ पी5 प्लस 1 समूह के देशों के बीच बनी थी। पी5 प्लस वन समूह में संयुक्त राष्ट्र में सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी देश चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका तथा जर्मनी हैं।

ईरान परमाणु समझौते से हटने का ट्रंप प्रशासन का फैसला बड़ी रणनीतिक भूलः अधिकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका में एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन का ईरान परमाणु कार्यक्रम पर एक महत्वपूर्ण समझौते जेसीपीओए से हटने का फैसला हाल के वर्षों में अमेरिकी विदेश नीति की सबसे बड़ी रणनीतिक भूलों में से एक है। संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) को आमतौर पर ईरान परमाणु समझौते या ईरान समझौते के रूप में जाना जाता है। इस पर सहमति 14 जुलाई, 2015 को ईरान और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ ह्यपी5 प्लस 1 समूह के बीच वियना में बनी थी। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने सोमवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह (राष्ट्रपति जो बाइडन) प्रशासन जेसीपीओए से हटने के पिछले प्रशासन के निर्णय पर विचार कर रहा है, जो हाल के वर्षों में अमेरिकी विदेश नीति की सबसे बड़ी रणनीतिक भूलों में से एक है। ह्यपी5 प्लस 1 समूह में सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका तथा जर्मनी शामिल हैं, जिन्होंने बराक ओबामा प्रशासन के दौरान ईरान के साथ एक समझौता किया था। प्राइस ने कहा कि अमेरिका के लिए जेसीपीओए को एक राजनयिक व्यवस्था तक पहुंचाने में सक्षम होने का कारण यह था कि उसने ईरान पर महत्वपूर्ण आर्थिक दबाव बनाने के लिए दुनिया भर के सहयोगियों और भागीदारों के साथ काम किया। उन्होंने कहा जो अंततः ईरान को वार्ता की मेज पर लाया, वह शासन की ओर से मानसिकता में एक रणनीतिक परिवर्तन कतई नहीं था। मुझे लगता है, कि यह एक अहसास था कि वे जबरदस्त आर्थिक दबाव में हैं। और उस समय उनका परमाणु कार्यक्रम ही एक रणनीतिक दायित्व था। प्राइस के अनुसार, हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान तब तक दबाव महसूस करता रहे जब तक कि वह रास्ता नहीं बदलता। उन्होंने कहा अब आप ऐसा कर सकते हैं क्योंकि पिछले प्रशासन ने अधिकतम दबाव की रणनीति के साथ ऐसा करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा ह्ययह स्पष्ट रूप से बेअसर रहा। इतिहास हमें सिखाता है कि आर्थिक दबाव सबसे ज्यादा प्रभावी होता है।

नासा की तकनीकी कमान भारतवंशी को सौंपी गयी, एसी चारणिया बने चीफ टेक्नोलॉजिस्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) की तकनीकी कमान एक भारतवंशी को सौंपी गयी है। भारतीय मूल के वैज्ञानिक एसी चारणिया को नासा का चीफ टेक्नोलॉजिस्ट बनाया गया है।

उन्होंने समारोह पूर्वक नए दायित्व की शपथ लेकर काम संभाला। नासा ने अपनी तकनीकी कमान भारतीय अमेरिकी एयरोस्पेस विशेषज्ञ एसी चारणिया को सौंपी है। वह प्रौद्योगिकी नीति और अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर नासा चीफ बिल नेल्सन के प्रमुख सलाहकार के रूप में काम करेंगे। नासा की ओर से जारी बयान में कहा गया कि एसी चारणिया नासा के छह मिशनों की जरूरतों के साथ एजेंसी के प्रौद्योगिकी निवेश का काम देखेंगे। साथ ही संघीय एजेंसियों, निजी क्षेत्र और बाहरी शेयरहोल्डर्स के साथ प्रौद्योगिकी सहयोग की देखरेख करेंगे। इस घोषणा के बाद चारणिया ने एक समारोह में शपथ लेकर नया दायित्व संभाल लिया।

उन्होंने भी सोशल मीडिया पर अपने नए दायित्व की जानकारी दी। चारणिया ने कहा कि 21वीं सदी में हम जिस तरह की प्रगति चाहते हैं, वह हमारे अभियानों को निष्पादित करने के लिए टेक्नोलॉजी के साथ उपयुक्त पोर्टफोलियो को चुनने पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि नासा के भीतर और बाहर अविश्वसनीय अवसर हैं। वे अब अंतरिक्ष और विमानन प्रगति को बढ़ाने के लिए काम करने का इंतजार कर रहे हैं। नासा में शामिल होने से पहले चारणिया अमेरिका में ही रिलायबल रोबोटिक्स कॉरपोरेशन में उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। इसके अलावा इसके अलावा उन्होंने एयरोस्पेस कंपनी ब्लू ओरिजिन के ब्लू मून लूनर लैंडर कार्यक्रम और नासा के साथ कई टेक्नोलॉजी अभियानों पर काम किया है। इसके अलावा चारणिया ने स्पेस टूरिज्म कंपनी वर्जिन गैलेक्टिक (अब वर्जिन ऑर्बिट) के लॉन्चरवन स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल प्रोग्राम के लिए रणनीति और बिजनेस डेवलपमेंट में भी काम किया है।

चारणिया ने जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में स्नातक और मास्टर डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने एमोरी विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र व गणित में स्नातक की डिग्री भी ली है। चारणिया से पहले नासा के चीफ टेक्नोलॉडिस्ट का दायित्व कार्यवाहक रूप से भारतवंशी भव्या लाल संभाल रही थीं। भव्या लाल ने कहा कि नासा के हर मिशन में तकनीक की भूमिका अहम रहती है। ऐसे में वे तेजी से बदलते प्रौद्योगिकी सेक्टर के प्रबंधन में अनुभवी एसी चारणिया को नासा में काम करते देखने के लिए उत्सुक हैं।

चीन को रास नहीं आई ऑस्ट्रेलिया-जापान दोस्ती, द्वितीय विश्व युद्ध की याद दिला

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया और जापान के बीच दोस्ती की पहल चीन को पसंद नहीं आ रही है। इससे खीजे चीन ने ऑस्ट्रेलिया को द्वितीय विश्व युद्ध की याद दिला दी है। जानकारी के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में जापान के साथ सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। जापान को सामान्यतः हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रतिद्वंद्वी के तौर पर देखा जाता है। ऐसे में जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए सुरक्षा समझौते को भी प्रशांत क्षेत्र में चीन को सीमित करने के प्रयास के रूप में परिभाषित किया जा रहा है। यही कारण है यह समझौता चीन स्वीकार नहीं कर पा रहा है। भड़के चीन ने ऑस्ट्रेलिया को द्वितीय विश्व युद्ध तक की याद दिला दी है। चीन ने मंगलवार को कहा है कि जापान से दोस्ती करने से पहले ऑस्ट्रेलिया को द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के युद्ध अपराधों को याद रखना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया में चीन के राजदूत जिओ कियान ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ऑस्ट्रेलिया पर जापानी हमलों को देखते हुए सरकार को जापान पर भरोसा करने के बारे में सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान ने ऑस्ट्रेलिया पर आक्रमण किया था और डार्विन पर भारी बमबारी की थी। जापान ने उस दौरान ऑस्ट्रेलियाई लोगों को मार डाला था और ऑस्ट्रेलियाई युद्ध बंदियों को गोली मार दी थी। चीनी राजदूत यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा कि चीन ऑस्ट्रेलिया का मित्र रहा है। जापान से दोस्ती से पहले उसे सोचना चाहिए कि भविष्य में क्या हो सकता है और इसके बारे में सावधान रहना चाहिए। जब कोई आपको धमकी देता है, तो वह आपको फिर से धमकी दे सकता है। इससे पहले भी चीन और ऑस्ट्रेलिया के बीच विवाद हो चुका है। यह विवाद 2020 में चरम पर था, जब चीन ने जौ और शराब जैसे प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई निर्यात पर टैरिफ को खत्म कर दिया था। इसके अलावा ऑस्ट्रेलियाई कोयले के आयात को रोक दिया। एक समय तो चीनी सरकार के मंत्रियों ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों के फोन तक उठाने से मना कर दिया था।

ब्राजील की सड़कों पर गूंजा माफी नहीं का नारा, दंगाइयों को जेल भेजने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

ब्राजील की सड़कें उस समय कोई माफी नहीं, कोई माफी नहीं, कोई माफी नहीं के नारों से गूंज उठीं जब सैकड़ों लोग देश के लोकतांत्रिक संस्थानों पर हुए हमलों के विरोध में उतर आए और दंगाइयों को जेल भेजने की मांग करने लगे।

ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के समर्थकों ने रविवार को राजधानी में उच्चतम न्यायालय, राष्ट्रपति भवन और अन्य संस्थानों पर धावा बोला दिया था, जिसके विरोध में सोमवार को लोग सड़कों पर उतार आए और दंगाइयों को सजा देने की मांग करने लगे। साओ पाउलो विश्वविद्यालय के लॉ कॉलेज के खचाखच भरे हॉल में सोमवार दोपहर को केवल यही नारा गूंजा। साओ पाउलो में मौजूद बेट्टी आमीन (61) ने कहा, इन लोगों को सजा मिलनी चाहिए, जिन लोगों ने इसके आदेश दिए, उन्हें भी सजा मिलनी चाहिए, जिसने इसके लिए पैसा मुहैया कराया, उन्हें भी सजा दी जानी चाहिए।

आमीन की शर्ट पर लिखा था, लोकतंत्रङ्क वह ब्राजील का नेतृत्व नहीं करते। हम ब्राजील का नेतृत्व करते हैं? जवाबदेही तय करने की इन लोगों की मांग ने उस ह्यमाफी कानूनह्ल की यादें ताजा कर दीं, जिसने देश की 1964-85 की तानाशाही के दौरान दुर्व्यवहार और हत्या के आरोपी सैन्य सदस्यों को संरक्षण दिया था।

2014 में एक आयोग की रिपोर्ट ने इस बात पर बहस छेड़ दी थी कि ब्राजील, उस शासन की विरासत से कैसे जकड़ा हुआ है। ब्रासीलिया विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर लुइस फेलिप मिगुएल ने माफी नहीं शीर्षक से प्रकाशित एक लेख में लिखा, सजा देने से इनकार फिलहाल तनाव से बचा सकता है, लेकिन यह अस्थिरता को कायम रखता है। लेख में कहा गया, यह सबक हमें सैन्य तानाशाही के अंत से सीखना चाहिए था, जब ब्राजील ने शासन के हत्यारों और अत्याचारियों को दंडित नहीं करने का विकल्प चुना था।

संघीय पुलिस के प्रेस कार्यालय ने द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि बल ने कम से कम 1,000 लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाने की योजना बनाई है और उन्हें पास की पपुडा जेल में स्थानांतरित करना शुरू कर दिया है। राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा के प्रशासन ने कहा कि यह महज शुरूआत मात्र है।

ब्राजील के लोकतांत्रिक संस्थानों पर हुए हमलों की अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको ने निंदा की है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार को जारी एक संयुक्त बयान में कहा, कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका, ब्राजील के लोकतंत्र पर और सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण पर आठ जनवरी को हुए हमलों की निंदा करते हैं। हम ब्राजील के साथ खड़े हैं क्योंकि यह अपने लोकतांत्रिक संस्थानों की रक्षा करता है।

मेक्सिको में मौजूद नेताओं ने एक बयान में कहा, हमारी सरकारें ब्राजील के लोगों की स्वतंत्रता की इच्छा का समर्थन करती हैं। हम राष्ट्रपति लूला के साथ काम करने के लिए तत्पर हैं।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा था कि सभी को लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया था , ब्रासीलिया में सरकारी संस्थानों के खिलाफ दंगे व तोड़फोड़ की खबरों से बहुत चिंतित हूं। सभी को लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करना चाहिए। हम ब्राजील के प्राधिकारियों को पूरा समर्थन देते हैं।

सऊदी अरब : कोविड पूर्व के स्तर की ओर लौट रही है हज यात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

कोरोना वायरस महामारी को लेकर चिंताओं के कारण लगाई गई पाबंदियों को कम किए जाने के बाद सऊदी अरब में वार्षिक हज यात्रा के इस साल महामारी पूर्व के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस्लाम में हज सभी सक्षम मुसलमानों के लिए उनके जीवन में एक बार आवश्यक है। यह दुनिया के लोगों के सबसे बड़े जमावड़े में से एक का प्रतिनिधित्व करता है। महामारी से पहले, हजयात्रा के लिये हर साल इस्लाम में पवित्र माने गए शहर मक्का में लाखों लोग जुटते थे। वर्ष 2019 में 24 लाख लोगों ने वार्षिक यात्रा में हिस्सा लिया था लेकिन 2020 में महामारी के कारण लगाए गए लॉकडाउन के चलते सऊदी अरब ने हजयात्रियों की संख्या को सिर्फ 1000 तक सीमित कर दिया। यह कदम अभूतपूर्व था क्योंकि 1918 की फ्लू महामारी के दौरान भी ऐसा नहीं किया गया था जब दुनिया भर में करोड़ों लोगों की जान बीमारी से चली गई थी। वर्ष 2021 में सऊदी अरब के करीब 60 हजार निवासियों को हज यात्रा की इजाजत दी गई। पिछले साल करीब 10 लाख लोगों ने वार्षिक धार्मिक यात्रा की। लाल सागर के बंदरगाह शहर जेद्दा में हज के बारे में सोमवार रात एक सम्मेलन में सऊदी हज और उमराह मंत्री तौफीक बिन फवजान अल-रबिया ने प्रतिबंधों को हटाने की घोषणा की। राज्य द्वारा संचालित सऊदी प्रेस एजेंसी के अनुसार अल-रबियाह ने कहा, ह्लमैं इस बैठक में आपके लिए दो अच्छी खबरें लेकर आया हूं। पहलाः तीर्थयात्रियों की महामारी पूर्व संख्या की वापसी बिना उम्र संबंधी किसी प्रतिबंध के। उन्होंने कहा, ह्लऔर दूसराः दुनिया भर के किसी भी हज मिशन को किसी भी लाइसेंस प्राप्त कंपनी से करार की अनुमति देना जो उन देशों के तीर्थयात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करती हो। हाल के वर्षों में केवल 18 से 65 वर्ष की आयु के लोग ही हज में शामिल हो सकते थे। सऊदी अरब ने यह भी सीमित कर दिया था कि कौन सी निजी कंपनियां हज के लिए यात्रा की व्यवस्था कर सकती हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555